kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-103 | बुधवार, 14 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।
जगदीप धनखड़


मजीठा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हुई 11

गौमुख ग्लेशियर बना पर्यटकों का पसंदीदा स्थल 12


## संक्षेप

### देवरिया के सड़क घोटाले में सहायक अभियंता भी निलंबित

**लखनऊ।** देवरिया के सड़क निर्माण में गड़बड़ी मामले में जेई के बाद सहायक अभियंता पर भी गाज गिरी है। वहां निर्मित हो चुकी सड़क के लिए 6.08 करोड़ रुपये का बजट मांगने वाले सहायक अभियंता सुधीर कुमार को निलंबित कर दिया गया है जबकि अधिशासी अभियंता अनिल कुमार जाटव के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के तहत जांच के आदेश दिए गए हैं। इस जांच में दोषी मिलने पर बर्खास्तगी तक का प्रावधान है। मामला देवरिया में कप्तानगंज-हाटा-गौरीबाजार रुद्रपुर मार्ग के निर्माण से जुड़ा है।

### लखनऊ चिड़ियाघर एक हफ्ते के लिए बंद

**लखनऊ।** गोरखपुर के प्राणि उद्यान में बर्ड फ्लू से बाघिन की मौत के बाद लखनऊ चिड़ियाघर को भी फिलहाल एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। यहां 20 मई तक बंदी की जानकारी दी गई है। साथ ही चिड़ियाघर के सभी वन्य जीवों के स्वास्थ्य की जांच शुरू कर दी गई है। लखनऊ चिड़ियाघर में वर्तमान में 998 वन्य जीव हैं। इनमें रॉयल बंगाल टाइगर, व्हाइट बंगाल टाइगर, एशियन लॉयन, लेपर्ड और पैंथर्स भी शामिल हैं। इनके अलावा 67 प्रजातियों की 700 मछलियां, 74 तरह की तितलियां हैं। लखनऊ चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार मुख्य वन संरक्षक ने बंदी का आदेश जारी किया है।

### निजीकरण का टेंडर निकला तो बिना नोटिस आंदोलन

**लखनऊ।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल बिजली कंपनियों के निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मियों का आंदोलन जारी है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने 14 मई से कार्य आंदोलन शुरू करने की बात कही है। वहीं पावर कारपोरेशन पर गलत प्रेसनोट जारी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे बिजलीकर्मियों में गुस्सा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि निजीकरण का टेंडर निकला तो बिना किसी और नोटिस के बिजलीकर्मी आंदोलन शुरू कर देंगे, जिसकी जिम्मेदारी कारपोरेशन प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति की मंगलवार को हुई बैठक में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा 12 मई की वार्ता का पूर्णतया असत्य और भ्रामक प्रेस नोट जारी करने पर आक्रोश व्यक्ति किया गया। संघर्ष समिति ने इस संबंध में कारपोरेशन के चेयरमैन को पत्र भेजकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और कहा है कि वार्ता के समुचित वातावरण के लिए आवश्यक है कि भविष्य में इस प्रकार के प्रेस नोट जारी न किए जाएं। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के विरोध में प्रदेश के समस्त ऊर्ज़ा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंता 14 मई से नियमानुसार कार्य आंदोलन करेंगे। कार्य आंदोलन के तहत बिजली कर्मी अपने लिए निर्धारित कार्य की अवधि में ही कार्य करेंगे।

# दुस्साहस करने पर पाकिस्तान को मिट्टी में मिला देंगे : मोदी

## ऑपरेशन सिंदूर की गूंज दुनिया भर में, हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायु सेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयौद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था।

श्री मोदी ने वायु यौद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई



❐ पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें, घर में घुसकर मारेंगे

आतंकी हमला होगा तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा, एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और आपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नार्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिये हैं । यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूकलियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नये रूप को देखते हुए आगे बढेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा जब हमारे वीर जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूकलियर ब्लेकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय । श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरू गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचलकर दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आये थे लेकिन वे भूल गये कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ अधिक ● शेष पेज 11 पर

# ‘ट्रंप नहीं, भारतीय सैन्य ताकत के कारण ही पाकिस्तान घुटने पर आया’

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के पीछे परमाणु युद्ध की आशंका और व्यापार बंद करने की धमकी को कारण बताये जाने को आज खारिज कर दिया तथा जम्मू कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने की मंशा को भी अस्वीकार कर दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला पाकिस्तान की पहल पर दोनों देशों ने द्विपक्षीय रूप से लिया है और इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। यह सिर्फ भारतीय सैन्य कार्रवाई की ताकत से संभव हो पाया।

श्री जायसवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रंप की टिप्पणियों पर पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि 07 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच सैन्य स्थिति पर बातचीत होती रही। इनमें से किसी भी



चर्चा में व्यापार संबंधी कोई मुद्दा नहीं उठा। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा परमाणु युद्ध संबंधी आशंका के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक रूप से हुई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि पाकिस्तान की नेशनल कमांड अथॉरिटी 10 मई को बैठक करेगी। लेकिन बाद में उन्होंने इसका खंडन किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने खुद रिकॉर्ड पर परमाणु पहलू से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु हमले की धमकी या ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा या इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवाद को संचालित करने की अनुमति नहीं देगा। विभिन्न देशों के ● शेष पेज 11 पर

### कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं: भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत एवं पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने संबंधी बयान को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय तरीके से हल करने की नीति है और दोनों के बीच एक ही मुद्दा लंबित है कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए गये भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति के जम्मू-कश्मीर को लेकर की गयी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमारा लम्बे अरसे से यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जैसा कि आप जानते हैं, लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। श्री जायसवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत की नीति किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की नहीं है।

# संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि संभल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था।



न्यायालय ने संभल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया। यह पुनरीक्षण याचिका उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद की गई, जिसमें संभल की दीवानी अदालत के समक्ष पूरी कार्यवाही के साथ मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया है कि मुकदमा 19 ● शेष पेज 11 पर

# सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 20,95,467



उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा । केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के ● शेष पेज 11 पर

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकवादियों को ढेर किया

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराया है।

भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में उन्होंने तलाश अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा, ‘‘अभियान के दौरान, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया। तलाश अभियान के दौरान, आतंकवादियों ने सेना पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका जवानों ने माकूल जवाब दिया और तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता ● शेष पेज 11 पर

# न्यायमूर्ति खन्ना कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद वह कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई बुधवार को शीर्ष अदालत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने मीडिया और सहकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा... लेकिन शायद कानून के क्षेत्र में कुछ करूंगा।

अपने तीन दशक से अधिक लंबे न्यायिक करियर को औपचारिक रूप से अलविदा कहते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि गैर-आधिकारिक क्षमता में ही सही, वह कानूनी क्षेत्र के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता का पालन करते रहेंगे। उन्होंने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों से निपटने के बारे में बताते हुए न्यायिक ईमानदारी



और तर्कसंगत निर्णय पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए। हम सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को देखते हैं और तर्कसंगत तरीके से मुद्दे का फैसला करते हैं। फिर भविष्य आपको बताता है कि आपने जो किया वह सही था या नहीं। न्यायमूर्ति खन्ना का जन्म 14 मई, 1960 को हुआ था। वह एक ऐसे परिवार से आते हैं, जिसकी कानूनी विरासत बहुत अच्छी है। उनके पिता देव ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने उत्तर-दक्षिण कॉरीडोर के लिए मुख्यमंत्री ने मांगी विस्तृत कार्ययोजना

# यूपी की कनेक्टिविटी को नया आधार देगा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर: योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अधिकांश राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पूर्व-पश्चिम दिशा में केंद्रित हैं, ऐसे में अब आवश्यकता है कि नेपाल सीमा से लेकर प्रदेश के दक्षिणी छोर तक फैले जिलों को जोड़ने वाला एक सुदृढ़ उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर तैयार किया जाए। इस उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के अंतर्गत आने वाले हिस्सों में एनएचएआई का सहयोग लिया जाए और शेष मार्गों का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा चौड़ीकरण राज्य स्तर पर कराया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां ग्रीनफील्ड रोड परियोजनाएं प्रस्तावित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल उत्तर प्रदेश को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ेगा, बल्कि सीमावर्ती जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री, जैसे सीमेंट, सरिया आदि, यथासंभव उत्तर प्रदेश की इकाइयों से ही ली जाए, बशर्ते कि वे गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरती हों। मुख्यमंत्री ने विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा कि वार्षिक कार्ययोजना बनाते समय प्रदेश के सभी जनपदों और विधानसभाओं को समवेत रूप से लाभ पहुंचे और विकास में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न न हो। किसी भी परियोजना को प्रारंभ करने से पहले उसकी उपयोगिता, संभावित प्रभाव और स्थानीय जनता पर उसके असर का समुचित अध्ययन किया जाना चाहिए।

उन्होने शहरी क्षेत्रों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए बाईपास, रिंग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निकायों में यातायात की सुगमता सुनिश्चित



करने वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। साथ ही, उन्होंने सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि इस विषय में परिवहन, लोक निर्माण और पुलिस विभाग को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप डिज़ाइन में बने, सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, और राज्य मार्गों को न्यूनतम 10 मीटर चौड़ा किया जाए। ग्रामीण कनेक्टिविटी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की निधियों का बेहतर उपयोग करते हुए गांवों को भी अच्छी सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि प्रदेश में पुलों और रेल ओवरब्रिजों (आरओबी) के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की गई हैं। प्रयागराज में गंगा नदी पर सलोरी से झूंसी को जोड़ने वाला नया पुल और नैनी पुल के समानांतर प्रस्तावित नया पुल, तथा वाराणसी में मालवीय सेतु के डाउन स्ट्रीम में प्रस्तावित रेल कम रोड ब्रिज, यातायात और कनेक्टिविटी की अहम आवश्यकता को पूरा करेंगे। इन योजनाओं में आवश्यकता अनुसार भारत सरकार से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की सतत निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए योगी ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पर उत्तरदायित्व तय किया जाए और तकनीकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। सभी कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। धार्मिक स्थलों तक सुविधाजनक और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। उन स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां प्रतिवर्ष पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। इन स्थानों को जोड़ने वाले 272 मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और विकास के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनका चयन इस प्रकार किया गया है कि भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न्यूनतम हो और कार्य शीघ्रता से पूर्ण हों। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों की ● शेष पेज 11 पर

# गोरखपुर विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता अंतरराष्ट्रीय छात्रों का विविधतापूर्ण रुझान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कुलपति प्रो. पूनम टंडन के दूरदर्शी नेतृत्व में, विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत की है।**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में एक उभरता हुआ नाम बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय को विश्वभर से छात्रों का आकर्षण मिल रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय आवेदनों में तेजी और वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियों के विस्तार ने इसे वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थान दिलाया है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन के दूरदर्शी नेतृत्व में, विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत की है। भारत सरकार के स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम–जो शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है–में विश्वविद्यालय की सक्रिय भागीदारी ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए इसे एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है। यह पहल गुणवत्ता युक्त शिक्षा, सांस्कृतिक विविधता और किफायती लागत का एक संतुलन प्रदान करती है।इस वर्ष गोरखपुर विश्वविद्यालय को स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम के तहत 11 देशों से कुल 120 अंतरराष्ट्रीय आवेदन प्राप्त हुए हैं, साथ ही 43 पीएच.डी. आवेदनों की भी पुष्टि हुई है।

## देशवार आवेदन का विवरण

बांग्लादेशः 88, नेपालः 16, नाइजीरिया, 4 दक्षिण सूडान 2, यमन 2 , स्वाज़ीलैंड 2 , घाना 2, अफगानिस्तान 1, लाइबेरिया 1, ईस्ट तिमोर 1, जाम्बिया 1, इन छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में आवेदन किया है, जो विश्वविद्यालय की बहु-विषयक अपील को दर्शाता है। कार्यक्रमवार वितरण निम्नलिखित है। इंजीनियरिंग 62, कृषिः 17, विज्ञान 15, वाणिज्य 12, कला 9, बीसीए (कंप्यूटर अनुप्रयोग) 5 ,विशेष रूप से, पीएच.डी. कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, 43 अंतरराष्ट्रीय छात्र पीएच.डी. में प्रवेश ले चुके हैं, जिनमें से 41 नेपाल से और 2 अमेरिका से हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ , जो कुलपति प्रो. पूनम टंडन के मार्गदर्शन में कार्यरत है, ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभिन्न दूतावासों, उच्चायोगों और वाणिज्य दूतावासों के साथ समन्वय, वेबिनार, प्रचार सामग्री वितरण और व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से, प्रकोष्ठ ने प्रवेश प्रक्रिया को सुगम और प्रभावी बनाया है। अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. रामवंत गुप्ता ने जानकारी दी कि ल्लपिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कुल आवेदन 82 से बढ़कर 163 हो गए हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा केवल छात्रों की रुचि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और मूल्यांकनों में भी परिलक्षित हो रही है। इनमें शामिल हैं, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग मान्यता संस्थागत रैंकिंग नेचर इंडेक द्वारा प्रदत्त श्रेणी-क्र विश्वविद्यालय का दर्ज़ा एक दूरदर्शी भविष्य की ओरकुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा,ल्लहम एक समावेशी और वैश्विक दृष्टिकोण वाली विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंतरराष्ट्रीय छात्रों की बढ़ती रुचि हमारे इस दृष्टिकोण को सशक्त करती है कि हम एक ऐसे शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करें जो सीमाओं से परे हो। विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे, अनुसंधान-उन्मुख शिक्षकों और समग्र शैक्षणिक वातावरण के साथ, डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय वैश्विक शिक्षा परिदृश्य में भारत के सबसे गतिशील सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में अपनी विशेष पहचान बना रहा है।

# सोनवाल में डेढ़ साल से कोटेदार पद खाली परेशान ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज (मिठौरा)। ब्लॉक मिठौरा के अंतर्गत ग्राम सभा सोनवाल के ग्रामीणों ने राशन कोटेदार के चयन में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई है। ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए जल्द से जल्द कोटेदार चयन की मांग की है।बताया गया कि ग्राम सभा सोनवाल में कोटेदार की मृत्यु हुए लगभग डेढ़ साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नए कोटेदार का चयन नहीं किया गया है।

इससे ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपने गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाकर राशन लेना पड़ता है।ग्रामवासियों का कहना है कि इस समस्या के कारण मजदूर वर्ग को तीन-चार दिन की मजदूरी छोड़कर राशन लेने जाना पड़ता है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीएसओ राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं और जानबूझकर कोटेदार चयन में देरी कर रहे हैं।जब इस संबंध में डीएसओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और एसडीएम द्वारा ब्लॉक मिठौरा को कोटेदार चयन हेतु निर्देशित किया गया है।

## किन्नर पर हमला, गुस्साए किन्नरों ने जमकर किया हंगामा

गोरखपुर । मंगलवार को एक किन्नर पर जानलेवा हमला हुआ जिसके बाद किन्नर समुदाय में तनाव फैल गया। घायल सीमा किन्नर को अस्पताल रेफर किया गया। नई बाजार चौकी पर किन्नरों ने आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ हंगामा किया। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।*?झंगहा के नई बाजार चौकी पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप**?घंटे तक नई बाजार पुलिस चौकी को घेर कर बैठी रही किन्नर बिरादरी, दो आरोपी हिरासत में*झंगहा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह किन्नर समुदाय में उस वक्त तनाव भड़क गया जब एक किन्नर पर जानलेवा हमला किया गया। घायल सीमा किन्नर को ब्रह्मपुर पीएचसी से सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इस घटना के बाद नई बाजार चौकी पर भारी संख्या में पहुंचे किन्नरों ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए घंटों तक हंगामा किया। अंततः झंगहा पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। घटना सुबह करीब 8 बजे की है। दुबौली चौराहे के पास रहने वाली वैशाली किन्नर के घर के सामने सीमा किन्नर पर कुछ युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार रात बगल में तिलकोत्सव कार्यक्रम के दौरान किन्नरों से कुछ युवकों ने छेड़खानी की थी।ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया, लेकिन इसी रंजिश में अगली सुबह हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल सीमा किन्नर को पहले ब्रह्मपुर पीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हमले की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में किन्नर अस्पताल और फिर नई बाजार चौकी पहुंच गए। और हंगामा करने लगे।

## गोरखपुर दक्षिणांचल में जोरदार विस्फोट जैसी आवाज, लोगों में दहशत

गोरखपुर। दक्षिणांचल के जानीपुर खजनी, बेलघाट, सिकरीगंज बाँसगांव और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार लगभग 9 बजे एक भयंकर धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी। यह आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने बताया कि आवाज के साथ उनके मकानों तक में कंपन महसूस हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आवाज कुछ क्षणों के लिए इतनी जोरदार थी कि धरती कांपती हुई महसूस हुई। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आवाज किस कारण से हुई। क्षेत्र में किसी तरह की दुर्घटना, विस्फोट या वायुसेना की गतिविधि की पुष्टि नहीं हो पाई है।स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना को लेकर लोगों में भय और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। क्या हुआ, कैसे हुआ, और क्यों हुआ ऽ ये सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।

## मदर्स डे पर माताओं को किया गया सम्मानित






नानपारा, बहराइच। मिहींपुरवा रोड पर संचालित रियान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों की माताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें नृत्य, गीत एवं कविताओं के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम और आदर व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्धसमिति की सना हुसैन एवं प्रधानाचार्य सीमाब जहां द्वारा द्वारा माताओं को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमाब जहां ने कहा कि यह दिन माताओं के योगदान को सराहने का एक प्रयास है। उन्होंने सभी माताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके सहयोग और त्याग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को जलपान कराया गया और उपस्थित माताओं ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना की। इस मौके पर सबीहा अंसारी रईसा, प्रीति नाजिया, रीना, ज्योत्सना समेत अन्य लोग शामिल थे।

# देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकारों का हुआ सम्मान मीडिया की भूमिका पर हुआ विचार

**संचार और समाज निर्माण के पुरोधा हैं नारद मुनिः सुरजीत**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग द्वारा ब्लॉक सभागार में देवर्षि नारद जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में सह प्रांत प्रचारक सुरजीत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नारद जी को भक्ति, संवाद और धर्म प्रचार के अग्रदूत बताते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता को भी इसी भावना से समाज सेवा में लगना चाहिए।सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने मीडिया को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया और कहा, ''मीडिया सिर्फ सूचना नहीं देता, यह समाज को दिशा भी देता है। आज आवश्यकता है सकारात्मक और राष्ट्रहित में संवाद की।''इस अवसर पर मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कुल 42 पत्रकारों को अंगवस्त्र और श्रीरामलला जी का चित्र देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप सेःविश्व दीपक त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, मनोज त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, शैलेश पांडे, यादवेंद्र चतुर्वेदी, अमृत जायसवाल, अमितेश त्रिपाठी, अनुज शुक्ला, सुनील पाठक, जाकिर हुसैन, सुरेंद्र प्रजापति, राकेश कुमार, शिवदयाल गिरी, अरुण कुमार, आशीष सोनी, विवेक जायसवाल, विजय शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सह जिला संघचालक भागवत ने की और संचालन जिला प्रचार प्रमुख जीवेश मिश्रा ने किया। सह जिला प्रचारक सूर्य प्रभात ने अपने संबोधन में कहा कि ''पत्रकार की लेखनी समाज की आत्मा होती है।''कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, संघ पदाधिकारियों, पत्रकारों और विद्यार्थी परिषद से जुड़े युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही। विधायक जयमंगल कनौजिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जयसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रांजल पाण्डेय ने हाई स्कूल में 97 प्रतिशत अंक पाकर सफलता का परचम लहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। विकास खंड फाजिलनगर के ग्रामसभा पटखौली निवासी इंजीनियर विपिन पाण्डेय के पुत्र प्रांजल पाण्डेय ने सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनकी सफलता पर लोगों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त किया है।

बताते चले कि शिक्षक स्वर्गीय पारसनाथ पाण्डेय के सुपौत्र तथा भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय का भतीजा प्रांजल पाण्डेय जो जीएन पब्लिक स्कूल गोरखनाथ गोरखपुर से पढ़ाई करता है वह हाई स्कूल की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान प्रांजल ने बताया कि वह आगे आईआईटी निकालकर वैज्ञानिक बनना चाहते हैं। इनकी सफलता पर पूर्व सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी, विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, दादी सुरसती देवी, माता डॉ ममता पाण्डेय, भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, शैलेन्द्र तिवारी, नानकिशोर पाण्डेय, मनंजय तिवारी, बहन आयुषी पाण्डेय, भाई पुष्कर पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# इण्टर मीडिएट में जाह्नवी और हाई स्कूल में सिकंदर ने प्राप्त किए सर्वाधिक अंक

**विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने जताया हर्ष**







कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। आज सीबीएससी बोर्ड द्वारा घोषित इंटरमीडिएट और हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। पीएन पब्लिक एकेडमी की इण्टर मीडिएट की छात्रा जान्हवी मिश्रा ने विद्यालय में सर्वाधिक 76.8% अंक प्राप्त की है। वहीं विद्यालय की छात्रा आयुषी सिंह 76.4%, प्रिया विश्वास 75.5%, तृप्ति राय 74.4%, प्रियांशु शर्मा 70.8%, अमृता तिवारी 70.6%, शुभम गुप्ता ने 69.5%. अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किए हैं।हाईस्कूल में विद्यालय पीएन पब्लिक एकेडमी के छात्र सिकन्दर ने 92.2% सैफ अली 90.66%, सुप्रिया 87.6%, अनुप्रिया 86.8%, सचिन पाल 84.8%, आफिया 83.6%, रिया 83.4%, काजल , 82.16%, अफसर अली 80.16% एवं मोहम्मद तलहा नूर ने 80% अंक प्राप्त किए हैं।विद्यालय के प्रबंधक वृषभान शुक्ला, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. अजित कुमार शुक्ला, दुर्गेश कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य रितेश कुमार विश्वकर्मा,उप प्रधानाचार्य आफताब आलम अंसारी, शिक्षकगण में अवधेश कुमार शुक्ला,अशोक सिंह,जावेद आलम, हरेन्द्र कुमार यादव, जमाल अहमद, राजदीप मणि त्रिपाठी, संजय सिंह,अमृता श्रीवास्तव,आर.पी मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, गिरिजेश कुमार उपाध्याय,गनेश सिंह आदि ने छात्र-छात्राओं द्वारा अर्जित सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार चुने जाने पर फार्मेसी की टीम ने पहुंचकर दी बधाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। उत्तर-प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार पद पर कलावती देवी स्मारक महविद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार त्रिपाठी को चुने जाने पर एवं कलावती देवी स्मारक महविद्यालय के शिक्षक मनोज त्रिपाठी को अमीर हसन कॉलेज आफ फार्मेसी'' के प्रबंधन समिति के अतीक अहमद (उपाध्यक्ष) ने उन्हें कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय में मिलकर बधाई दी। इस दौरान मोहम्मद मुस्तफा एवं मसूद असगर खान मौजूद रहे।

# छपिया में मानवता शर्मसारः रेप पीड़िता को चौकी प्रभारी ने दुत्कार कर भगाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के छपिया थाने में इंसाफ के तराजू प र पीड़ितों के न्याय की सिसकियां गूंजती हैं।यहां रेप जैसे संगीन मामलों को भी दरकिनार करके पी ड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय उन्हें आश्वासन की घुट्टी पिलाकर उल्टे पांव वापस कर दिया जाता है।यहां चौकी इंचार्ज से लेकर थाने तक मानवता को शर्मसार करके कानून से खिलवाड़ किया जा रहा है।ताजा मामला छपिया थाने की मसकनवा चौकी का सामने आया है, जहां के चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।एक दुष्कर्म पीड़ि ता की मां का आरोप है कि जब वह तहरीर लेकर चौकी पर गयी तो इंचार्ज ने तहरीर को फाड़कर उसे भगा दिया। इस पर वह अपनी फरियाद लेकर थाने पर पहुंची तो थानाध्यक्ष ने आश्वासन की घुट्टी पिलाकर उसे थाने से टरका दिया और एफआई आर नहीं दर्ज की गयी। दबंगों से डरी-सहमी पीड़ि ता ने अब पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है।घटना जिले के छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां की रह ने वाली एक महिला ने एसपी विनीत जायसवा ल को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा है कि उसका पति रोजी-रोटी के लिए दिल्ली रहता है। घर पर सिर्फ चार बेटियां हैं,जिनमें बड़ी बेटी 15 वर्ष की है।

महिला का आरोप है कि सोमवार 12 मई को उसकी नाबालिग बेटी जब खेत में लगे आम के पेड़ की रखवाली करने गई थी,उसी समय वहां बगल के खेत में पानी भरने गए युवक ने उसे जबरन दुष्कर्म किया और धमकी दी कि अगर किसी को बताओगी की तो जान से मार दूंगा। रेप पीड़िता नाबालिग बेटी रोते-बिलखते घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बताई।वाकया सुनकर रेप पीड़िता की मां के होश उड़ गए।उसने मसकनवा पुलिस चौकी में जाकर पूरी वारदात की तहरीर दी, जिसे देखते ही चौकी प्रभारी बौखला गए और तहरीर को फाड़ते हुए उसे भाग दिए। चौकी से भगाए जाने के बाद पीड़िता छपिया थाने पर पहुंची, जहां थानेदार ने कार्रवाई करने के बजाय उसे आश्वासन का घूंट पिलाकर वहां से भी टरका दिया।पीड़िता के परिजन का कहना है कि थानेदार ने बाद में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की।थक-हारकर पीड़िता ने एसपी विनीत जायसवाल के साथ ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उसे कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## क्या कहते हैं प्रभारी निरीक्षक संजीव वर्मा

इस संबंध में छपिया थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव वर्मा ने बताया कि तहरीर फाड़ने और चौकी से भगाने का आरोप निराधार है। उन्होंने बताया कि महिला थाने पर आई थी जिसके द्वारा दी गई तहरीर पर वह स्वयं घटनास्थल पर जांच के लिए गए थे।जांच के दौरान दुष्कर्म की घटना की पुष्टि नहीं हुई।उन्होंने बताया कि आरोपी और शिकायतकर्ता पटीदार हैं।जिस पर दुष्कर्म का आरोप लगाया जा रहा है,वह रिश्ते में लड़की का चाचा है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक की मृत्यु,एक गम्भीर रूप से घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरगाहपुर के टोला त्रिलोकपुर में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे हाई टेंशन तार की चपेट में आने से रामलखन उम्र 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि उनका भतीजा कृष्णा घायल हो गया।यह घटना घर पर लगे टेंट उतारते समय पाइप हाईटेंशन तार से टकराने की वजह से हुई। मृतक राम लखन के बेटे की रविवार को शादी थी। जबकि सोमवार की रात को बहुभोज कार्यक्रम था।कार्यक्रम के बाद मंगलवार की सुबह बहुभोज में लगे टेंट को उतारा जा रहा था। इसी दौरान टेंट का पाइप ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से छू गया। इससे रामलखन हाइटेंशन तार के चपेट में आ गया। घटना के बाद घर पर अफरा-तफरी मच गई।

स्वजन दोनो लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा ले गए। जहां पर रामलखन को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया व कृष्णा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल महराजगंज भेज दिया गया।इस मामले में थानाध्यक्ष बृजमनगंज सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में अस्पताल से सूचना मेमो प्राप्त हुई। जिसके संदर्भ में कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महराजगंज भेज दिया गया है।

# विधायक राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और भावी योजनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक के अनुसार ''आपकी दृष्टि में तप, वाणी में तेज और निर्णयों में राष्ट्रहित का सर्वोपरि भाव है, आपके अनुग्रह पूर्ण और दूरदर्शी नेतृत्व के फलस्वरूप सरोजनीनगर में प्रदेश का सबसे बड़ा EV Plant, Ashok Leyland EV Bus Manufacturing Unit स्थापित हो रहा है! सरोजनीनगर में विश्व की सबसे तेज़ ट्टफ्क्द्ध्नपधद्ब्रद्बद एन्फ्द्वपद्ग ख्द्वपपद्धद्यद्ग 'उन्थद्धख्नधप' का निर्माण शुरू हो चुका है, इन ऐतिहासिक स्वीकृतियों के लिए मा.



मुख्यमंत्री जी का सरोजनीनगर परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रस्तुत सभी विषयों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का सकारात्मक आश्वासन दिया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर की जनता की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहः यह आपके नेतृत्व की दूरदर्शिता और संकल्प की शक्ति ही है कि सरोजनीनगर का नाम अब उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और सामरिक मानचित्र पर तेज़ी से उभर रहा है।

# उत्तर प्रदेश में 78,000 एकड़ का बनाया जाये भूमि बैंक : मनोज कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख निवेश परियोजनाओं की गहन समीक्षा की, जिसमें आगामी ग्राउंड-ब्रेकिंग समारोह (जी.बी.सी.) के लिए उनकी प्रगति और तत्परता का आकलन किया गया। लोक भवन में आयोजित बैठक में इन्वेस्ट यूपी, संबद्ध विभागों और डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों ने भौतिक और वर्चुअल रूप से एक साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप निवेश में तेजी लाने के लिए एक साथ आए, जिसमें आईआईडीडी का 5 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य भी शामिल है।

विभागों के लिए विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत कम से कम 10 एंकर इकाइयाँ स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया और संबंधित स्टेकहोल्डर्स को जी.बी.सी. में पात्र परियोजनाओं को



शामिल करने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए, मुख्य सचिव ने पूरे राज्य में 78,000 एकड़ भूमि बैंक बनाने के भी निर्देश दिये। इसके लिए प्रमुख रणनीतियों में आईडीए की भूमि (आवंटन के लिए तैयार और अधिग्रहण के अधीन) का उपयोग करना, बीमार इकाइयों से भूमि का उपयोग करना, कम उपयोग वाली विभागीय भूमि का अधिग्रहण करने के साथ-साथ जिलाधिकारियों और प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को लक्ष्य आवंटित करना शामिल किया जाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि वे इन्वेस्ट यूपी और आरएसएसी-यूपी के समन्वय में पीएम गति शक्ति पोर्टल पर डेटा को नियमित रूप से अपडेट करें। यह भी कहा कि निर्बाध परियोजना नियोजन और निष्पादन में गैप एनालिसिस के लिए विभागों द्वारा पोर्टल का सक्रिय रूप से उपयोग किया जाये। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने बैठक में भाग लिया, जिसमें 200 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं की समीक्षा शामिल थी। उन्होंने मौजूदा और संभावित निवेशकों दोनों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के महत्व को दोहराया और इनवेस्टमेंट इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए 34 ऑपरेशनल पॉलिसीज और इंसेन्टिव के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया।

### बड़े मंगल पर जगह-जगह लगे भण्डारे, मंदिरों में लग रहे बजरंग बली के जयकारे

# लखनऊ में 400 साल पुरानी है बड़े मंगल पर भण्डारे की परम्परा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लोगों को ज्येष्ठ माह का बेसब्री से इंतजार रहता है। बजरंगबली की आराधना के लिए सबसे उपयुक्त मास के रूप में इसी समय को माना जा रहा है। आज ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर लखनऊ (लखनपुरी) के कोने-कोने में हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ और हनुमत आराधना के लिए भक्ति गीतों की गूंज सुनाई पड़ रही है। चहुंओर उल्लास का माहौल है।

ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले पहले बड़े मंगल पर शहर में जगह-जगह भण्डारे शुरू हो गये हैं। भण्डारों में पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल व बूंदी का प्रसाद वितरण हो रहा है। वहीं अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु व हनुमतधाम समेत शहर के सभी हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की भारी भीड़ है। सम्पूर्ण मंदिर परिसर बजरंग बली के जयकारे से गूंज रहे हैं। मंदिरों में सजावट की गयी है।

बड़ा मंगल हनुमान जी को समर्पित होता है। ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को पूजा करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और हर संकट दूर करते हैं। लखनऊ में व्यापक रूप से बड़े मंगल के आयोजन की



परम्परा है। बड़े मंगल की शुरूआत अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर परिसर में मेले के रूप में हुई थी। लखनऊ में ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर भण्डारे की परम्परा 400 साल पुरानी है। अब यह आयोजन वृहद रूप धारण कर चुका है। अब लखनऊ के हर चौराहे, हर गली और हर नुक्कड़ पर भंडारा चलता है। लखनऊ में होने वाला यह भंडारा अवध क्षेत्र के लगभग सभी जिलों तक पहुंच गया है।

बड़े मंगल के आयोजन को देखते हुए नगर निगम ने खास तैयारी की है। नगर निगम के अनुसार 348 स्थानों पर भंडारे के लिए पंजीकरण कराया गया है। पंजीकरण स्थल पर नगर निगम की टीम जाकर साफ सफाई करती है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के अनुसार नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर काल करके या लखनऊ वन एप के माध्यम से भंडारे के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

बड़े मंगल पर होने वाली भण्डारों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए मंगलमान अभियान की टीम लगातार शहरों में घूम-घूमकर आयोजन टीम के सदस्यों को स्वच्छता व पर्यावरण अनुकूल भण्डारा लगाने के लिए जागरूक कर रही है। अधिकांश स्थानों पर होने वाले भण्डारे में प्लास्टिक के दोने पत्तल व गिलास का उपयोग नहीं हो रहा है। सभी स्थानों पर कूड़ेदान की व्यवस्था की गयी है।

मंगलमान अभियान के प्रमुख राम कुमार तिवारी ने कहा कि भारतीय परंपराएँ समय के साथ बदलाव को अपनाकर ही प्रासंगिक बनी रह सकती हैं। बड़ा मंगल केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब परंपरा और आधुनिकता सहयोग करती हैं तो परिणाम मंगलमान जैसे अभियान के रूप में सामने आते हैं - जो न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हैं, बल्कि उसे नए आयाम भी प्रदान करते हैं।

## यू.पी. रेरा की स्टाफ बैठक संपन्न, अध्यक्ष ने दिये दिशा निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की समीक्षा बैठक लखनऊ स्थित मुख्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यू.पी. रेरा के अध्यक्ष संजय आर. भूसरेडडी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं पटल सहायक अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करेंगे तथा जो भी लक्ष्य निर्धारित हैं, उनका कियान्वयन समयानुसार करना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष यू.पी. रेरा भूसरेडडी ने विन्दुवार गहन समीक्षा की। धारा-31 के अन्तर्गत दायर की जाने वाली शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए प्राथमिकता से प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष यू.पी. रेरा ने रेरा एजेन्टस एवं मूल्यांकन, प्रमोटर्स एवं शिकायतकर्ता के मध्य रेरा आदेशों के सन्दर्भ में किये गये समझौते, प्रमोटर्स द्वारा पंजीकृत परियोजनाओं में रेरा अधिनियम, नियमावली एवं रेग्युलेशन के प्राविधानों के अनुपालन उच्च न्यायालय में रिट याचिकाओं की स्थिति, मानव सम्पदा प्रबन्धन आदि की गहन समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत



**लखनऊ, दुबग्गा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुन्ना खेड़ा निवासी 22 वर्षीय विवाहिता राधा की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। यह घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। राधा के पति अंबर लाल ने उसके मायके पक्ष को फोन कर बताया कि राधा को पेट में तेज़ दर्द हो रहा है और वे उसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं। हालांकि, राधा के परिजन जब छंदुइया खेड़ा स्थित ससुराल पहुंचे, तो उन्हें राधा घर के भीतर अचेत अवस्था में मिली। राधा के भाई सोनू राजपूत ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बहन की जान ली गई है। उनका कहना है कि राधा को फांसी के फंदे से नीचे उतार दिया गया, लेकिन पुलिस को तुरंत सूचना नहीं दी गई, जिससे संदेह और गहरा गया। वहीं, ससुराल पक्ष ने इन आरोपों से इनकार किया है। अंबर लाल का कहना है कि राधा की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी और उन्होंने तत्काल इलाज के लिए प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुबग्गा थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक राधा का अंतिम संस्कार नहीं हुआ था। मायके पक्ष न्याय की मांग पर अड़ा है, जबकि पुलिस ने निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने लाने का आश्वासन दिया है।

## मजदूर से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में नाला निर्माण में लगे मजदूर से सोमवार शाम कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित पक्ष द्वारा स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। रिजवान अली पुत्र कल्लू खां ग्राम परसेरा खुर्द थाना नीमगांव जिला लखीमपुर खीरी ने स्थानीय थाने पर दी गई तहरील में बताया है कि वह और उसका भतीजा आजाद अली औरांवा गांव में नाला निर्माण का कार्य कर रहे हैं। सोमवार को शाम 7:30 बजे जब उनका भतीजा खाना बनाकर बाहर निकला तभी मकान के सामने से एक व्यक्ति निकला और गाली गलौज करने लगा इस पर जब भतीजे ने विरोध किया तो तीन लोग और आ गए और फिर चारों ने मिलकर भतीजे को शबरी और लाठी से गिरा कर मारा पीटा जिससे भतीजे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं इसके बाद चारों द्वारा भाग जाने सहित जान से मार देने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है।

## सांसद जगदंबिका पाल ने बड़े मंगल पर किया प्रसाद का वितरण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ के प्रथम बडे मंगलवार के, शुभ पावन अवसर पर जगदम्बिका पाल सांसद ने बजरंग बली की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण दिल्ली पब्लिक स्कूल शहीद पथ पर किया। इस अवसर पर सीबीएसई में टॉप करके वाले बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा आज के यह होनहार बच्चे आने वाले कल में देश का गौरव बढ़ाएंगे। इस मौके पर उन्होने बच्चों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया।

## नाबालिग़ का दुष्कर्मी और उसके सहयोगी पुलिस की गिरफ्त में

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुडम्बा पुलिस ने थाने मे दर्ज पास्को एक्ट पर कार्यवाही करते हुए अगले दिन ही नाबलीग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को उसके दो सहयोगियों के साथ अपनी गिरफ्त मे लेते हुए उन सभी पर विधिक कार्यवाही करने मे सफलता पाई है।आपको बता दें कि 12 मई 2025 को वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि उसकी नाबालिग़ बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है इसी घटना की तफतीश मे जुटी गुडम्बा पुलिस ने अभियुक्त असलम कुरैशी पुत्र मोहम्मद गुलाम वारीस और मोहम्मद शाबान के साथ रहनुमा और नैनसी रावत को गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेज दिया है।

# डीपीएस स्कूल के मेधावियों ने लहराया परचम



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम आते ही मेधावियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। परिणाम आते ही शहीद पथ स्थित डीपीएस एल्डिको के मेधावियों ने जमकर खुशी मनाई, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियां जाहिर की। स्कूल की तरफ से बताया गया कि 43 छात्रों ने लगातार शैक्षणिक कठोरता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में अहमद शायन 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। वहीं एंड्री तिवारी ने शानदार 97.8 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा व श्रीभद्रा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। तो वहीं हाईस्कूल में सार्थक अवस्थी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया, लक्ष्य सरोज ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व खुशी सिंह ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अंथवाल ने मेधावियों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बड़े मंगल पर शाति नगर में भव्य भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनी नगर कानपुर रोड पर स्थित शांति नगर में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल - पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश - सिंह, अवधेश सूर्यवंशी एडवोकेट, गुड्डू सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह समाजसेवी उदयवीर सिंह, राजेश सिंह भाजपा वरिष्ठ नेता ने श्री रामचंद्र बजरंगबली की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया। गुड्डू सिंह, उदयवीर सिंह, अवधेश सूर्यवंशी एडवोकेट, राजेश सिंह ने बताया कि हर साल की - तरह इस बार भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दिखी। भंडारे की शुरुआत दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ यह प्रभु इच्छा तक रहेगा अवधेश सूर्यवंशी एडवोकेट, राजेश सिंह ने बताया कि इस भंडारे भक्तों को सेवा प्रदान करना और धार्मिक उत्सव को बढ़ावा देना। भक्तो ने इस आयोजन का प्रसाद ग्रहण किया।

शांति नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंवर



रितेश सिंह ने बताया जेठ महीने का अपना एक विशेष महत्व है। यह परंपरा राजधानी लखनऊ में सैकड़ो वर्ष पुरानी है।

सरोजिनी नगर लखनऊ में जगह-जगह इस परंपरा का विस्तार हुआ है। भंडारों की परंपरा की शुरुआत नवाबी कार्यकाल से ही शुरू हो गई थी। इस शुभ अवसर ज्ञानेंद्र सिंह, रनजीत सिंह, कुंवर रितेश सिंह राकेश चंद्र तिवारी, मनीष सिंह सलेन्द्र सिंह एडवोकेट शशि सिंह डिम्पल सिंह पूजा सिंह, अखिलेश सिंह, उमा सिंह, ऊषा सिंह, नवी सिंह, मानसी सिंह, स्नेहा सिंह, मुस्कान सिंह, गुन गुन काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# सीबीएसई परीक्षा परिणाम में एलपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीबीएसई के द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कक्षा 12वीं में कुल 1207 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सीतापुर शाखा के वंश शुक्ला ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। गोमती नगर शाखा की अनुभूति वर्मा ने 97.80 प्रतिशत, विद्युत शर्मा एवं अभिनव पांडे ने 97.60 प्रतिशत अंक अर्जित किए। आम्रपाली योजना शाखा की अनुष्का गौतम एवं आयशा मोहम्मद खान ने 96.80 प्रतिशत, जबकि वृंदावन शाखा की आकांक्षा तिवारी ने भी 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 10वीं में कुल 1203 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें आम्रपाली योजना शाखा की मेंनहा सिंह ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान



हासिल किया। गोमती नगर शाखा की उनेजा शकील ने 98 प्रतिशत, अंशुमान सिंह ने 97.60 प्रतिशत, आम्रपाली योजना के मोहम्मद आज़म अल्वी ने 95.80 प्रतिशत और अनिमेष मिश्रा ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एसपी सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# बिजली विभाग ने किया भण्डारे का आयोजन, बांटा प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल के अवसर पर लखनऊ शहर भक्ति और सेवा के रंग में रंगा रहा। लोगों द्वारा जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में लखनऊ मध्य क्षेत्र में बिजली विभाग ने भी अपने कार्यालय परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया।

पुराने लखनऊ के हेरिटेज ज़ोन में स्थित विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खण्ड चौक के नीबू बाग़ कार्यालय के बाहर आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूड़ी, सब्जी, बूँदी, हलवे और जलपान से सजा यह भंडारा सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए खुला रहा। विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर इस आयोजन को व्यवस्थित किया जिसमें मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने भी सेवा कार्य में हिस्सा लिया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन कर रहे



चौक के अधिशाषी अभियंता रमन वासुमित्रा ने कहा की बड़ा मंगल लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर है। हमारा उद्देश्य इस अवसर पर समाज के साथ जुड़कर सेवा और समरसता का संदेश देना है। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी भंडारों और हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। नगर निगम और बिजली विभाग ने मंदिरों के आसपास सफाई, बिजली आपूर्ति और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रसाद वितरण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंडारे में स्वच्छता और स्वास्थ्य दिशा निर्देशों का भी ध्यान रखा गया था। लखनऊ वासियों ने इस उत्सव को सामाजिक सौहार्द और धार्मिक उमंग का प्रतीक बताया।

# राज्यपाल के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज़



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के संभावित सीतापुर दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियों का जायज़ा लिया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर स्थित हेलिपैड एवं कार्यक्रम स्थल भूमिजा बहुद्देश्यीय हाल, खैराबाद का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, जनसुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि महामहिम के आगमन, कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति तथा प्रस्थान तक पुलिस बल पूर्ण सतर्कता, निगरानी एवं चौकसी बरते। साथ ही अनाधिकृत गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कार्यक्रम में नियुक्त मजिस्ट्रेटों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय से अपने-अपने दायित्व वाले स्थलों पर उपस्थित रहें एवं अपने उत्तरदायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

# हरियाली की रक्षा के लिए वन विभाग तत्पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। वन रेंज लहरपुर में लकड़ी तस्करी पर लगाम कसने हेतु 12 एवं 13 मई की रात्रि को वन विभाग द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व उप वन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव एवं वन दरोगा श्री राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा रात्रि गश्त और छापेमारी की कार्रवाई रूटीन नहीं बल्कि मिशन मोड में की जा रही है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रैंडम ड्यूटी लगाकर हर रात्रि क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है।श्री सिंह ने बताया कि गत रात्रि कुछ ट्रकों में छूट प्रजातियों की लकड़ी पाई गई, किंतु उसका स्रोत संदिग्ध था। वहीं, कुछ वाहन बिना वैध जीएसटी प्रपत्र के पाए गए, जिससे कर चोरी की आशंका प्रबल हुई है। इस संबंध में कर विभाग को तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही करनी चाहिए।

अवैध कटान, ढुलाई और बिक्री में संलिप्त पाए जाने वालों पर एफआईआर दर्ज कर कठोर

## लकड़ी माफियाओं पर शिकंजा कसने को वन विभाग का सघन अभियान, कठोर कार्यवाही की चेतावनी

## वन्यजीवों का संरक्षण-यह हम सबकी जिम्मेदारी है : वन क्षेत्रधिकारी

दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। संलिप्त वाहन जब्त किए जाएंगे एवं उनका स्थायी निरस्तीकरण प्रस्तावित किया जाएगा। संबंधित आरा मशीन संचालकों की भूमिका की भी गहन जांच कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही होगी।

ग्राम महसी जल्लापुर में 02 आम वृक्षों का अवैध कटान पकड़ा गया जिसमें यूनुस पुत्र नबी रसूल निवासी मरसण्डा थाना लहरपुर जिला सीतापुर, साहूकाल पुत्र लालजी निवासी जल्लापुर थाना लहरपुर जिला सीतापुर के विरुद्ध उ0प्र0 वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 एवं अभिवहन नियमावली 3/28 के अन्तर्गत एच-2 केस जारी कर मु0 10000/- प्रतिकर वसूल किया गया। दिनांक 11.05.2025 को ग्राम बेनीसरांय थाना लहरपुर जिला सीतापुर में 04 जामुन वृक्षों का अवैध कटान पकड़ा गया जिसमें रामलोटन पुत्र अशर्फीलाल निवासी लखनियापुर थाना सकरन जिला सीतापुर के विरूद्ध उ0प्र0 वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के अन्तर्गत एच-2 केस जारी कर मु0 20000 /- प्रतिकर वसूल किया गया। ग्राम लोधौरा में 04 जामुन, 01 शीशम एवं 01 नीम वृक्ष का अवैध कटान पकड़ा गया। जिसमें सुरेश पुत्र दौलतराम निवासी ग्राम लोधौरा, सूरज पुत्र धपई निवासी ग्राम चन्दनापुर थाना हरगॉव एवं हारून पुत्र भीखन निवासी ग्राम नौव्वापुर थाना लहरपुर जिला सीतापुर के विरूद्ध लहरपुर कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0269 द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। ग्राम माखूबेहड़ में 01 आम व 01 नीम वृक्षों का अवैध कटान पकड़ा गया जिसमें लज्जावती पत्नी नन्हकऊ निवासी ग्राम माखूबेहड़ थाना तम्बौर एवं फरहान पुत्र गुलाम रसूल निवासी ग्राम रायमड़ोर थाना तम्बौर के विरूद्ध उ0प्र0 वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 एवं अभिवहन नियमावली 3/28 के अन्तर्गत एच-2 केस जारी कर मु0 10000/- प्रतिकर वसूल किया गया।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त उदय प्रताप पुत्र हरीराम नि.जगईपुर थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 171/25 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया

## 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए 100% परिणाम किया प्राप्त

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रतिष्ठित सीबीएसई से संलग्न विद्यालय ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण देते हुए CBSE बोर्ड परीक्षा 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए 100% परिणाम प्राप्त किया है। यह विद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 10 और 12 के सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिनमें से कई छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने इस अवसर पर बताया, ''यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। हम अपने छात्रों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। विद्यालय ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु समय-समय पर मॉक टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाएं प्रदान की थीं, जिनका सकारात्मक असर परिणामों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस वर्ष विद्यालय के कई छात्रों ने विज्ञान, और वाणिज्य सभी संकायों में असाधारण प्रदर्शन किया है। विद्यालय द्वारा शीघ्र ही छात्रों के सम्मान में एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह समस्त क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रेरणा देने वाला उदाहरण भी है।

## को नही जानत है जग में कपि संकट मोचन नाम तिहारो

**नैमिषारण्य, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को दक्षिण मुखी हनुमान जी महराज का भव्य श्रृंगार, पूजन आरती कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया । हनुमान गढ़ी महंत बजरंग दास व 1008पवन दास ने द्वारा विशाल आरती पूजन कर भव्य भंडारे एवं शरबत वितरित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में साधु संत विधवा, ब्राम्हण जनों को भोजन कराकर दान दक्षिणा दिया गया । ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को बुढ़वा मंगलवार कहा जाता है हनुमान जी महराज की मंगलवार को विधिवत पूजन अर्चना करने से सभी मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है इसके अलावा रोग व बाधाओं से मुक्ति मिलती है। मछरेहटा के निकटवर्ती गांव बीहट बीरम में ठाकुर गम्पू सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों हनुमत भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर , ठाकुर बबलू सिंह, शिवा सिंह, ललित सिंह, मणिकांत त्रिपाठी, अनिल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**मछरेहटा/सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर से लेकर ग्रामीण इलाको तक बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। वही पर सूरजपुर चौराहे पर स्थित मिश्रीलाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बेनीगंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित किया,। वही पर विद्यालय के डायरेक्टर अश्वनी सिंह ने तथागत गौतम बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। और विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि बुद्ध के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध के जन्म के रूप मनाते हैं,माना जाता है कि इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बौद्ध लेखों के अनुसार, गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया था, तथागत गौतम बुद्ध जी के बताए रास्ते पर चलने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राइमरी विभाग के प्रधानाचार्य देशराज यादव, मोती शुक्ला मनोज कुमार शास्त्री शिवपाल बघेल रामकुमार अतुल यादव अंकित पांडेय कुलदीप यादव सुधीर कुमार दीक्षित निहारिका गौतम शालू पाल प्रतिभा राज शुभम यादव व विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामप्रसाद रामखेलावन आदि लोग मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त राकेश कुमार गुप्ता गिरफ्तार

**खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 171/25 धारा 406, 328, 504, 506 भादवि तथा एससीएसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त राकेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ की टीम ने यह गिरफ्तारी की। गिरफ्तार अभियुक्त राकेश कुमार गुप्ता (27 वर्ष) पुत्र हरीराम, मूल निवासी ग्राम पतरासी, थाना शारदानगर, हाल निवासी ग्राम बदालपुरवा, मजरा पयाग, थाना फूलबेहड़, जनपद खीरी है। पुलिस ने उसे ग्राम बदालपुरवा मजरा पयाग से गिरफ्तार किया। यह मामला 1 अप्रैल 2025 का है, जब वादी संदीप कुमार ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उससे 20,000 रुपये उधार लिए और फिर रुपये लौटाने के बहाने अपने घर बुलाकर चाय में ज़हर पिलाया। रुपये माँगने पर अभियुक्त ने जातिसूचक गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।

## मेडिकल में नकली एक्सपायरी दवा बेचने की शिकायत पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मारा छापा

**लखीमपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र में रघुनाथ जी हॉस्पिटल एरा रोड नौरंगाबाद में संचालित अस्पताल में ड्रग इंस्पेक्टर बबीता रानी ने मारा छापा एक्सपायरी और नकली दवा और प्रिंट रेट से ज्यादा पर दवा बेचे जाने की शिकायत पर जांच की गई, मौके पर फुटकर औषध लाइसेंस जो कि प्द्द्रपद्धथ मिश्रा के नाम पर जारी है वह अनुपस्थित पाई गई, मौके पर फार्मासिस्ट भी नहीं पाए गए, अस्पताल में काम करने वाले लड़के ही दवाओं को मरीजों को देते पाए गए। दुकान में जांच करने पर एक्सपायर्ड दवाओं को भंडारण हेतु अलग रैक नहीं पाए गई।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी (धौरहरा), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के मिर्ज़ा पुरवा गांव में एक शादी समारोह के बाद टेंट खोलते समय हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपरिया निवासी 18 वर्षीय अंकित, जो एक टेंट व्यवसायी के साथ काम करता था, सोमवार सुबह दो साथियों के साथ पंडाल खोल रहा था। इस दौरान लोहे की एक पाइप अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गई। करंट लगने से अंकित गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष पर कवि गोष्ठी संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां-सीतापुर। जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कवि संगम लखनऊ उत्तर इकाई के तत्वाधान में भुशुण्डि साहित्य संस्थान के स्थापना दिवस पर बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में ललित जोशी जानकीपुरम लखनऊ के आवास पर कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश मौर्य मृदु व मुख्य अतिथि हास्य व्यंग्य कवि विजय तन्हा ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मां शारदे की वंदना कवयित्री अनीता मौर्य नवजात ने की और मंच का संचालन हास्य कवि संदीप अनुरागी ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा -

तोड़ सीजफायर तूने किया है कमीनापन ,जान बख्श दी है आगे नहीं बच पायेगी।

भारतीय सैनिकों ने भरी जो हुंकार रौद्र बोटी नहीं एक भी सलामत बच पायेगी।

आप औकात अपनी न भूलो शहबाज वरना चौदहवीं सदी हो अब सच जायेगी।

संख्या कितनी है बनी चटनी तो हर हिंदुस्तानी की चपाती लौं नहीं पहुंच पायेगी।।

वरिष्ठ हास्य कवि अनिल बांके ठहाका ने यूं हंसाया -

रिश्ते में ससुराल की, होती बात नवीन।



बीवी से होती अधिक, साली में प्रोटीन।।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय तन्हा ने भगवान बुद्ध पंक्तियां पढ़ते हुए कहा -

ड्राइंग रूम में सजे, मिले बुद्ध भगवान।

जीवन चरित्र से सदा, दिखे वहीं अनजान।।

बाराबंकी से पधारे गीतकार संजय सांवरा ने कहा -

फिर वही धन तलाशता है मन।

एक सावन तलाशता है मन।

जिंदगी की तपन से व्याकुल है,

कोई चंदन तलाशता है मन।।

बलरामपुर से पधारी डा. ममता परिहार ने कहा -

अंतर्मन की सघन बेदना का न कोई छोर।

न जाने क्यों इस जगत से बंधी है जीवन डोर।

मंच संचालक हास्य कवि संदीप अनुरागी कहा -

चाची जी हमारी नीला ड्रम मंगाइन जबसे।

चाचा जी हमारे राइट टाइम वहे दिन से।

अनीता मौर्य नवजात ने भगवान बुद्ध को समर्पित रचना फढी

बुद्ध होना आसान कहां था।

ह्रदय परिष्कृत और अंतर का

शुद्ध होना आसान कहां था।

बुद्ध होना आसान कहां था।

डा. अर्चना मौर्य ने भी बुद्ध को याद किया -

सोता हुआ मुझे छोड़कर वन को चले गये तुम प्रियवर।

अन्तर्मन में प्रश्न बड़ा है यही प्रश्न सौ बार खड़ा है।

संदर्भ मौर्य ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया व श्रीमती रोशनी कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर काव्य मंच पर प्रथम बार काव्य पाठ करने वाली बलरामपुर से पधारीं श्रीमती ममता परिहार को अंगवस्त्र व वनदेवी सीता खंडकाव्य भेंटकर सम्मानित किया गया।

## मुरादाबाद में पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पत्नी की गर्दन काटकर रामगंगा नदी में बहाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक(नगर) कुमार रणविजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि मझौला थाना क्षेत्र के टीपी नगर स्थित जन्नत बाग निवासी तबस्सुम (35) की रिपोर्ट भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव चूहा नगला निवासी शहादत की पत्नी द्वारा मझौला थाने में 18 अप्रैल को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में बताया गया था कि उसकी बेटी तबस्सुम का दूसरा निकाह थाना मैनाठेर क्षेत्र के डींगरपुर निवासी ट्रक ड्राइवर शाने आलम उर्फ़ रेहान के साथ हुआ था। तबस्सुम को पहले पति द्वारा टीपी नगर के जन्नत बाग़ में एक मकान खरीदकर दिया था। तबस्सुम इसी मकान में रहती थी। रेहान की नज़र मकान पर लगी हुई थी जिसे वह लगातार बेचने के लिए तबस्सुम पर दबाव बनाता था। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच आएदिन झगड़ा रहता था। इसी दौरान 12 मई को तबस्सुम अचानक लापता हो गई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने तबस्सुम के पति रेहान से पूछताछ की।

# पूरी हकीकत आधा फ़साना, सकरन मनरेगा घोटाले को याद करेगा जमाना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन /सीतापुर। मनरेगा मजदूरों की आय दोगुनी करती सकरन की करीब डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतें अपने अजीबो गरीब कामों के जरिए समूचे जिले में नाम कर रहीं रोशन।क्षेत्र की करीब डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों ने बगैर काम करवाते हुए सिर्फ फोटो खिंचवा गरीब मजदूरों को पूरी मजदूरी देने की जो मुहीम चलाई है वो इस भीषण तपिश में मानवता की एक मिशाल पेश कर रही जिसके लिए इन सभी ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवक व ग्रामप्रधान बधाई के पात्र हैं। ख़ासकर महिला मजदूरों के साथ रियायत बरतते हुए उनकी हाजिरी बगैर फोटो के भी मान ली जा रही और उनको शादी विवाह पार्टी में भरपेट भोजन करते हुए गीत संगीत में भेजकर मात्र 80प्रतिशत मजदूरी कटौती कर मातृशक्ति को पूरे 20%देने का काम जिम्मेदार सरेआम कर रहे जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है की मुख्य विकास अधिकारी के संरक्षण व समस्त बीडीओ, एपीओ के

## मानपुर सिकरी, लखुवा बेहड़, रेवान, ताजपुर सलौली,इस्माइलपुर

## रत्नापुर, मजलिसपुर, लखनियापुर, कौवाखेरा, बरासिंघा, बसहिया कोठार और दुगाना डीसी मनरेगा को मनरेगा रत्न अवार्ड दिलवाने पर आमादा




मार्गदर्शन में डीसी मनरेगा को जल्द ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से प्रशस्ति पत्र के साथ स्वर्ण पदक अवश्य दिलवाया जाएगा जिससे हमारे सकरन का नाम सदा सदा के लिए स्वर्णक्षारों में अंकित हो जाएगा।

# ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर शारदा नगर स्थित हनुमान मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी थाना शारदा नगर क्षेत्र में ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर हनुमत भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा। शारदा नगर स्थित बालाजी मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई और आज सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया स्थानीय निवासी रामलाल ने बताया वैसे तो प्रत्येक मंगलवार को यहां हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं और उनकी मन मांगी मुराद पूरी होती है। लेकिन जेष्ठ मास में प्रत्येक मंगल बड़ा मंगल माना जाता है जिसके चलते दूर-दूर से भक्ति मंदिर जाकर पूजा अर्चना करते हैं सुरेश कुमार ने बताया प्राचीन मंदिर होने के कारण यह आस्था का केंद्र बन गया है और बड़ी संख्या में लोक दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं वहीं थाना शारदा नगर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया



प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में काफी भक्तों की आमद के कारण सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है और स्टाफ को ड्यूटी पर लगाया जाता है लेकिन ज्येष्ठ मास के मंगल बड़े मंगल होने के कारण दूर-दूर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिसको लेकर के पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाती है जिससे मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो।

# मुक्तिधाम में फैली गंदगी से आक्रोशित हुए नगरवासी, शव को बाहर रख प्रदर्शन की दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। धौरहरा नगर पंचायत के एकमात्र मोहल्ला अम्बेडकर नगर स्थित मुक्तिधाम में फैली गंदगी और अव्यवस्थाओं के चलते नगरवासियों का आक्रोश फूट पड़ा है। हिन्दू समाज के लोगों ने बताया कि बदहाल स्थिति के कारण वे मृतकों का अंतिम संस्कार करने से भी परहेज़ करने लगे हैं।

स्थानीय राम लोटन दीक्षित, डॉ कमल किशोर, आशुतोष व पूर्व नगर अध्यक्ष ताजदार खां के पुत्र सत्तार खां समाज सेवी ने नाराजगी जताते कहा कि मुक्तिधाम में चारों ओर जंगल झाड़ियों व कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध फैली हुई है , भूसे के ढेर उड़ते कणो और जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। वहां न तो सफाईकर्मियों की नियमित तैनाती है और न ही नगर परिषद की ओर से कोई ध्यान दिया जा रहा है।

आज एक ब्राह्मण परिवार से पिता का अन्तिम संस्कार करने पहुंचे पुत्र अर्पित दीक्षित ने नाराज़गी जताते हुए कहा, ल्लमुक्तिधाम जैसे पवित्र स्थल की यह हालत बेहद शर्मनाक है। अंतिम संस्कार के लिए आने वालों को गंदगी और अव्यवस्था के बीच से गुजरना पड़ता है, जो कि अपमानजनक है। हिन्दू समाज के सामाजिक संगठनों ने भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन से तत्काल सफाई और बुनियादी सुविधाओं की बहाली की मांग की है। लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक हफ्ते के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे शव को मुक्तिधाम के बाहर रखकर नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को मजबूर होंगे नगर परिषद के अधिकारी फिलहाल इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

## जौनपुर में ट्रक बाइक टक्कर में पति-पत्नी और बेटी घायल, बेटे की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह बुढिया माई दर्शन करने बाइक से जा रहे पति-पत्नी और बेटी ट्रक की चपेट में आने से गम्भीर घायल हो गये जबकि बेटे की मौत हो गयी। गुस्साए ग्रामीणों ने शाहगंज - प्रयागराज मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के सघनपुर गांव निवासी 28 वर्षीय सुनील प्रजापति अपनी पत्नी 26 वर्षीय रोली, बेटे 6 वर्षीय कार्तिक और बेटी 3 वर्षीय काव्या के साथ बाइक पर सवार होकर सरपतहां थाना क्षेत्र के बरऊद बुढिया माई के दर्शन करने जा रहे थे। बाइक जैसे ही शाहगंज-प्रयागराज मार्ग स्थित कटहिया समीप पेट्रोल पंप के पास पहुंची शाहगंज की तरफ से जा रही ट्रक की चपेट में आने से सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिये राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहा चिकित्सकों ने इलाज के दौरान कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने उक्त पेट्रोल पंप के समीप जाम लगाकर ट्रक को पकडने की मांग की। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह मय फोर्स परिजनों को समझा कर तकरीबन आधे घंटे बाद जाम को खाली कराकर शव को कब्जे में लेकर सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## बर्ड फ्लू के अंदेशे से इटावा सफारी पार्क 20 मई तक बंद

इटावा। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को बर्ड फ्लू (एवियन इनफ्लुंजा) नामक संक्रमण के चलते एक सप्ताह तक पर्यटकों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है।

फारी पार्क के निदेशक डॉ.अनिल कुमार पटेल ने मंगलवार को बताया कि इटावा सफारी पार्क प्रबंधन ने 14 मई से 20 तक फिलहाल सफारी को पर्यटकों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद किया है। छह मई को गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला प्राणी उद्यान में एक बाघिन की मौत के बाद आई रिपोर्ट के बाद इटावा सफारी पार्क को बंद करने का निर्णय लिया गया है। गोरखपुर प्राणी उद्यान में भागन की मौत के बाद जांच के लिए सैंपल मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित लैब भेजा गया था जहां पर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 14 मई से लेकर के 20 मई तक इटावा सफारी पार्क में कोई भी पर्यटक की आवाजाही नहीं होगी। इसके साथ ही इटावा सफारी पार्क के कर्मियों को भी सख्त हिदायत संक्रमण के चलते दी गई है ताकि सफारी का कोई भी वन्य जीव संक्रमण की जद में ना आए।

# नेपाल बॉर्डर से लगे सुदूरवर्ती भारतीय गांव चौगुर्जी में विकास की नई दस्तक, मोटरबोट से पहुंचा प्रशासन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जिले की तहसील निघासन के सीमावर्ती गांव चौगुर्जी में मंगलवार को विकास की बयार बहती दिखी, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और विधायक शशांक वर्मा भीषण धूप में मोटरबोट के ज़रिए गांव पहुंचे। प्रशासनिक अमला सुबह 5 बजे से गांव में सक्रिय रहा और ग्राम चौपाल के माध्यम से न सिर्फ जनसंवाद किया, बल्कि योजनाओं का लाभ वितरण कर ग्रामीणों को राहत और विश्वास दोनों दिया।

ग्राम चौपाल में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया, राशन कार्ड, फ्लड रिलीफ किट और पीएम आवास चयन प्रमाणपत्र वितरित हुए। वहीं, चौगुर्जी को सड़क से जोड़ने के लिए सेतु निर्माण, पर्यटन विकास और स्मार्ट क्लास जैसी घोषणाओं से ग्रामीणों को भविष्य की एक नई तस्वीर दिखाई दी। ग्राम चौगुर्जी में संवाद के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल



ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री इस सुदूरवर्ती गांव के विकास को लेकर बेहद संवेदनशील हैं।

गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए सेतु निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द ही स्वीकृति की उम्मीद है। तब तक ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्लाटून पुल बनाया जाएगा। एट्ट के तहत स्ट्रीट लाइटें लगेंगी और नदी को पर्यटन के लिहाज़ से विकसित किया जाएगा, जहां वॉटर स्पोर्ट्स और बोटिंग जैसी सुविधाएं होंगी। विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीएम बच्चों के अक्षर ज्ञान से प्रभावित हुईं और शिक्षकों व अभिभावकों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब चौगुर्जी बार-बार देखा जाएगा और योजनाएं सिर्फ कागज़ पर नहीं, जमीन पर उतरेंगी। सुबह 5 बजे से ही प्रशासन आपके बीच है, क्योंकि अब चौगुर्जी प्राथमिकता है।

# सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में होगी टीबी रोग के संक्रमण की पहचानः डॉ. मार्कण्डेय

### 18 वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों में ही लगेगा इंजेक्शनः आशुतोष

### सीवाई टीबी इंजेक्शन के लिये प्रशिक्षण सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसया, कुशीनगर। सीएचसी सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में चलने वाले सीवाई टीबी इंजेक्शन कार्यक्रम के लिये अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने कहा कि सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों में टीबी रोग के संक्रमण की पहचान होगी। उसके बाद उस व्यक्ति को टीबी रोग से बचाव हेतु दवा चलायी जायेगी।

उन्होंने कहा कि यह इंजेक्शन केवल सीएचसी पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि सीवाई टीबी टेस्ट केवल टीबी रोग के संक्रमण की पहचान करने के लिये है। यह टीबी रोग से बचाव के लिये कोई टीका नही है।प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि यह इंजेक्शन 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों में ही लगेगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों तथा पीएल एचआईवी एवं सीएल एचआईवी से संक्रमित व्यक्तियो को नही लगेगा। उन्होंने कहा कि यह उन व्यक्तियों में प्राथमिकता से लगेगी जो उच्चजोखिम व्यक्ति हो जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है,जैसे-डायलिसिस पर चल रहे मरीज,हृदय एवं सांस के रोगी,सुगर के रोगी,गम्भीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति,टीबी मरीजों के साथ एवं सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों में।

ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अनिता यादव एवं एसटीएस शाहिद अंसारी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा रिपोर्टिंग के बारे भी बताया और कहा कि इसका संचालन चिकित्सालय परिसर में ही करना है।इस दौरान एआरओ रत्नेश यादव,एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी,विनोद वर्मा,विनोद कुमार शर्मा,एएनएम बीना दुबे,ममता भारती, स्टाफ नर्स रश्मि यादव,पूनम राय,संध्या मौर्या,अर्चना सिंह,रिंकी,सुनीता सिंह आदि उपस्थित रही।

# गन्ना सर्वेक्षण के समय खेत पर रहे किसानः करन सिंह

### 5 हजार हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र का सर्वेक्षण पूराःअवधेश गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । आगामी गन्ना पेराई के सत्र के लिए चीनी मिल परिक्षेत्र में बोए क्षेत्र में कितना गन्ना उपलब्ध होगा। जिसकी सही जानकारी के लिए गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिल द्वारा गया सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। गन्ना सर्वेक्षण के समय अधिकारी प्रतिदिन किसान के खेत पर जाकर निरीक्षण कर रहे है। अवध चीनी मिल हाटा के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने गन्ना सर्वेक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिया कि गन्ना खेत की चारों भुजा नाप कर सर्वे किया जाय, सर्वी के एक दिन पहले गांव में जाकर, किसानों को बताये कि आज सर्वे होगा। अधिशाषी अध्यक्ष ने अपील किया कि किसान अपने खेतो पर रहकर, सर्वेक्षण का कार्य कराये यह देख ले जितना पौधा, पेड़ी बोये हैं उतना सर्वे सही हुआ है या नहीं। जिससे पूरे सीजन में पर्ची के किए दौड़ना न पड़े। निरीक्षण के दौरान हाटा चीनी मिल के गन्ना उपाध्यक्ष अवधेश चन्द गुप्ता ने चीनी मिल के गन्ना सर्वेक्षण कर्मी किसी खेत में कीट का प्रकोप देखें तो किसान को खेत में छिड़?काव की सलाह दें। मिल अनुदान पर कीट नाशक दे रही है। श्री गुप्ता ने बताया कि जो किसान अभी तक पेड़ी गन्ने में उर्वरक नहीं डाले हैं वह गन्ना फसल की सिंचाई कर उर्वरक का प्रयोग करें। लगभग 5 हजार हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र का सर्वे पूरा हो चुका है। जिस किसान के नाम खेत है उसी के नाम से सर्वे का कार्य हो रहा हैं। गन्ना संस्थान पिचराईच के पूर्व सहक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने ग्राम बारेमीपुर, वेलवा बुजुर्ग, पड़री, जमदर, जगदीशपुर नरायनपुर में हुई गोष्ठी में कृषको को गन्ना सर्वेक्षण के विषय में विस्तार से बताया। मिल के। सर्वेक्षण कर्मियों को कड़ी धूप से बचाव के लिए अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह निर्देशन में आवश्यक समान उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# जीवित पेंशनर को मृतक घोषित करने पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलम्बित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि सुखराना पत्नी देवदत्त निवासी ग्राम पंचायत-हरदीटीकर, विकासखंड-जगतपुर के प्रार्थना पत्र के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दिये गये जांच निर्देश के क्रम में प्रकरण की जॉच मेरे द्वारा की गयी। जिसमें शिकायतकर्ता सुखराना जिन्हे वर्ष 2024-25 के पूर्व वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही थी, उन्हे वर्ष 2024-25 की द्वितीय किश्त की पेंशन अचानक बन्द होने पर भुगतानित पेंशनरों का सत्यापन कराये जाने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार यादव को जांच हेतु निर्देशित किया गया था, जिसे अनूप कुमार यादव द्वारा शिकायतकर्ता को मृतक घोषित करते हुए पेंशन बंद करने के लिए सत्यापन रिपोर्ट भेजी गयी। मेरे द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को इसके सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण देने हेतु निर्दिष्ट किया गया। जिसके जवाब में ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा दिये गये बयान के आधार पर सुखरानी को मृतक घोषित किया गया।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार यादव स्वयं द्वारा जारी परिवार रजिस्टर एवं जन्म-मृत्यु पोर्टल की युक्ति युक्त जांच किए बिना मात्र ग्राम वासियों के बयान के आधार पर सतही स्तर पर जीवित वृद्धावस्था पेंशनर सुखरानी को मृतक घोषित करते हुए उनकी पेंशन बंद करने की संस्तुति करने के दोषी पाए जाने के कारण आज तत्काल प्रभाव से अनूप कुमार यादव ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड-जगतपुर को निलम्बित कर दिया गया है।

# पेयजल जलसंकट पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, प्रदर्शन कर दी चेतावनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर । मई की झुलसाती गर्मी और टंकी के नलों से गायब पानी ने तमकुही विकास खंड के राजापाकड़ गांव के लोगों का सब्र तोड़ दिया है। एक वर्ष से पेयजल के बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीणों ने मंगलवार को शिवमंदिर परिसर में लगे नल के पास प्रदर्शन कर सरकार और विभाग को चेतावनी दी है कि अविलंब जलापूर्ति बहाल की जाय अन्यथा व्यापक जनांदोलन किया जाएगा।उक्त विकास खंड के सेमरा हर्दोपट्टी, राजापाकड़, तारविशुनपुर व खलवापट्टी चार ग्राम पंचायतों की लगभग 18 हजार आबादी के लिए वर्ष 2014-15 में पूर्व न्यू पीएचसी सेमरा हर्दोपट्टी के समीप 2.86 करोड़ रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक बनाया गया था। 4.5 किलोलीटर क्षमता वाले इस टैंक से लगभग 30 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाकर एक दर्जन पुरवों में जलापूर्ति की व्यवस्था की गई थी। एक वर्ष पूर्व वहां पोखरा के तट से होकर गुजर रही पाइपलाइन के नीचे की मिट्टी को मछलियों द्वारा काट दिए जाने से राजापाकड़ को जाने वाली लाइन ध्वस्त हो गई। इसके चलते चार पुरवों की जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। शेष तीन ग्राम पंचायतों की आपूर्ति भी टैंक के वाल्व खराब होने से बेहद अनियमित है। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि एक साल से कोई सुधार कार्य तक शुरू नहीं हुआ। मंगलवार को सूखे पड़े नल के सामने प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण दिनेश्वर यादव, राजनारायण उर्फ चुन्नू मिश्र, राज यादव, रवींद्र यादव, डा. विजय श्रीवास्तव, हरेंद्र यादव, मुकेश यादव, पप्पू यादव, सत्यनारायण यादव आदि ने कहा कि अब इंतजार नहीं होगा, यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो व्यापक जनांदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग व प्रशासन की होगी।इस संबंध में जलनिगम के अवर अभियंता हर्ष भट्ट ने कहा कि पोखरा के भीटा को मनरेगा से भरवाने का प्रबंध किया गया है। बुधवार को मौके पर निरीक्षण कर स्थायी समाधान का प्रयास होगा। जल्द जलापूर्ति बहाल कराने की बात कही गई है। परंतु ग्रामीणों का कहना है कि अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई और सूखे नलों से पानी चाहिए।

# सड़कों पर गंदगी फैला रहे हैं मुर्गा विक्रेता, बढ़ रही दुर्घटनाएं



राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बसडीला पाण्डेय, छहूँ, तुर्कपट्टी फाल, देवपोखर, गुरवलिया तथा बरवा राजापाकड़ के बंगरा पुल के पास स्थित बाजारों में मुख्य मार्गों के किनारे मुर्गा काटने वाले कारोबारियों द्वारा खुलेआम गंदगी फैलाई जा रही है। इन स्थानों पर आवागमन करने वाले राहगीरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा निरंतर बना हुआ है। बसडीला पाण्डेय चौराहे से पूर्व की ओर जाने वाले मार्ग पर मुर्गों के पंख व मांस के अवशेष खुलेआम फेंक दिए जाते हैं। कसया जाने वाले मुख्य मार्ग के उत्तर दिशा में देशी शराब की दुकान है, जिसके आसपास दर्जनों मुर्गा विक्रेताओं की दुकानें संचालित हो रही हैं। दूसरी ओर, शराब भट्ठी के सामने सड़क से सटे दक्षिण भाग में मांस-मछली का बाजार लगता है। बरवा राजापाकड़ क्षेत्र के बंगरा पुल के पास शराब भट्ठी के दोनों तरफ मुर्गा काटा जाता है। यहां हमेशा दर्जनों की संख्या में कुत्ते मंडराते रहते हैं और मांस के टुकड़े लेकर दौड़ते हुए अक्सर दोपहिया वाहनों से टकरा जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।मुर्गा विक्रेताओं द्वारा फेंके गए अवशेषों को खाने के लिए कुत्ते आपस में लड़ते रहते हैं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। ऐसे में राहगीर और वाहन चालक अक्सर चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा, अंडों के छिलके, पंखों व मांस के सड़े अवशेषों से दुर्गंध भी फैल रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस व प्रशासन इस समस्या से भलीभांति अवगत हैं, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

# कुएं में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कुसढ़ी सागरपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पीछे कुएं में एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, तो वहीं घटना की जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि कुएं में एक अज्ञात शव बरामद हुआ है जो छत विक्षत अवस्था में पड़ा था। जिसको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

बताते चलें कि क्षेत्र के कुसढ़ी सागरपुर तिराहे पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक कुएं में ग्रामीणों को एक अज्ञात शव पड़ा दिखाई पड़ा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दूरभाष पर कोतवाली पुलिस को दी सूचना मिलते ही तत्काल हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन घटना की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी और देखते ही देखते क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार वह कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया शव छत विक्षत अवस्था में था और कीड़े मकोड़े द्वारा शव को छत विक्षत कर दिया गया और शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो सकी शव की पहचान अंततह कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में मिले अज्ञात शव से सनसनी फैल गई है और लोगों में तरह-तरह की अफवाहों व चर्चाओं से बाजार गर्म है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारण का पता चल पाएगा यह बात समय के गर्भ में है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के हलोर चौराहे के पास बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक से अपने घर जा रहे एक 46 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, उधर अज्ञात वाहन चालक रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन समेत भागने में कामयाब रहा। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार की रात तकरीबन 9:00 बजे मझिगवां मजरे रीवा का रहने वाला कल्लू (46) पुत्र रामस्वरूप हलोर कस्बे से अपने घर जा रहा था, तभी शिवपुर मजरे हलोर के पास जैसे ही वह पहुंचा, सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक समेत वह गिर गया। घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई।

### सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में मेधावियों ने लहराया परचम

कुशीनगर। मंगलवार को जारी हुए सीबीएससी बोर्ड के इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में कस्बे के दो स्कूल के छात्र छात्राओं ने बेहतर अंक पाकर मेधा का परचम लहराया है और स्कूल और परिवार का मान बढ़ाया है। सेंट जोसफ स्कूल के इंटरमीडिएट में आमीना सदर ने 94 %अंक पाकर विद्यालय टॉप किया है। वहीं ऋतिक कुमार त्रिपाठी ने 93.2, श्लोक गुप्ता ने 92.4,जूही दूबे ने 91.6, अंशिका चौरसिया ने 91.4, स्नेहा बरनवाल तथा अनामिका शर्मा ने 89.6,राजबीर सिंह ने 87.8, आकांक्षा राय 87.6, प्रातथा आशिफ हुसेन ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जबकि संस्कार सेंट्रल एकेडमी के छात्र रेयान सिद्दीकी 92 तथा रजनीकांत यादव 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इन बच्चों के सफलता पर सीओ जोश, जेसी जोश, अजय उपाध्याय, संस्कार सेंट्रल एकेडमी के निदेशक पशुपतिनाथ जायसवाल, प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह, भाजपा नेता मनोज चौबे आदि ने बधाई दिया है।

# जमुरावा गांव में विशाल भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के जमुरावा हनुमान मंदिर परिसर में प्रथम मंगलवार के अवसर पर सुंदरकांड पाठ व हवन पूजन किया गया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताते चले की ग्राम पंचायत जमुरावा हनुमान मंदिर परिसर पर मिश्रा फाउंडेशन के आयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी शंकर मिश्रा ग्राम प्रधान अनुराग चौधरी पवन कुमार मिश्रा ब्रह्म दत्त त्रिपाठी जग दत्त त्रिपाठी कृष्ण सिंह आशीष मौर्य शिव शंकर सिंह राम बहादुर काशी प्रसाद आशीष मिश्रा मनीष त्रिपाठी गिरीश त्रिपाठी राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### हनुमान जी महाराज के दर्शन और पूजन के लिए मंदिर भक्त

महराजगंज,रायबरेली। वैसे तो हनुमान जी महाराज की हर दिन पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन मंगलवार को हनुमान जी की आराधना का विशेष महत्व है। यह महत्व तब और भी बढ़ जाता है जब जेष्ठ माह का बड़ा मंगलवार हो, ऐसे में ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार यानी आज के दिन कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित हनुमानगढ़ी में हनुमान जी महराज की पूजा आराधना करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के दर्शन और उनका पूजन करने के लिए मंदिर पहुंचे। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद छका और पूर्ण्य की प्राप्ति की। आपको बता दें कि, सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व होता है?। इस महीने में पड़ने वाले मंगलवार को बड़े मंगल के नाम से जाना जाता है, और बड़े मंगल के दिन हनुमान मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस महीने आने वाले पांचो मंगलवार के दिन हनुमान जी की विधि विधान से पूजा आराधना करने से जीवन में चल रहे तमाम तरह के कष्ट दूर होते हैं। इस बारे में मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि, प्रत्येक दिन हनुमान जी के लिए खास है, लेकिन ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगल तपन का मंगल है, जिसमें तपन तपस्या सफलता देती है, और जब कोई तपस्या हो जाती है तो उसका फल अच्छा मिलता है। उन्होंने बताया कि, ज्येष्ठ माह के सभी पांचो मंगलवार पर श्री हनुमानगढ़ी मंदिर समिति के तत्वाधान में सुबह 8:30 बजे से लेकर 11:30 तक हवन पूजन एवं 11:30 बजे से 3:30 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन, तत्पश्चात शाम 6 बजे से सुंदरकांड का शाश्वत पाठ और भव्य श्रृंगार पूजा आरती तथा प्रसाद वितरण के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसी क्रम में आज ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार पर हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# मेधावियों ने लहराया अपने मेधा का परचम

### एसबीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की इंटरमीडिएट में अनन्या ने किया स्कूल टॉप, हर्ष द्वितीय एवं वैदेही विद्यालय में रही तीसरे स्थान




पडरौना, कुशीनगर। सीबीएसई बोर्ड ने अपना परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है जिसमें एसबीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पडरौना के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। विद्यालय की अनन्या श्रीवास्तव ने 86.4% अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 86% प्राप्त करने वाले हर्ष जयसवाल विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहे हैं। वैदेही 85.6% के साथ तीसरे स्थान पर श्रेया कुमारी 84.8 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर जबकि अनुज कुमार यादव एवं आंचल गुप्ता 83.8 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। इसी प्रकार हाई स्कूल में निखिल पांडे को 88.2% अंक प्राप्त हुआ और वह विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे, जबकि कुणाल गुप्ता 87.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर,अपर्णा पांडे 86.4% के साथ तृतीय स्थान पर, विपिन कुमार 84.6% के साथ चौथे स्थान पर, नजीरा खातून 83.8 प्रतिशत के साथ पांचवे स्थान पर, जबकि अतुल्य रतन शुक्ला 83.4% साथ छठवें स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद चौबे, शिक्षक प्रमोद भारती, उमाकांत गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल, अमित रावत, इब्राहिम अंसारी,शशि भूषण कुशवाहा, इमरान आलम,विशाल शुक्ला आदि ने मेधावी छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें अपनी बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हाई स्कूल में निखिल पांडे प्रथम और कुणाल गुप्ता को मिला द्वितीय स्थान

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में एस.पी. पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, शत प्रतिशत रिजल्ट

राजापाकड़/कुशीनगर। मंगलवार को घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में एस.पी. पब्लिक स्कूल, गुरवलिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।विद्यालय के छात्र आशीष कुमार यादव ने 92.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। उनके बाद रत्नेश गुप्ता ने 91.2%, दीशु गोंड ने 90.6%, नितिन गुप्ता ने 90.4%, अनुष्का राय ने 89.9% तथा प्रियांशी यादव ने 88% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम से अभिभावक, शिक्षकगण एवं स्थानीय लोग गर्वित हैं। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. शक्ति प्रकाश पाठक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के डायरेक्टर आदित्य विशाल पाठक ने भी छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा, ल्लपिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है और मेरा प्रयास रहेगा कि यह भविष्य में और अधिक सफलता की ऊंचाइयों को छुए।

# सीडीओ ने किया पंडरी कृपाल ब्लॉक का निरीक्षण अनुपस्थित अधिकारियों का रोका वेतन

**मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण, निरीक्षण के दौरान मिली तमाम खामियां**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने मंगलवार क़ो पंडरी कृपाल ब्लॉक का औचक नि रीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्यव्रत श्रीवास्त व सहायक विकास अधिकारी आईएसबी एवं कुलदीप वर्मा,ब्लाक मिशन प्रबन्धक अनुपस्थित पाये गये। ब्लॉक पर अनुपस्थित पाये गये अधिकारियो और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अग्रिम आ देशो तक अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय कक्ष के सामने अ नुभाग का बोर्ड नहीं लगा हुआ था और न ही पटल सहायक के नाम,पद नाम का नाम पट्टिका ही लगा था,जिसके सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी पड़ री कृपाल को निर्देशित किया गया है कि नियमानु सार अनुभाग का बोर्ड लगवाने के साथ-साथ सम्ब न्धित पटल सहायक के नाम पट्टिका लगवाना सुनि श्चित करे।निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियो जना अधिकारी अनुपस्थित पाये गये,इनके अनुप स्थित के सम्बन्ध में उपस्थित प्रधान सहायक द्वारा बताया गया कि जनसुनवाई के प्रकरण में मुख्याल य गये है इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि बाल विकास परियो जना अधिकारी पण्डरीकृपाल के मुख्यालय से बाह र जाने के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति ली गयी है अथवा नहीं के इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगा गया है।निरीक्षण के दौरान बाल विकास परि योजना कार्यालय के भण्डारण कक्ष में पोषण साम ग्री अव्यवस्थति ढंग रखी हुई पायी गयी।

उपस्थित प्रधान सहायक द्वारा बताया गया दिनांक 13,14 व 15.मई को पोषण सामग्री का वितरण आंगनबा ड़ी केन्द्रों पर कराया जायेगा,किन्तु निरीक्षण के स मय तक कोई भी पोषण सामग्री का अवितरित क राया जाना पाया गया।इस सम्बन्ध में जिला कार्य क्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारि त तिथियों में प्रत्येक दशा में पोषण सामग्री वितरण कराना सुनिश्चित करें तथा 13, मई को पोषण साम ग्री अवितरित के सम्बन्ध में सम्बन्धित का स्पष्टीक रण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# विवाद में दो पक्षों में पथराव 9 आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र के आर्य नगर कस्बे में दुकान पर काउंटर रखने को लेकर हुए वि वाद में पुलिस ने नव पत्थरबाजों को गिरफ्तार कि या है।घटना सोमवार शाम करीब पांच बजे की है, जब दो पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज हुई,इसके बाद दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई,जिससे लगभग बीस मिनट तक गोंडा-बहराइच रोड याता यात बाधित रहा।पत्थरबाजी में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए,जिनका इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।सूचना मिलते ही कौड़ि या थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए थे,लेकिन कौड़िया पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही नव आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने ब ताया कि गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया भेज दिया गया है,और अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा कानून व्यवस्था का उल्लंघन किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल,मौके पर शांति बनी हुई है और क्षेत्र में पुलिस का सतर्क ता बरती जा रही है।

# सर्वेश पाठक बने पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन के वाइस चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। भारतीय कामगार कर्माचारी महासंघ के रा ष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक को भारत सरकार के अधीन संचालित पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद केंद्रीय बोर्ड समिति ने समाज सेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्पित सर्वेश पाठक को परिषद का उपाध्यक्ष वाईस चेयरमैन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति केंद्र सरकार के अधी न कार्यरत नेचर वेलफ़ेयर विभाग की एजेंसी के रू प में कार्यरत परिषद की एक महत्वपूर्ण पहल है जो पर्यावरण और वन संबंधी नीतियों एवं कार्यक्रमों की योजना, प्रचार-प्रसार और समन्वयन का कार्य करती है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय न कुलश्रेष्ठ ने दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में सर्वे श पाठक को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौं पा गया है,उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी की अनुशंसा पर की गई है।कुलश्रेष्ठ ने कहा उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान सदस्य सर्वेश पाठक ने समाजसेवा और संगठनात्मक का र्यों में जो कार्यकुशलता दिखाई है,उसी के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे।''परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्वि वेदी ने सर्वेश पाठक को इस नई भूमिका के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।नियुक्ति के उपरांत सर्वेश पाठक ने अपने वक्तव्य में कहा,''परिषद ने मुझ पर जो विश्वा स जताया है,मैं उसे जमीनी स्तर पर कार्य करके सार्थक सिद्ध करूंगा।मेरा उद्देश्य युवाओं एवं छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और वन संवर्धन के लिए प्रे रित करना रहेगा।'' उन्होंने विशेष रूप से केंद्रीय कै बिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव व केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और अपने प्रेरणा स्रोत राहुल द्विवेदी का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने आगे बताया कि आने वाले समय में 'मिनी फॉरेस्ट एरिया' की योज ना को धरातल पर उतारने के लिए वे संबंधित अ धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्था पित कर कार्य करेंगे।इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख कार्यकर्ताओं में मैथली शर्मा,राजेश,नवीन अंकित घई,रुद्र भारद्वाज समेत अनेक क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान केंद्र पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर पंचायत मिहींपुरवा के पश्चिम बस स्टैंड पर स्थित बब्लू साइकिल स्टोर वाले भवन में कंपटीशन तैयारी कर रहे, छात्र-छात्राओं के लिए एक बेहतर ज्ञान केंद्र पुस्तकालय एवं स्वतः अध्ययन सेंटर की स्थापना हुई है। मंगलवार को ज्ञान केंद्र पुस्तकालय का शुभारंभ फीता एवं केक काटकर किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य अभिभावक, अतिथि शिक्षक एवं प्रतियोगी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी ने कहा पुस्तकालय एवं स्वतः अध्ययन केंद्र हमारे लिए बहुत ही जरूरी है, क्योंकि यह शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुस्तकालय और अध्ययन केंद्र ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने के साथ ही शिक्षा में सुधार करने तथा व्यक्तिगत कौशल विकास में मदद करते हैं उन्होंने कहा इन केंद्रों की स्थापना से समुदाय को ज्ञान, शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।

वहीं ज्ञान केंद्र की संचालिका कैसर जहां ने बताया की प्रतियोगी छात्रों के लिए केंद्र में बेहतर सुविधाएं दी गई हैं, दौड़ भाग की जिंदगी में बच्चों के पढ़ने के लिए शांत वातावरण की जरूरत होती है, जो हमारे अध्ययन केंद्र में मिलेगा उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को जलपान कराते हुए सभी काआभार जताया।

इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी, संचालिका कैसर जहां, अफसर जहां, वसीम, राहुल, आकाशदीप, सुंदरलाल, जफर, विकास अग्रवाल, महिमा, तंजील, नंदिनी, जावेद, विपिन समेत दर्जनों प्रतियोगी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रथम मंगलवार को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन

**भंडारें में बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रहण किया प्रसाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर नगर के कई स्थानों पर भंडारे का भव्य आयोजन हुआ। धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने पहले विधिवत पूजा-अर्चना की और फिर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के रूपईडीहा रोड स्थित अष्टभुजा दुर्गा मंदिर, विश्वनाथ मंदिर निकट पुरानी तहसील, नवयुवक बालाजी संघ निकट आधुनिक पैथोलॉजी, कहारन टोला गुड गुड डेयरी के पीछे, एलआईसी बैंक के सामने मुक्तिनाथ साहू, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा जागृति की ओर से नगर में प्रथम मंगलवार को श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में हनुमान भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि यह भंडारा पूरे माह तक हर मंगलवार को श्रद्धालुओं की सेवा हेतु आयोजित किया जायेगा। भंडारे में खिचड़ी, पूड़ी सब्जी, बूंदी और हलवे का वितरण किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े श्रद्धा भाव से ग्रहण किया।

सेवाभाव से प्रेरित स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों ने आयोजन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा जागृति की अध्यक्ष अनामिका टेकरीवाल, सचिव अनुजा टेकरीवाल, कोषाध्यक्ष क्षमा सिंघानिया, सदस्य राशि, सीमा, सरिता सोनल, वीना, रोली, अनामिका, नमिता खेमका, अष्टभुजा दुर्गा मंदिर पर डीके श्रीवास्तव, शिवपुर रोड पर नवयुवक बालाजी संघ के प्रदीप जायसवाल, दिलीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार प्राइवेट बस और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में रूपईडीह ब्लॉ क के सामने तेज रफ्तार प्राइवेट और रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बसों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया घटना गोंडा--बहराइच रोड रुपईडीह ब्लॉक के सा मने खड़े 32 वर्षीय बाइक सवार सतीश को भी प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी।घायल सतीश को सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

यह हादसा उस समय हुआ जब गोंडा रोडवेज बस स्टॉप से एक ब स आर्यनगर होते हुए बहराइच की ओर जा रही थीइसी दौरान बहराइच से एक तेज रफ्तार आ रही प्राइवेट बस ने उसे टक्कर मार दी थी जिससे कि रोडवेज बस का अगला हिस्सा पूरी तरह छतग्रस्त हो गया था,वही मौके पर पहुंची कौड़िया बाजार पु लिस ने दोनों बसों को रास्ते से हटवाकर यातायात बहाल करवाया।कौड़िया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना वर्ष 2025-26 अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि आनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थी को आवेदन की हार्ड कापी समस्त अभिलेखों के साथ जिला उद्योग केन्द्र में जमा करना होगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को पासपोर्ट साइज की फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट/परियोजना समरी कार्ड, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, परिवार के अश्रितों की संख्या, मकान का विवरण, पापुलेशन सर्टीफिकेट तथा रू. 10 मूल्य के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र की आवश्यकता होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनकी आयु 18-40 वर्ष, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण हों तथा पूर्व में लाभार्थीपरक किसी अन्य योजना अथवा इस योजना में अनुदान प्राप्त न किया हो, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजना अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग हेतु रू. 25.00 लाख एवं सेवा उद्योग के लिए रू. 10.00 लाख का प्राविधान है। जिस पर लाभार्थी को 25 प्रतिशत अनुदान देय होगा। श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी कार्यावधि में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु 05 जून तक कर सकते हैं आवेदन

बहराइच । प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. के अन्तर्गत जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच 103 नानपारा रोड बहराइच, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा, 104 लखैय्याकला नानपारा बहराइच, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेहुवा मंसूर महसी, 219 गडवा बहराइच एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा 220 बंजारन टाण्डा नानपारा बहराइच में माह अगस्त 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु अच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन के माध्यम से 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ के हेल्पडेस्क नम्बर 0522-4150500, 7897992063 दूरभाषः 0522-2336115, 9628372929 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# महिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं वेंटिलेटर पर, जांच रिपोर्ट के लिए भटकते रहे मरीज

**जिला महिला अस्पताल के सीएमएस के बिगड़े बोल, जो छापना हो छाप दीजिए**

**जिला महिला अस्पताल में दूर दराज से आने वाले मरीजों व तीमारदारों को करना पड़ता है दिक्कतों का सामना,तानाशाह बने सीएमएस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। ईश्वर से मनाइए कि आपको कभी जिला महिला अस्पताल न आना पड़े।यहां पर मरीजों को इलाज के लिए तमाम तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है।जांचों के साथ ही रिपोर्ट लेने तक में मु श्किलों का सामना करना पड़ता है।इतना ही नहीं, रिपोर्ट लेने के लिए मरीजों व तीमारदारों को घंटों इंतजार करना पड़ता है,क्योंकि समय से काउंटर नहीं खुलता है और जिम्मेदार नदारद रहते हैं।जि ला महिला अस्पताल में मंगलवार को जांच रिपोर्ट लेने के लिए कई महिलाएं सुबह आठ बजे से पहले ही पहुंच गयीं,लेकिन काउंटर पर ताला जड़ा था। अस्पताल में सुबह 8:30 बजे तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा था,जिससे दूर-दराज इलाकों से अपनी जांच रिपोर्ट लेने आईं महिला मरीजों को भीषण गर्मी में इंतज़ार करना पड़ा।बताया गया कि इस काउंटर से अक्सर कर्मचारी नदारद रहते हैं, जिस से जांच रिपोर्ट लेने में काफी दिक्कतें होती हैं।यह सिर्फ एक-दो दिन की बात नहीं है,बल्कि ऐसा ही सिस्टम है।बेलगामी का आलम यह है कि ज्यादा कुछ कहने या पूछताछ करने पर मरीजों को झिड़ क दिया जाता है।जिला महिला अस्पताल में गंदगी का भी साम्राज्य है,जिससे इंफ़ेक्शन के साथ ही शिशुओं व प्रसूताओं में बीमारी फैलने का भी ख तरा बना रहता है।इससे पैदा होने वाले मच्छर म रीजों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।जिम्मे दार अफसर सब कुछ जानते हुए भी खामोशी की चादर ओढ़कर सो रहे हैं।यह व्यवस्था तब है,जब सूबे की योगी सरकार अस्पतालों की व्यवस्था चा क-चौबंद रखने का सख्त निर्देश दे रखी है। इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी और जिम्मेदार अधिकारी व चिकित्सक लापरवाह नजर आ रहे हैं।मंगलवार को एक महिला के दर्द होने पर उसके परिजन परे शान थे।वह स्टाफ को खोज रहे थे।

ऐसे में पता च ला कि वार्ड में मरीजों के लिए नियुक्त स्टाफ यहां पर बैठने के बजाय डिलेवरी रूम के पास ही एक साथ बैठती हैं। जब कोई बुलाने जाता है, तब वह आती हैं।आने के बाद मरीज पर नाक भौं भी सि कोड़ती हैं।महिला अस्पताल में बने न्यू वार्ड को एसी वार्ड बताया जा रहा है,लेकिन एसी चल ही नहीं रही है,जिससे यहां पर भर्ती होने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।वार्ड में मच्छरों के कारण मरीज परेशान हैं।वार्ड के अंदर जाने के लिए रास्ते के दोनों तरफ गंदा पानी जमा है।यह पानी बदबूदार है। एक तीमारदार ने कहा 'क्या करें भइया,यह अस्पताल है या कैदखाना..?' न कोई साफ सफाई,न ही अन्य प्रबंध।वार्ड के भीत र मवेशी आराम से घूमते नजर आए।वह कभी कि सी को दौड़ाते हैं,तो किसी का सामान खा जाते हैं। दूसरे वार्ड में जाने पर एक बाहरी व्यक्ति वहां पर मरीजों से पैसा मांगते हुए दिखाई दिया।यह हाल तब है,जब अस्पताल प्रशासन सुरक्षा के इंतजाम का दावा कर रहा है।

तमाम तीमारदारों ने बताया कि सही मायने में महिला अस्पताल में लूट मची हुई है और कोई मरीजों का पुरसाहाल नहीं है। इलाज के नाम पर तब तक खानापूर्ति की जाती है, जब तक नजराना न दे दिया जाय।हद तो यह है कि सीएमएस से किसी की मुलाकात ही नहीं हो सकती है।इतना ही नहीं,तीमारदारों का आरोप है कि सीएमएस फोन तक नहीं रिसीव करते हैं। ऐसे में शिकायत करें तो किससे करे...?

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक आडियो

सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हो रहा है जो जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.देवे न्द्र सिंह व एक मीडियाकर्मी के बीच हुई बातचीत का बताया जा रहा है।वायरल आडियो में जब एक मीडियाकर्मी सीएमएस डॉ.देवेन्द्र सिंह से अस्पता ल खुलने का समय पूछता है तो वह कहते हैं कि वो आपको भी पता है।अपनी दिक्कत,अपनी सम स्या बताइए।आपको दिक्कत क्या है.? सीएमएस ने कहा कि अपनी कोई समस्या हो तो वो बताइए। वरना फोन मत किया करिए।जब उनसे मीडिया कर्मी द्वारा कहा गया कि स्पताल में साढ़े आठ-नौ बजे तक कोई मिलता नहीं है।जब रिपोर्ट लेने मरी ज जाते हैं,तो उन्हें जांच रिपोर्ट नहीं मिलती है।इस पर उन्होंने कहा कि क्या बात करते हैं ..? मैं खुद साढ़े सात बजे आ गया हूं।सीएमएस डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि आपके पास जो गूगल फोटो है, उसको छापिएगा।हमें कोई दिक्कत नहीं है।

## सिंचाई विभाग के ठेकेदारों पर मानक के अनुरूप कार्य न करने का प्रधान ने लगाया आरोप



**पूरनपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने शारदा नदी में बन रहे स्परों के कार्य मे लापरवाही बरतने व मानक के विपरीत कार्य करने का जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया हैं ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां के राजस्व गाँव नगरिया खुर्दकला व भूरा गोरख डिब्बी के शारदा नदी में बन रहे स्पर संख्या- 26,25,23.22 21, व 20 का कार्य प्रगति पर चल रहा है। उक्त स्परो के कार्य बहुत ही लापरवाही से ठेकेदार व सिंचाई विभाग के अधिकारियो के मिली भगत से किया जा रहा है। मानक के अनुरुप कार्य न कराकर मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहा है। जिससे बाढ़ के समय स्परों की टूटने व फटने के अलवा ग्रामीणो की जान-माल की हानि होने की संम्भावना है।

## दस दिवसीय 'रंगमंच कार्यशाला' का होगा आयोजन

**पूरनपुर।** संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृति संरक्षण हेतु पूरनपुर के भसीन इन्टरनेशनल स्कूल में भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ एवं अम्बर कल्चरल सोसाइटी जटपुरा तहसील पूरनपुर जनपद पीलीभीत के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा में रंगमंच के महत्व के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन ''रंगमंच कार्यशाला'' का आयोजन 12 मई से 21 मई तक 10 दिनों के लिए किया जा रहा है। जिसमें 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के प्रशिक्षु शामिल होकर विषय-वस्तु के रूप में आंगिक अभिनय की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षण भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ से प्रशिक्षित कलाकार एवं रंगमंच निर्देशक आकाश चन्द्र तिवारी देंगे।

## एसबीआई की ओर से यूपी बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सम्मानित किया गया।नगर की एसबीआई शाखा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक मोहम्मद सलमान ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। कहा कि यह छात्रो की कड़ी मेहनत तथा समर्पण का फल है। यह लगन उन्हें आने वाले वर्षों में बनाए रखनी है। क्योंकि अगले तीन साल महत्वपूर्ण हैं। जहां से उनका भविष्य तय होगा।

# बदहाली के आंसू रो रहा स्पोर्ट हाल

### विभागीय अधिकारी मौन नहीं ले रहे सुध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रांगण में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड पीलीभीत कार्यदायी संस्था द्वारा क्षेत्रीय सांसद विकास निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-2023 में स्वीकृत किया गया था।जिसकी लागत 25 लाख रुपए निर्धारित की गई थी।जिसका शिलान्यास पूर्व सांसद वरुण गांधी ने 19 अक्टूबर 2022 को संपन्न हुआ था। लेकिन विभागीय देखरेख अभाव में स्पोर्ट हाल खंडार में तब्दील होने की कगार पर है। साफ सफाई न होने के कारण चारों तरफ गंदगी का अंबार दिखाई दे रहा है।जगह-जगह पर बड़े बड़े कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे है। परिसर में गंदा पानी भर जाने के कारण जगह-जगह पर बड़ी-बड़ी घास उग आई है। स्पोर्ट हाल को देखकर लग रहा है कि कई सालों से हाल में अभी तक किसी प्रकार का कोई कार्यक्रम विभाग द्वारा संपन्न नहीं हुआ है। पड़ोस में ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय में बैठते हैं लेकिन उनको भी अपने प्रांगण में बने इस स्पोर्ट हाल को देखने की जरूरत नहीं समझते हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदर एवं



प्रभारी ईओ नगर पालिका परिषद आशुतोष गुप्ता से बात करने के लिए उनका मोबाइल नंबर 9454415862 लगाया लेकिन उठ नहीं सका।

## युवाओं ने जेठ के प्रथम मंगलवार को शरबत का किया वितरण



**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के भवानीगढ़ चैराहे पर युवाओ ने जेठ के प्रथम मंगलवार को शरबत का वितरण किया। दोपहर एक बजे भवानीगढ चैराहे पर युवाओं ने जेठ माह के पहले मंगलवार को संयुक्त रूप से स्टाल लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को शरबत का वितरण किया। मई माह की चिलचिलाती धूप में क्षेत्र के राहगीर शरबत पीकर युवाओं को धन्यवाद दिया। हलियापुर कूरेभार मार्ग पर स्थित शरबत वितरण स्टॉल पर ठंडा शरबत पिया गर्मी के दिनों में युवाओं की यह अच्छी पहल है। इस अवसर पर शुभम मिश्रा विशाल तिवारी लवकुश मिश्रा महेश यादव नंदकुमार यादव सर्वेश यादव आशुतोष मिश्रा सहित क्षेत्र के अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## विधायक के काफिले के वाहन में ट्रक ने मारी टक्कर

**बल्दीराय/सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुद्ध पूर्णिमा पर क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों से वापस लौट रहे इसौली विधायक के काफिले में चल रहे वाहनों पर जान से मारने की नीयत से ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में काफिले का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। विधायक के बीच बचाव के बाद जब घटनास्थल से विधायक पारा चैराहे पर पहुंचे तो ट्रक ड्राइवर मो0 दानिश ने साथियों के साथ दुबारा पहुंचकर विधायक व उनके हमराहियों से गाली गलौज करते हुए असलहा छीनने का प्रयास करते हुए मारपीट की। घटना की लिखित तहरीर विधायक के गनर ने बल्दीराय पुलिस को दी है। बता दे कि सोमवार रात करीब 09 बजे इसौली विधायक मो ताहिर अपने सरकारी गनर के साथ बल्दीराय थाना क्षेत्र हैधनाकला से बुद्ध पूर्णिमा के कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में अनियंत्रित ट्रक चालक द्वारा विधायक के काफिले में चल रहे वाहन पर जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी। घटना में काफिले का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।जिसके बाद विधायक के सरकारी गनर ने ट्रक ड्राइवर को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक ड्राइवर ने गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की।जिस पर विधायक ने क्षेत्र की जनता का हवाला देते हुए मामले को शांत करा दिया। विधायक का काफिला जब घटना स्थल से पारा चैराहा की तरह चला गया तो ट्रक ड्राइवर ने पीछा करते हुए पारा चैराहे पर ट्रक ले जा कर खड़ी कर दिया और विधायक सहित काफिले को ढूंढना शुरू किया तो जानकारी करके पारा-हलियापुर रोड पर सेमरा के पास विधायक क्षेत्रीय काम निपटा रहे थे वहीं ट्रक ड्राइवर मो0 दानिश पुत्र मो0 अहमद अपने 20, 25 साथियों के साथ पहुंच मारपीट करने लगा व सरकारी गनर का असलहा छीनने की कोशिश करने लगा। तब गनर ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना की लिखित सूचना विधायक के गनर शहमुद्दीन व मो शाहजहां खान ने पुलिस को दी है।

## श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भागवत जी में भगवान को सत्य कहके सम्बोधित करके वंदना की गयी है।भागवत जी के वाचन व गायन के अधिकारी का वर्णन करते हुये महाराज जी नें कहा कि भागवत जी का अधिकारी वही है जो कपट से मुक्त है इसके लिये व्यक्ति को मत्सर रहित होना पड़ेगा और इसके लिये दूसरे की समृद्धि पर प्रसन्न होना सीखना पड़ेगा। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि सूत जी ने नैमिशारण्य में शौनकादि मुनि से छह प्रश्न पूछे है और यह पूरी भागवत जी की कथा इन्हीं प्रश्नों के उत्तर स्वरूप है। महाराज जी नें कहा कि भक्ति हमारी अहैतुकी और अप्रतिहता होनी चाहिये भक्ति के लिये कोई भौतिक कारण नहीं होना चाहिये और जीवन का परम उददेश्य मात्र उस परम तत्व को जानना है और ये मनुष्य शरीर से ही भगवान के स्वरूप का साक्षात्कार किया जा सकता है।भगवान के गुणों के गायन की महिमा का परिणाम ही था कि दासी का पुत्र बह्मा जी के मानस पुत्र के रूप में जन्म लिये है।

## शातिर महिला का एक और कारनामा, घर लौट रहे युवक को बनाया लूट का शिकार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रवासियों सावधान अगर आप ग्राम पंचयत लाह के रस्ते से होकर गुजर रहे हैं। तो संभल जाइए। यहां एक शातिर महिला आपका रास्ता रोककर चिकनी चुपड़ी बातें कर अपने घर ले जाएगी। इसके बाद ब्लैकमेलिंग कर आपकी जेब खंगाल लेगी। पिछले सप्ताह एक व्यक्ति की जेब खंगालने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। एक युवक ने महिला पर घर ले जाकर हजारों की नगदी निकालने व मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। विरोध पर साथी संग मिलकर मारपीट की। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। शातिर महिला जेल भी जा चुकी है।पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव लाह जाने वाले मार्ग पर एक शातिर महिला अपने गुर्गो के साथ मिलकर भोले भाले लोगों को शिकार बना रही है। वह बिना काम धाम के ऐसो आराम की जिंदगी की रही है। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को घर बुलाकर ब्लैकमेल रुपए ठगती है। क्षेत्र के गांव पंजाबा निवासी सुनील कुमार ने बताया 12 मई शाम 7-30 बजे सेहरामऊ क्षेत्र के गांव नजीरगंज में रह रही बहन के घर से वापस घर आ रहा था। रास्ते में लाह मोड़ के पास उसकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया। थोड़ी दूर पैदल चलने पर उसे किराने की दुकान पर पेट्रोल बिकता दिखा।पहुंचने पर दुकान पर बैठी महिला से पेट्रोल मांगा तो उसने घर के अंदर कैन से पेट्रोल निकलवाने को कहा। इसके बाद युवक घर के अंदर चला गया। तभी शातिर महिला और उसके गहलुइया निवासी साथी ने पकड़ लिया। इसके बाद युवक पर तमंचा तान कर जेब में रखी 6500 की नगदी मोबाइल छीन लिया। मना करने पर उसकी जमकर पीटा। इसके बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## योगी सरकार में भी अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद, प्लांट के सामने किया अवैध रूप से कब्जा पीड़ित ने समाधान दिवस में पहुंचकर की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शेरपुर रोड पर कई वर्षों से अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उक्त मामले की शिकायत समय-समय पर उच्च अधिकारियों से की गई थी।लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ नगर निवासी इमरान खान पुत्र हाजी नौशे खा ने प्रभारी अधिकारी समाधान दिवस को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा कि पीड़ित का एक प्लांट शेरपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के आगे सड़क के पास स्थित है। प्लांट के पड़ोस में रहने वाला साजिद पुत्र दन्ने हलवाई निवासी मोहल्ला अहमदनगर लगातार कई वर्षों से पीड़ित के प्लांट के आगे नाले व शेरपुर रोड की जगह पर लड़कियों का स्टॉक,चाय व पान का होटल, काउंटर सहित अन्य सामान लगाकर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है।जिस कारण पीड़ित को अपने प्लाट पर आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित ने उक्त व्यक्ति से कई बार नाले व सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा लेकिन उक्त व्यक्ति अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहा है।और उल्टा पीड़ित को ही फर्जी केस में फसाने की नाकामयाब कोशिश कर रहा है। उक्त व्यक्ति साजिद काफी झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है। जो आए दिन ग्राहकों के साथ अन्य ग्रामीण राहगीरों के साथ झगड़ा करने के लिए मशहूर है और ऐलानियां धमकी देता है।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वावधान में शनिवार को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पंकज पाल ने प्रथम और अनुज कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हिमांशु, हर्षित राजपूत, हर्ष कुमार और अंकित कुमार के प्रयासों की भी सराहना की गई।कार्यक्रम के दौरान विज्ञान शिक्षक आर. पी. गंगवार ने बताया कि 11 मई को हर वर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को भारत की तकनीकी प्रगति और उपलब्धियों के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने बताया कि 11 मई 1998 को देश में एक साथ कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज हुईं थीं – जिनमें स्वदेशी हंसा विमान की उड़ान, त्रिशूल मिसाइल का परीक्षण और पोखरण में सफल द्वितीय परमाणु परीक्षण शामिल हैं। इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस दिन को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' घोषित किया था।शिक्षक ने बताया कि भारत का पहला परमाणु परीक्षण भी पोखरण में ही 18 मई 1974 को किया गया था, जिसे सांकेतिक रूप से 'लाफिंग बुद्धा' कहा गया था। यह परीक्षण तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुआ था।2025 की थीम : यंत्र ऽ नई प्रौद्योगिकी अनुसंधान और त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने 2025 की थीम 'यंत्र ऽ नई प्रौद्योगिकी अनुसंधान और त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर' पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह थीम देश की तकनीकी दिशा और युवा शक्ति की भूमिका को रेखांकित करती है।विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को समझाते हुए वक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी, विज्ञान के सिद्धांतों का व्यावहारिक उपयोग है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि साइकिल एक दोपहिया मशीन है, जिसमें ऊर्जा संरक्षण, कोणीय गति, घर्षण, कास्टर सिद्धांत, जड़त्व आघूर्ण, बल और गति, ज्यामिति, सस्पेंशन, ब्रेक और स्प्रिंग जैसे अनेक वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रयोग होता है। यही सिद्धांत मिलकर प्रौद्योगिकी का स्वरूप तैयार करते हैं।कार्यक्रम से जागरूकता को मिली गतिसमिति के सदस्यों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से किशोर पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका समझने में सहायता मिलती है। यह राष्ट्र के विकास और शक्ति के लिए आवश्यक है कि युवा वर्ग तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक समझ को अपनाए।

# पूर्व सांसद ने की ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने अपनी एक्स पर पोस्ट करके लिया कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध शून्य-सहनशीलता नीति को संपूर्ण विश्व में हमेशा-हमेशा के लिए स्थापित कर दिया है।हमारे वीर सपूतों ने आतंक की फैक्ट्री बन चुके पाकिस्तान में नौ आतंकी लॉन्चपैड नष्ट किए है।साथ ही कई वांछित आतंकवादी को मार गिराये हैं। और पाकिस्तान के भीतर घुस कर हमने यह स्पष्ट किया कि अब आतंकी और उनके संरक्षक दोनों की जवाबदेही हर हाल में तय होगी।भारत की वायुशक्ति ने पाक की रक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया हैं। बिना किसी संसाधन की क्षति, त्रि-सेना समन्वय और आकाशतीर प्रणाली की भूमिका ने हमारी सैन्य तैयारी को वैश्विक मान्यता दिलाई।स्वदेशी हथियार प्रणालियों की सटीकता और क्षमता ने भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक मजबूत फोर्स के रूप में स्थापित किया।दुनिया भर से भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को समर्थन मिला। आपरेशन सिंदूर के बाद से अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान के आतंकी संगठन और वहाँ की सरकार एक ही पैमाने से देखे जाएँगे।पाकिस्तान का प्रवक्ता बना वैश्विक मीडिया का एक समूह कितना भी झूठ फैला ले, सच चीख कर पाकिस्तान की बर्बादी की गवाही दे रहा है।हमारे देश और हमारे प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है।अगर यह युद्ध का युग नहीं है। तो आतंकवादी का भी युग नहीं है।आतंक जहाँ से भी आएगा,अब भारत का उत्तर निर्णायक होगा।आतंक के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान बन चुका ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

# पुलिस ने उड़ीसा से गांजा लाकर सप्लाई करने वाले पांच कारोबारियों को पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने ओनडीह नहर पुलिया के पास से छह किलो छह सौ पचास ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के साठ हजार रुपये के साथ पांच अन्तर्जनपदीय कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ओनडीह नहर पुलिया के पास दो मोटरसाइकिल पर बैठे पांच व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर नाम पता पूंछने पर रविन्द्र सोनकर पुत्र स्वर्गीय राम बाबू सोनकर निवासी सेमरपाहा थाना लालगंज जनपद रायबरेली,सूरज सविता पुत्र रवि शंकर निवासी संतनगर थाना लालगंज जनपद रायबरेली, दिलीप पाल पुत्र राम सुमेर पाल निवासी पूरे सुभानवेग मजरे बहाई थाना लालगंज जनपद रायबरेली,सोनू पासी उर्फ शत्रुजीत पुत्र रामनाथ निवासी पूरे सकठू मजरे डिघौरा सोममऊ थाना हरचंदपुर,लव कुमार उर्फ आंशू पुत्र राम सनेही निवासी चकमझौना थाना गुरूबक्शगंज जनपद रायबरेली बताया।अपाचे मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 सीबी 9263 व स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 एक्यू 3991 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में रवीन्द्र सोनकर के कब्जे से साठ हजार रुपये नगद व आठ सौ पचास ग्राम गांजा, सूरज सविता के कब्जे से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा, अभियुक्त दिलीप पाल के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा ,सोनू पासी उर्फ शत्रुजीत के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा एव लव कुमार उर्फ आंशू के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार सभी लोगों ने बताया कि हम सभी लोग मिलकर उड़ीसा राज्य से गांजा लाकर रायबरेली,अमेठी व आस पास के जनपदो में गांजा बेचने का कार्य करते है।बरामद रुपये गांजा बेचने से प्राप्त हुये है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# भजनों एवं जयकारों के साथ हुआ ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कादीपुर/सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन रामायण एवं वेद अभिरुचि कार्यशाला के सातवें दिन दिनांक 13 मई को आयोजित रामचरितमानस गान एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष कादीपुर आनंद जायसवाल जी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यालय के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कादीपुर आनंद जायसवाल ने कहा कि भगवान राम का चरित्र वह आदर्श अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है। 'निशिचरहीन करहु महि भुज उठाइ पन कीन्ह। सकल मुनिन्ह के आश्रमहि जाइ-जाइ सुख दीन' आसुरी प्रवृत्तियों का नाश करना धर्म है, राष्ट्र की प्रगति में जो बाधा हो उसे मिटा देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने कहा कि भगवान राम की पिता के प्रति भक्ति, प्रजा के प्रति दया, गुरु के प्रति सेवा, माता के प्रति भक्ति व अन्य सभी गुण व आदर्श भैया बहन अपने जीवन में उतारने से जीवन मंगलमय होगा, आप भी देश समाज परिवार के आदर्श होंगे। प्रतिभागी भैया बहनों ने मुख्य अतिथि के सम्मुख रामचरितमानस का गान एवं वाचन की प्रस्तुति की गई। बहनों द्वारा गाया गया भजन श्री रामचंद्र कृपालु भजु मन जिस पर आए हुए अतिथि भावविभोर हो उठे। कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहनों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक दीनबंधु सिंह ने बताया कि इन सात दिनों में हमारे भैया बहनों ने प्रभु श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतरने का प्रण किया है, कार्यक्रम का संचालन नीरज पान्डेय ने किया। इस मौके पर सहायक प्रशिक्षक कृष्णदेव सिंह एवं आशुतोष पान्डेय दिव्यांशु पान्डेय आदि मौजूद रहे।

# सिद्धपीठ आश्रम से प्रसिद्ध चंदौर क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने की उठी मांग

### सिद्धि प्राप्त ऋषियों/महात्माओं का कर्मस्थल है चंदौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। तीन-तीन सिद्धपीठ आश्रम से सुशोभित चन्दौर में ,आदि गंगा गोमती( धेनुमती) वर्तमान दौर में सरकारी उपेक्षा की दंश झेल रही हैं। लगभग पांच दशक बाद सांसद मेनका संजय गांधी के प्रयास से जहां इनके कायाकल्प को बल मिला तो अब वर्तमान में सरकारी उपेक्षाओं से आदि गंगा गोमती माता की साफ सफाई की अव्यवस्था के दृष्टिगत, प्रशासन की अनदेखी पर सवाल खड़ा कर दिया है।

सत्यसाईंदाता सिद्धआश्रम, असइत बसइत सिद्धपीठ व बाबा ब्रम्हचारी सिद्धपीठ जोकि पूर्वकालीन मान्यताएं समेटे हुए हैं। इस पावन धरती ने सुल्तानपुर को कई प्रकांड विद्वान दिए हैं। जिनमें पं0रामलगन जी, पं0रामनरेश जी, पं0 भैरवबक्श दूबे, पं0गोकुल तिवारी प्रमुख थे, जो ब्रम्हचारी महाराज जी के परम शिष्य थे। 1955 के पहले (गोमती) धेनुमती की पुरानी धारा यहीं से होकर गुजरती थी। भारतीय वेदों, पुराणों में जिनका वर्णन है। इनके स्नान व स्मरण मात्र से ही प्राणियों का कल्याण होता है स्वयं आज वही गोमती माता चन्दौर में सरकारी उपेक्षा की शिकार बनी है। 1955 ई0के पहले गोमती नदी की स्वच्छ निर्मल धारा श्रद्धालुओं व आनेजाने वाले लोगों के मन मोह लेती थी। और नदी के नई धारा बदलने के बाद धीरे-धीरे नदी में अतिक्रमण बढ़ता गया। नदी का स्वरूप बदलता गया और अंततः स्वच्छ जल प्रवाह की जगह जंगली झाड़ियों व जलकुंभियों ने ले लिया। चन्दौर ग्रामसभा सहित 42 मौजा के त्रिलोकचंदी बैश्य क्षत्रियों के प्रमुख गुरु, सिद्धपीठ असइत बसइत बाबाह्र पर क्षत्रिय परिवारों के अनेकानेक कार्यक्रम आएदिन होते रहते हैं। साथ ही मान्यता है कि चन्दौर के तीनों सिद्धपीठ आश्रम पर लोग झूंठ बोलने की हिम्मत नही जुटा पाते हैं। ''आधा नाम समुद्रसुत, आधा नाम शरीर ।''

''जोजन चार अवध से, बसा गोमती तीर ।।''

तीन सिद्धपीठ आश्रम से आच्छादित चन्दौर के बगल बहती हुई धेनुमती (गोमती नदी की स्वच्छ निर्मल पावन धारा आने जाने वाले श्रद्धालुओं का मन मोह लेती थी। तराई का यह क्षेत्र सन्त महात्माओं की तपस्थली है। ब्राम्ही, शंखपुष्पी, बरियारा, धौलबरुआ, अतिबला आदि औषधियों का अपार बनौषधि बाहुल क्षेत्र है। क्षेत्र के नौगवां निवासी अवध कुमार सिंह सिंह, पीपरगांव के अंशुमान सिंह, नागेंद्र सिंह, देवता प्रसाद सिंह, ओमेंद्र सिंह (बब्बू) प्रधान, पूरे हेम सिंह राम नगर के हेमंत सिंह, राज सिंह (लक्षमण )प्रधान प्रतिनिधि, तीरगांव प्रधान राकेश सिंह, समरजीत सिंह, खरा प्रधान दिव्यराज सिंह, बिसावां, बलवंत सिंह पीरोसरैया मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, आशुतोश सिंह, अंकित सिंह, चन्दौर निवासी रणजीत सिंह, पू0 प्र0अध्यापक, सिंह ,पं0 धर्मेन्द्र शास्त्री, ज्ञान पांडेय, उत्तम सिंह महमूदपुर, राजेन्द्र शुक्ल एडवोकेट, डॉ0बलराम मिश्र फत्तेपुर आदि ने उ0 प्र0 शासन से इस क्षेत्र को औषधीय क्षेत्र तथा धार्मिक पर्यटन स्थल घोषत करवाने की मांग की है।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक रचनात्मक प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सुलतानपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय, साढ़ापुर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'ईको क्लब गतिविधिह्न का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरणीय समस्याओं जैसे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, सूखा पड़ना और हरियाली संरक्षण के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना था। गतिविधि के तहत छात्रों को चार्ट पेपर और क्राफ्ट संबंधित सामग्री प्रदान की गई। उन्होंने इनकी सहायता से पर्यावरणीय मुद्दों को चित्रों और हस्तकला के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने चार्ट पेपर पर पेड़ों की कटाई के दुष्परिणामों को रंगीन चित्रों के माध्यम से दर्शाया। उन्होंने यह भी दिखाया कि कैसे पेड़ों की कमी से वर्षा कम होती है, जिससे सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कुछ छात्रों ने सूखे की स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों के चित्र बनाकर पानी की कमी और उसके प्रभावों को स्पष्ट किया। एक अन्य गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने गमलों में छोटे-छोटे पौधे(क्राफ्ट विधि से) लगाकर यह संदेश दिया कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर हरियाली बढ़ाने का प्रयास करना चाहिये।इससे छात्रों को पौधारोपण की प्रक्रिया, उसकी देखभाल एवं महत्व के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिली।यह कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी पर्यावरण रक्षा हेतु इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाएंगी।

# बालिकाओं स्त्रियों का शिक्षा विहीन जीवन, शोषण का शिकार

देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण,अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा,साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है। बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता हैस जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक हैस अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता हैस इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगास शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंस शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैस जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैस साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैस साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैस शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैस ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैस सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैस ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएस शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है। जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैस महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# आतंकिस्तान अब भी नहीं सुधरा तो रण भीषण होगा

**भारतीय सेना द्वारा जो जानकारी साझा की गई है उससे स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों सहित वहां के 11 एयर बेस भी पूरी तरह से तबाह हो गये हैं जिसमें रणनीतिक महत्व वाले सरगोधा जैसे अड्डे भी शामिल हैं। माना जाता है कि सरगोधा वही स्थान है जहाँ पाकिस्तान के परमाणु हथियार रखे थे। किराना के हिलने के बाद आतंकिस्तान सहित अमेरिका आदि देशों की नींद उड़ गई और पाकिस्तान को हमेशा की तरह एक बार फिर घुटनों पर आकर युद्ध विराम की मांग करनी पड़ी । जब भारतीय हमले की सीमा में पाकिस्तान का परमाणु जखीरा भी आ गया और उनके परमाणु कमांड सेंटर के पास ब्रह्मोस मिसाइल गिरी तब जाकर पाकिस्तान ने अमेरिका से गुहार लगाई और यह सीजफायर हुआ किंतु यह सीजफायर भी भारत की ही शर्तों पर हुआ है। विश्व के इतिहास में पहली बार किसी देश ने किसी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के अंदर घुसकर आतंकी कैम्पों पर इस तरह की कार्यवाही की है इसकी तुलना अमेरिका द्वारा एबटाबाद पर हमला करके बिन लादेन से नहीं की जा सकती है।**




पहलगाम में विगत 22 अप्रैल 2025 को हुए वीभत्स आतंकी हमले के बाद भारत की सेना ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की सफल कार्यवाई की। पाकिस्तान की सेना ने इसमें आतंकियों का साथ देने का निर्णय किया और भारत के नागरिक तथा सैन्य ठिकानों को चोट पहुँचाने के लिए हमले किये। 10 मई 2025 को भारतीय सेना के आक्रामक प्रहार के पश्चात अंततः पाकिस्तान ने युद्ध विराम की गुहार लगाई। भारतीय सेना का आतंकवाद के खिलाफ यह अभियान पूर्णतः सफल रहा जिसमें पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को लगभग तबाह कर दिया गया। भारतीय सेना द्वारा जो जानकारी साझा की गई है उससे स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों सहित वहां के 11 एयर बेस भी पूरी तरह से तबाह हो गये हैं जिसमें रणनीतिक महत्व वाले सरगोधा जैसे अड्डे भी शामिल हैं। माना जाता है कि सरगोधा वही स्थान है जहाँ पाकिस्तान के परमाणु हथियार रखे थे। किराना के हिलने के बाद आतंकिस्तान सहित अमेरिका आदि देशों की नींद उड़ गई और पाकिस्तान को हमेशा की तरह एक बार फिर घुटनों पर आकर युद्ध विराम की मांग करनी पड़ी । जब भारतीय हमले की सीमा में पाकिस्तान का परमाणु जखीरा भी आ गया और उनके परमाणु कमांड सेंटर के पास ब्रह्मोस मिसाइल गिरी तब जाकर पाकिस्तान ने अमेरिका से गुहार लगाई और यह सीजफायर हुआ किंतु यह सीजफायर भी भारत की ही शर्तों पर हुआ है। विश्व के इतिहास में पहली बार किसी देश ने किसी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के अंदर घुसकर आतंकी कैम्पों पर इस तरह की कार्यवाही की है इसकी तुलना अमेरिका द्वारा एबटाबाद पर हमला करके बिन लादेन से नहीं की जा सकती है। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान भारत के कूटनीतिक प्रयास भी उत्कृष्ट रहे। चीन, तुर्किए और अजरबैजान को छोड़कर दुनिया का कोई भी देश पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा होने का साहस नही कर पाया।ईरान ने अवश्य कुछ प्रयास किया किन्तु वह भी सफल नहीं हुआ। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब अगर पाकिस्तान एक भी गोली चलाएगा तो फिर भारत गोला ही दागेगा। अपनी रणनीति को बदलते हुए भारत ने तय किया है कि अब पाक प्रायोजित किसी भी आतंकवादी घटना का इसी प्रकार जवाब दिया जायेगा और किसी भी आतंकी घटना को युद्ध के समान ही माना जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आधुनिक रक्षा प्रणालियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर निर्दिष्ट हमले करकर न केवल आतंकी ठिकानों को समाप्त किया गया वरन सौ से अधिक आतंकवादियों को भी मिटटी में मिला दिया गया। सेना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। बहावलपुर स्थित मरकज सुभानअल्लाह जो आतंकियों का सबसे बड़ा मुख्यालय तथा प्रशिक्षण केंद्र था, मुरिदके स्थित मरकज तैयबा और मुजफ्फराबाद स्थित मरकज सैयादानी बिलाल पूरी तरह से तबाह हो गये हैं। इन तीनों ठिकानों की शुरुआत अफगानिस्तान में सोवियत संघ की सेना के खिलाफ युद्ध करने वाले कट्टरपंथियों के जरिये पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने करी थी। इन्हें पाक पुलिस व स्थानीय सेना उसी तरह से संरक्षण दे रही थी जिस तरह वह कई वर्षों तक ऐबटाबाद में ओसामा बिन लादेन को पोषित करती रही थी । सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के सरजल और मेहमूना जोया आतंकी कैप को भी बर्बाद कर दिया गया। इसके अलावा पांच आतंकी ठिकाने पीओके में थे जिसमें मुजफ्फराबाद में लश्कर का सवाईलाना कैंप और जैश का सैयदना बिलाल केपपूरी तरह से तबाह कर दिया गया। इसके अलावा भिंबर में भी बरनाला आतंकी कैंप भी तबाह कर दिया गया है। आतंक के खिलाफ इस कार्यवाही में 100 से अधिक आतंकी मारे गये हैं। मारे गए ये सभी आतंकी किसी न किसी बड़ी आतंकी घटना में शामिल रहे थे। इनमें कंधार विमान अपहरण कांड का मुख्य आरोपी, पुलवामा घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी तथा पांच प्रमुख आतंकवादी सरगना मारे गए हैं जिससे आतंकी संगठनों का तंत्र पूरी तरह से हिला हुआ है। भारत द्वारा आतंक के खिलाफ छेड़े गए इस युद्ध को पाकिस्तान ने अपने ऊपर ले लिया और भारत पर हमला बोल दिया। पाकिस्तानी हमले के बाद भारत के पलटवार से पाकिस्तान के 11 एयसरबेस को भारी नुकसान पहुंचा है। नूरखान एयरबेस तबाह होना पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका है क्योंकि पकिस्तानी वायुसेना यहीं से अपने विमानों में ईंधन भरती है। भारत ने इस एयरबेस पर इतना भयानक हमला किया कि यह एयरबेस पूरी तरह से तबाह हो या । इधर भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी ड्रोन विमान व मिसाइल को अंदर नहीं घुसने दिया। भारत के पास आज इतनी अच्छी तकनीक है कि यदि कोई मिसाइल, ड्रोन या लड़ाकू विमान इसकी सीमा के अंदर घुसता है तो उसका मार गिराया जाना सुनिश्चित है। यह स्ट्राइक इतनी सटीक थी कि सभी इसकी प्रशंसा कर रहे हैं। भारत ने अब सिद्ध कर दिया है कि उसने आतंक से लड़ने के निमय बदल दिये हैं। अब भारत की सेना दुश्मन के ठिकानों को उनके घर में घुसकर ठोक रही है। आतंकियों को पाताल से भी खोजकर सजा दी जा रही है । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंक का बीज बोकर भारतवासियों को बार -बार रुलाया है, अब बहुत हुआ । ऑपरेशन सिंदूर की गहराई को अगर देखा जाये तो पता चलता है कि इस ऑपरेशन की जद में आज तक हुई सभी प्रमुख आतंकी घटनाओं के गुनाहगार आ गए , वे या तो मारे गए हैं या बनकर में छुपे हुए मौत का इंतज़ार कर रहे हैं। भारत ने अपनी रणनीति, संकल्प, संयम सभी की नई परिभाषा गढ़ी है । भारत ने किसी सैन्य बेस को तब तक निशाना नहीं बनाया जब तक पाकिस्तान ने हमला नहीं किया। ऑपरेशन सिंदूर ने एक ऐसी लक्ष्मण रेखा खींच दी है जिसे कोई भी आतंकी अब नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन और तुर्किए के हथियार आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी हथियारों के समक्ष कमजोर साबित हुए हैं। आकाश ब्रह्मोस ने ही पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उधर पाकिस्तानी और भारत के लेफ्ट लिबरल मीडिया ने भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार के युद्ध का मोर्चा खोला हुआ था, किन्तु भारतीय सेना उनके एक- एक झूठ को प्रमाण के साथ बेनकाब कर रही थी। भारतीय सेना का सन्देश स्पष्ट है कि, ॢअब हम अपने लोगों की सुरक्षा के लिए जब चाहें, जहां चाहें घुस कर वार कर सकते हैं। हम पूरी तरह से तैयार व तत्पर है। हमने अगले मिशन के लिए तैयारी पूरी कर ली है। हमारे पास आज एक से बढ़कर एक अति आधुनिक तकनीक है। आतंक के खिलाफ लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है अगर पाकिस्तान व आतंकी नहीं सुधरे तो रण बहुत भीषण होगा। **– मृत्युंजय दीक्षित**

# आंदोलनकारी पत्रकारिता का परचम थे के. विक्रम राव

**गौरव अवस्थी**

क्या, के विक्रम राव नहीं रहे ! अभी कल ही तो उन्होंने व्हाट्सएप पर अपना आलेख भेजा था। कल ही क्यों? उनके आलेख नियमित आते ही रहते थे। खास मुद्दों पर। खास परिस्थितियों पर। पत्रकारिता के इतिहास पर और अपनी आपबीती पर भी। उनके लेख इतिहास और भूगोल बताते थे। नीति और सिद्धांत के मार्गदर्शक दस्तावेज होते थे। पत्रकारिता की वह चलती फिरती पाठशाला थे। अरे! अरे!! मैं भी निरा बेवकूफ पाठशाला नहीं, विश्वविद्यालय थे। हम जैसे रिटायर हो चुके पत्रकारों के लिए भी वह प्रेरणा थे। इस मायने में भी कि कैसे आखिरी क्षण तक सदाचारिता के साथ सक्रिय बने रहा जाए...। कहने को, वह इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे लेकिन पद से वह बहुत बड़े थे। अनुभव में, इंसानियत में और अपने से छोटों को प्रोत्साहित करने में भी। मेरा उनसे कभी प्रत्यक्ष परिचय नहीं हुआ। मिलना-मिलाना भी कभी नहीं हो पाया पर ऐसा भी नहीं कह सकते कि उनसे मेरा सघन परिचय नहीं। उनके 6 दशक पुराने सक्रिय पत्रकारीय इतिहास से परिचय जरूर था। उनके द्वारा भेजे गए लेख हमें उनसे रोज परिचित कराते थे। उनकी लेखनी, उनकी याददाश्त और उनकी रचनात्मक आंदोलनकारिता जबरदस्त थी। और यही उनसे मेरा परिचय प्रगाढ़ बनाता जा रहा था। मैं व्यक्तिगत रूप से उनका मुरीद था। आप सोच रहे होंगे, मिलने पर तो कोई बनता नहीं। बिना मिले भी ऐसा कैसे हो सकता है? इसका एक कारण हमारी अपनी पत्रकारिता के जीवन का वह पन्ना है जो कभी धूमिल नहीं होने देंगे। जीवन के साथ भी-जीवन के बाद भी। वह राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार और हम जिला स्तर के कथित ब्यूरो चीफ। 15 साल पहले का एक वाकया हमें तो याद ही है। आज उनके न रहने पर यह वाकया आपकी यादों की पोटली में भी दर्ज करने को मन उद्यत है। 28 साल हम हिंदुस्तान में अपनी सेवा देकर पिछले साल फरवरी में रिटायर हुए। 26 साल हिंदुस्तान में रायबरेली में ही सेवाएं दीं। कोई 15 साल पुरानी बात है। तब नवीन जोशी जी स्थानीय संपादक थे। खबर थी पूर्व मंत्री (अब स्मृतिशेष) दल बहादुर कोरी ने विधायक रहते हुए दसवीं की परीक्षा अच्छे नंबरों से पास की। यह खबर, फ्रंट पेज पर बॉक्स आइटम में तीन कॉलम में बाइलाइन छपी। पत्रकारों के लिए बाइलाइन खबर एक खास रिवॉर्ड है। खाना मिले ना मिले बाइलाइन लाइन खबर जरूर मिले। लखनऊ एडिशन में भी इस खबर को हूबहू जगह मिली। फ्रंट पेज पर बाइलाइन खबर को लेकर मन ही मन लड्डू फूट ही रहे थे के सुबह 8 बजे एक अपरिचित नंबर से कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही आवाज गूंजी- गौरव, मैं के विक्रम राव बोल रहा हूं...। एक अच्छी खबर के लिए तुम्हें बधाई, हमने नवीन से तुम्हारा नंबर लिया।' उनके 'नवीन' हमारे तब भी आदरणीय थे और आज भी। उनसे पत्रकारिता के जरूरी टिप्स समय-समय पर हमें ही क्यों हिंदुस्तान में कार्यरत सभी पत्रकारों को समय-समय पर मिलते ही रहे। तब संपादक सिखाते थे और अब केवल टोकते। के विक्रम राव जी का नाम ही काफी था। हमने फोन पर ही प्रणाम किया और आगे भी आशीर्वाद बनाए रखने की कामना-प्रार्थना की। हमारे व्यक्तिगत और हमारी पत्रकारिता के जीवन में वह दिन यादगार था, है और रहेगा भी। हमने तुरंत नंबर सेव किया। वह दिन और आज का दिन, जब-कब बात भी होती रही। उनसे मिलने का मन अक्षर करता ही रहता था पर व्यस्तता ने यह साध पूरी नहीं होने दी। वैसे व्हाट्सएप उनसे रोज मिलने का जरिया था ही। ज्यादा उनकी तरफ से और कभी-कभार मेरी। आज, फ़ेसबुक पर किसी की पोस्ट देखकर सहसा विश्वास ही नहीं हुआ। अभी कल ही उन्होने एक लेख भेजा था। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात का प्रसंग भी एक दिन पहले साझा किया था। वह ऐसे पत्रकार थे, जिन्होने जेल में भी दिन गुजारे। यातनाएं भी सहीं। जीवन के आखिरी क्षण तक सक्रिय रहते हुए जीवन को अलविदा भी कह दिया, जैसे कभी आपातकाल में संस्थागत पत्रकारिता को कहा था..। पत्रकारिता के ऐसे अप्रतिम पुरोधा को कोटि-कोटि नमन। ईश्वर उन्हें अपनी चरण-शरण में लेंगे ही, हमारी प्रार्थना तो बस औपचारिकता ही होगी।

## सेहत मंत्र

# केले के छिलके की चाय पीजिये फिर देखिये स्वास्थ्य को होते हैं कितने लाभ

केला एक ऐसा फल है, जो विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों से युक्त होता है। अगर हम आपसे पूछें कि आप केले के छिलकों का क्या करते हैं तो आप यकीनन जवाब देंगे कि आप उन्हें डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केले की तरह ही उसके छिलके में भी बहुत अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिन्हें आप यूं ही डस्टबिन में फेंक देते हैं। आमतौर पर केले का छिलका स्वाद में कड़वा होता है और इसलिए उन्हें खाना आपके लिए शायद कठिन हो। लेकिन अगर आप चाहें तो केले के छिलकों से चाय तैयार करके उसका सेवन कर सकते हैं। यह पीने में भी स्वादिष्ट होती है और इससे आपको वह सभी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जिन्हें आप अब तक कूड़े में फेंक देते हैं। तो चलिए जानते हैं केले की चाय बनाने का तरीका और उससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में- सबसे पहले तो आप चाय बनाने के लिए ऐसे छिलकों का इस्तेमाल करें, जो अत्यधिक पके हुए हों। दरअसल, जब आप पके केले के छिलकों का इस्तेमाल करते हैं तो उनका छिलका अपेक्षाकृत पतला और मीठा होता है। अब चाय बनाने के लिए आप गैस पर पानी रखकर उसमें छिलके डालकर दस मिनट के लिए उबालें। आप चाहें तो इसमें दालचीनी का एक टुकड़ा भी मिला सकते हैं। इससे आपकी चाय का स्वाद और गुणवत्ता दोनों बढ़ जाती है। अब आप गैस बंद करने के बाद हल्का ठंडा करके पीएं। केले की चाय पीने से आपके शरीर को बहुत ही अद्भुत फायदे होते हैं। खासतौर से यह कैंसर के रिस्क को काफी हद तक कम करने में मदद करता है। दरअसल, इसमें एंटीकिरिनोजेनिक, कंपाउड के साथ-साथ साइप्रोटेक्टिव और एंटीमेटेजेनिक गुण पाए जाते हैं जो कैंसर के रिस्क को कम करता है। इसके अतिरिक्त इसमें पाइफ्लेओलॉल्स और कैरोटीनोइड जैसे पाइटोकेमिकल्स भी पाए जाते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं जो कैंसर से लड़ने में आपकी मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

## पर्यटन




# गर्मियों में भी खूब लुभाता है नेवादा

नेवादा हर मौसम में पर्यटकों को लुभाता है। चाहें सर्दी हो या गर्मी, नेवादा के पास अपने यहां आने वालें के लिए पयार्प्त मनोरंजक और लुभावने संसाधन मौजूद हैं। जैसे-जैसे मौसम गमार्ता जा रहा है, लोग आदर्श ग्रीष्मकाल का दिवास्वप्न देखने लगते हैं, ऐसे में नेवादा उनके सपनों की उम्मीदें पूरी करने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है। जो लोग अमेरिका घूमना पसंद करते हैं, वे नेवादा को नहीं चाहेंगे, ऐसा कैसे हो सकता है। इसका कारण भी है। नेवादा हर मौसम में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है और इसके पास हर मौसम तथा हर तरह का मनोरंजन तथा आकर्षण चाहने वालों के लिए कुछ न कुछ है। गर्मियों में नेवादा में क्या करना है, यह हम आपको बताते हैं। ज्यादातर लोगों ने बर्निंग मैन के बारे में सुना है, शायद यह यहां का सबसे अद्भुत उत्सव का अनुभव है, लेकिन नेवादा में सिर्फ यही एक अनूठा उत्सव नहीं है। इस राज्य में सभी किस्म के कला-प्रशंसकों के लिए विकल्प हैं, जैसे लेक ताहोइ शेक्सपियर उत्सव, जिसमें जुलाई से अगस्त तक रात में कला-प्रस्तुतियां आयोजित होती हैं और इसमें लेक ताहोइ पृष्ठभूमि के रूप में इस्तेमाल की जाती है। इसके अलावा आप बिना कोई भावी योजना के, लोक कला प्रदर्शनियों में भी जा सकते हैं, जैसे सेवन मैजिक माउंटेन्स, लास वेगास के बाहर ही स्थित विशाल रंगीन शिलाएं, या लास्ट चर्च का अंतरराष्ट्रीय कार फॉरेस्ट, जहां सभी किस्म और आकार की सजी हुई कारें आकाश की तरफ मुंह करके रेगिस्तान में धंसी रहती हैं। चांदी के राज्य के रूप में सराबोर, नेवादा में सैकड़ों भुतिया नगर हैं, जहां सन 1800 के आखिर एवं 1900 ईसवी की शुरूआत के खनन नगर अब भी विद्यमान हैं। वैसे हैलोवीन के दौरान इन नगरों में घूमने का मजा अधिक रहता है, पर वसंत एवं ग्रीष्मकाल में यहां दिन में लंबी सैर करने से यात्री हरेक नगर के अतीत के बारे में जान सकते हैं और यहां के खंडहरों का भ्रमण कर सकते हैं। आप चाहें संभवतः मनुष्यों एवं डायनासोरों के भूतों के नगर बर्लिन की यात्रा करें, या फिर रियोलाइट में खूबसूरत जर्जर ढांचे देखें, आपको उनमें उस स्वर्णिम खनन युग की झलक जरूर मिलेगी।

# प्रथम बड़ा मंगल चहुं ओर महाबीर की जय जयकार भंडारा आयोजन





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जेठ माह के प्रथम मंगलवार को हनुमानजी महाराज के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।सुबह से ही मंदिरों में भजन-कीर्तन आयोजन शुरू हो गया जो दिनभर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस अवसर पर बजरंगबली के भक्तों समाजसेवियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सिविल लाइन में भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी, ओसिश लान में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश जायसवाल द्वारा भव्य भंडारा आयोजित किया गया। देर शाम तक भोजन प्रसाद वितरण हुआ। रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि मोहल्ला रानी पार्क कस्बा स्थित पक्का तालाब हनुमान मंदिर पर सेमराय निवासी समाजसेवी गिरजेश सिंह धीरज पूर्व प्रधान आशीष सिंह रणवीर सिंह एवं बीडीसी बलबीर सिंह द्वारा छोला-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं मंदिर के महंत गुरुदेव मिश्रा सुखदेव व सतीश कुमार मिश्रा द्वारा संचालित भंडारे में पूरी-सब्जी खीर और बूंदी का वितरण किया गया।रामकुमार मिश्र अजय जायसवाल एवं मास्टर उमेश कुमार ने श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया।नगर पंचायत के रानी एक वार्ड की सभासद नीलम मिश्रा के पति एवं समाजसेवी अवनीश मिश्र द्वारा सपरिवार अपने आवास पर सुंदरकांड का पाठ पूर्ण कर प्रसाद स्वरूप पूरी सब्जी व बूंदी वितरित की गई ये प्रसाद नगर में घर घर पहुंचाया गया। चेयरमैन रामशरण पाठक महंत बीपी दास बाबा जी सभासद राजेश शुक्ला पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव प्रशांत शुक्ला पुतान दीक्षित सपा नेता डॉ.अवध राम वर्मा ज्ञानेश वर्मा अरविंद यादव सुरेंद्रनाथ मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार संत कुमार उपाध्याय रामकुमार शुक्ला पिंटू भैया सहित सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय सुनंदा गैस एजेंसी पर समाजसेवी अवधेश शुक्ला के पुत्र अभिनव व अन्य परिजनों के साथ मिलकर धर्मानंद संतोष सिंह राजेश तिवारी और जगजीवन श्रीवास्तव की सहभागिता से श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक पूरी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।ग्राम सीहामऊ स्थित बाबा मोतीपुरी स्थल पर कल्लू दीक्षित ने श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया।इसी प्रकार रानीबाजार महादेवा गणेशपुर चंदनापुर सहित क्षेत्र के अन्य हनुमान मंदिरों पर भी भंडारों का आयोजन हुआ जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। आर के मौर्य के मुताबिक इस बार पांच बड़ा मंगल है। हर भोले मंगल पर भव्य आयोजन होंगे?। सिद्धौर के अनुसार क्षेत्र के जमालपुर गांव में लव कुश रामचंद्रभानपुर में वहां हनुमान मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा शुक्राणपूर्वा में सेवानिवृत्ति कानून को जयप्रकाश पांडे द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सिरौली गौसपुर -दुलहदेपुर स्थित जीबीएस कॉलेज में सुंदरकांड पाठ का आयोजन प्रसाद वितरण हुआ। विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहे। पंजरौली चौराहे पर हनुमान मंदिर पर आशीष वर्मा के नेतृत्व में कन्या भोज व भंडारा का आयोजन हुआ। शिक्षक शिवा मिश्रा ने तहसील के सामने प्रसाद छोले चावल पूरी प्रसाद वितरण किया?। बड़ा मंगल के अवसर पर कस्बा मौली भाषा बड़ागांव भयाना नैना मा सदरूद्दीन को सफदरगंज दादर रसौली सहित ग्रामीण अंचल में शिविर लगाकर शरबत पिलाया गया। भोजन प्रसाद वितरण हुआ

## ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को जगह जगह पर आयोजित हुए भंडारे

**रामसनेही घाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के किठैया के राजस्व संग्रह अमीन अशोक व दादूपुर में पुष्पेंद्र सिंह बबलू के दरवाजे पर ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित हुआ विशाल भंडारा । जहां पर हनुमान जी की आरती व पूजा पाठ के तदोपरान्त शुरू किया गया विशाल भंडारा । जहां पर दूर दराज वह आसपास के श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । भंडारे का आयोजन में स्थानीय वरिष्ठ जन व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने भंडारे के आयोजन में शामिल होकर भंडारे को सफल बनाया। किठैया में आयोजित भंडारे। के संयोजक सूरज सिंह पत्रकार व आशीष सिंह के साथ, शैलेंद्र यादव , मोनू द्विवेदी, ज्ञानचंद गुप्ता ने मिलकर भंडारे को सफल बनाया। इस मौके पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी सुनील मिश्रा आशु शुक्ला रूपेश प्रताप सिंह लक्की अतुल कुमार सिंह आशीष सिंह मनोज कुमार सिंह बिंदू पंडित वेद प्रकाश सोनू सिंह सत्येंद्र सिंह आशुतोष मिश्रा हरेंद्र सिंह अमरेन्द्र सिंह सोनू सिंह पेचरूआ बृजेन्द्र सिंह राजसिंह इत्यादि हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## टैबलेट पाकर मुदित हुए छात्र–छात्राएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जीबीएस कालेज दुल्हदेपुर में मंगलवार को आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में आईटीआई के 30 छात्र–छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए।विभागाध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की डिजिटल इंडिया से युवाओं को जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। सिंह ने छात्रों को टैबलेट का सदुपयोग करने की सलाह दी।विभागाध्यक्ष ने छात्रों से कहा कि वे इन टैबलेट का उपयोग अपनी पढ़ाई और ज्ञान वर्धन के लिए करें। उन्होंने बताया कि इससे छात्र अपनी शिक्षा में प्रगति कर सकेंगे। साथ ही अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन कर सकेंगे।कार्यक्रम में आकिब सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। टैबलेट पाकर छात्र–छात्राएं प्रसन्न नजर आए।

## बोलेरो पेड़ से टकराई छः जख्मी

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बोलेरो असंतुलित हो पेड़ से टकरा गई। छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानीबाजार चौराहे के पास हुआ।बोलेरो बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही थी।घटना की सूचना मिलते ही रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर छह घायलों को जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया।घायलों में रेशमा 30 वर्ष अरमान सलीका रिजवान फरमान गुलजार और चालक अनुराग शामिल हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक प्रणव श्रीवास्तव ने बताया कि सभी को सुबह 7 बजे एंबुलेंस से लाया गया था।

## बाइक भिड़ी अधिवक्ता समेत दो जख्मी, रेफर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के पीठापुर मोड के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों में हुई भिड़ंत में अधिवक्ता अरविंद तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी पुरनिया जख्मी हुए। वहीं निशांत यादव पुत्र प्रमोद यादव हमीद नगर थाना सफदरगंज जो बदोसराय में एक रेस्टोरेंट पर पनीर लेकर जा रहे थे, घायल हो गये। घायलों का डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर निकली शोभायात्रा

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ी राखमऊ से मंगलवार करीब 3 बजे हनुमान जी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकली। शोभा यात्रा के दौरान भक्तगण अबीर गुलाल उड़ाते हुए जय घोष करते हुए धार्मिक धुन पर थिरक रहे थे! शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टिगत सीओ सदर कोतवाली प्रभारी जैतपुर के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। शोभा यात्रा विभिन्न रास्तों से होती हुई। अब्दुल्लापुर मार्ग पर स्थित जैदपुर के श्री बालाजी महाराज मंदिर पहुंचे। जहां पर श्रद्धालुओं ने बाला की महाराज के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## वैज्ञानिक ढंग से प्याज की करें खुदाई एवं भण्डारण, होगा बेहतर लाभ : डॉ. अरुण सिंह

**कानपुर।** प्याज ऐसी फसल है जिसकी बाजार में मांग भी सदैव रहती है और दाम भी बेहतर मिल जाते हैं। इन दिनों यह फसल लगभग पककर तैयार हो गई है। लेकिन खुदाई और भण्डारण में जानकारी के अभाव में किसान अधिक लाभ नहीं प्राप्त कर पाते। ऐसे में किसानों को चाहिये कि इसकी खुदाई और भण्डारण वैज्ञानिक ढंग से करें। खासकर जून और जुलाई माह में भण्डारण के दौरान अधिक देखभाल की जरुरत है। ऐसा करने से किसान बेहतर लाभ पा सकते हैं। यह बातें मंगलवार को वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कही। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में प्याज की फसल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। लेकिन यह तभी संभव होगा कि जब प्याज की खुदाई उपरांत तकनीकी तथा भंडारण आदि क्रियाएं वैज्ञानिक तरीके से की जाए। उन्होंने बताया कि प्याज फसल की लगभग 50 प्रतिशत पौधों का ऊपरी भाग झुक जाने तथा पत्तियां पीली पड़ जाने के एक सप्ताह बाद खुदाई करनी चाहिए। वर्तमान समय में क्षेत्र की अधिकांश फसल लगभग पक कर तैयार है। कटाई उपरांत प्रबंधन में प्याज कंदों पर ढाई से तीन सेंटीमीटर छोड़कर ऊपर की सूखी पत्तियों को हटा देना चाहिए। इसके पश्चात सड़े, गले व रोग ग्रस्त कंदों को हटाकर अलग कर देना चाहिए, फिर कंदों के आकार के आधार पर ग्रेडिंग की जाती है।

## पुरानी रंजिश में मोटर साइकिल सवार युवक को मारी गोली

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में नई बाजार के समीप मंगलवार को मोटर साइकिल सवार बदमाश एक युवक को गोली मारकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने गोली से घायल युवक को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया है। हमले की वजह जमीन से जुड़ा हुई पुरानी रंजिश प्रकाश में आई है। पुलिस परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर पंकज लवानिया ने बताया कि प्रतापगढ़ के देल्हूपुर निवासी फकरे आलम मंगलवार को मोटर साइकिल से मऊआइमा के लिए आ रहा था। रास्ते में नई बाजार के समीप पीछे से मोटर साइकिल सवार दो बदमाश पहुंचे और गोली मारकर फरार हो गए। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। परिवार से तहरीर लेकर इस सम्बंध में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम दो युवकों की तलाश में जुटी हुई है। हमले की वजह जांच के दौरान पता चला है कि जमीन को लेकर पड़ोसी सगीर अहमद से बीते काफी दिनों से विवाद चल रहा है।

## जेल जाने से बचाने का झांसा देकर तीन लाख ठगे, फिर भी बेटा गया जेल, दी तहरीर

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना छजलैट क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी गांव के युवक ने उसके बेटी को एक केस में समझौता कराकर जेल जाने से बचा लेने का झांसा देकर उसे ?3,00,000 ठग लिए। इसके बावजूद भी उसका उनका बेटा जेल चला गया। अब वह पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना छजलैट प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, जो भी तथ्य जांच में सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। छजलैट के सराय खजूर निवासी छिद्दा का आरोप है कि सात महीने पहले पड़ोसी गांव के युवक बिस्मिलहा ने उसके बेटे को एक केस में समझौता कराकर जेल जाने से बचा लेने का झांसा देकर उससे तीन लाख रुपये ले लिए थे। आरोप है कि इसके बाद भी उसका बेटा जेल चला गया था। वह पांच महीने बाद जमानत पर छूटकर बाहर आया है। पीड़ित ने कहा कि अब रुपये वापस मांगने पर आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

## अन्ना गोवंश से टकराकर गिरे बाईक सवार दम्पत्ति, पत्नी की मौत

**हमीरपुर।** मंगलवार को सिसोलर थाना क्षेत्र के टोलामाफ गांव से निमंत्रण कर बाइक से लौट रहे दम्पति छुट्टा गोवंश से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पत्नी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पिता पुत्र को गम्भीर हालत में सदर अस्पताल रेफर किया गया। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के अतरैया डेरा निवासी लालमन (40) अपनी पत्नी सुरेखा (35) व पुत्र कृष्णा (4) के साथ अपनी चचेरी साली की शादी में निमंत्रण के लिए सिसोलर थानाक्षेत्र के टोलामाफ गांव गए हुए थे। निमंत्रण कर बिना हेलमेट लगाए बाइक से वापस आ रहे थे। तभी मुंडेरा गांव के निकट सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे सभी लोग अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





## मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित जीते पांच पदक

एजेंसी

पटना। बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। आज यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए, जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49.291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36.6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15.142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37.2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40.233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35.6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ल्मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21.245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उनके साथी महादेव सारन ने 40 मिनट 49.486 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.9 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक भी राजस्थान के ही महावीर सारन के नाम रहा, जिन्होंने 41 मिनट 43.480 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.1 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी की। यह वाकई में राजस्थान के साइकिलिस्टों के लिए एक यादगार दिन रहा, जिन्होंने मरीन ड्राइव पर अपनी स्पीड और स्टेमिना का लोहा मनवाया। मंजू, जिनके पिता एक किसान हैं, और रामवतार, जिनके पिता बीकानेर में मिठाई की दुकान चलाते हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती।



## यह हैरानी की बात है, उन्हें मैदान से विदाई मिलनी चाहिये थी , रोहित और विराट पर बोले कुंबले

एजेंसी



नयी दिल्ली। इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के खामोशी से टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने पर भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले को हैरानी हुई है जिनका मानना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को मैदान पर विदाई मिलनी चाहिये थी। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ली जिन्होंने 123 मैचों में 46 . 85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाये। इससे पहले पिछले बृहस्पतिवार को रोहित ने पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कहा था। कुंबले ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा कि यह बड़ी हैरानी की बात है। दो महान खिलाड़ी कुछ दिन के अंतर पर ही विदा हो गए। मुझे ऐसा लगा नहीं था। मैं हैरान रह गया हूं। मुझे लगा था कि अभी तक कुछ साल और टेस्ट क्रिकेट खेल सकता है। उन्होंने कहा कि अब वह सिर्फ एक दिवसीय प्रारूप खेलेगा। कोई खिलाड़ी खेद के साथ नहीं जाता और मुझे यकीन है कि उसने इस पर काफी विचार किया होगा। आखिर में यह उसका फैसला है। भारत के लिये सर्वाधिक 619 टेस्ट विकेट लेने वाले कुंबले ने कहा कि इस दर्जे के खिलाड़ियों को प्रशंसकों के सामने विदा लेने का मौका मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि ये काफी खामोशी से चले गए। हर खिलाड़ी को अपने हिसाब से विदा लेनी चाहिये लेकिन मैदान पर से। आर अश्विन के संन्यास के समय भी हमने यह बात कही थी। श्रृंखला के बीच में उसने संन्यास का ऐलान किया और आस्ट्रेलिया से भारत लौट आया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इन तीनों (रोहित, विराट और अश्विन) को मैदान से विदाई देनी चाहिये थी। मेरा मानना है कि अधिकारियों को इस पर सोचना चाहिये। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का जमाना है और प्रशंसक अपने सामने उन्हें विदा होते देखना चाहते होंगे। भारतीय टीम को 20 जून से इंग्लैंड का पांच टेस्ट का दौरा करना है और कुंबले ने कहा कि कोहली इस चुनौतीपूर्ण दौरे पर अहम भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा कि रोहित संन्यास ले चुका है और काफी समय कप्तान रहा। विराट भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहा है और इन दोनों में से एक को उस दौरे पर रहना चाहिये था।

## संक्षिप्त समाचार

### कोहली के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी : किरमानी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर सैयद किरमानी का मानना है कि विराट कोहली के पास अभी भी टेस्ट क्रिकेट को देने के लिये काफी कुछ है और उन्हें कुछ समय और खेलना चाहिये था। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ली जिन्होंने 123 मैचों में 46 . 85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाये। किरमानी ने कहा ,''उसके भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा ,'' हर किसी को एक दिन रिटायर होना है लेकिन उसे कुछ दिन और खेलना चाहिये था। मैं उसके फैसले का सम्मान करता हूं और भविष्य के लिये शुभकामना देता हूं। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान कोहली ने 68 में से 40 टेस्ट में भारत को जीत दिलाई। किरमानी ने कहा ,''विराट खेल में निरंतरता लेकर आये जिसने उन्हें अलग बनाया। वह उन युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत हैं जो भारत के लिये खेलने की इच्छा रखते हैं। वह शानदार खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा ,'' मुझे नहीं लगता कि वह रिकॉर्ड के पीछे भागता है। इतना ज्यादा क्रिकेट खेलने से रिकॉर्ड बनते ही हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि ये उसके लिये मायने रखते हैं। यह फैसला लेते समय उस पर कोई दबाव नहीं रहा होगा। उन्होंने कहा ,'' वह संन्यास क्यों ले रहा है या क्या खराब फॉर्म में है, ऐसे सवाल मायने नहीं रखते। यह खिलाड़ी का निजी फैसला है। खिलाड़ियों के सोशल मीडिया के जरिये संन्यास का ऐलान करने के चलन पर उन्होंने कहा ,'' इसमें गलत क्या है। प्रेस कांफ्रेंस होती है और अब इतना कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल हो रहा है , खिलाड़ी इंस्टाग्राम पर इसलिये घोषणा करते हैं ताकि पूरी दुनिया को पता चल जाये। इससे मदद ही मिल रही है।

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये आस्ट्रेलियाई टीम में कोंस्टास, ग्रीन

**मेलबर्न।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और फिट होकर लौटे हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अगले महीने लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है। गत विजेता आस्ट्रेलियाई टीम में लगभग वही सदस्य हैं जिन्होंने इस साल की शुरूआत में भारत और श्रीलंका से खेला था। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा ,''टीम ने श्रीलंका को श्रृंखला में हराकर डब्ल्यूटीसी चक्र का शानदार समापन किया। इससे पहले भारत को एक दशक में पहली बार टेस्ट श्रृंखला में परास्त किया। उन्होंने कहा ,''पिछले दो साल में टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमारे पास विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब बरकरार रखने का मौका है। डब्ल्यूटीसी फाइनल लॉडर्स पर 11 से 15 जून तक खेला जायेगा। मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार पदार्पण करने वाले कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से स्वदेश भेज दिया गया था चूंकि वह टीम में जगह नहीं बना सके थे। ग्रीन ने कमर की तकलीफ के कारण पिछले साल सर्जरी कराई है। आस्ट्रेलिया की यही टीम वेस्टइंडीज में 25 जून से होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। आस्ट्रेलियाई टीम : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर यात्रा रिजर्व : ब्रेंडन डोगेट।

### सिप्ला का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये रहा है। सिप्ला ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। सिप्ला ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय बढ़कर 6,730 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6,163 करोड़ रुपये थी। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी ने 5,272 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो 2023-24 के 4,122 करोड़ रुपये की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का परिचालन राजस्व एक साल पहले के 25,774 करोड़ रुपये से बढ़कर 27,548 करोड़ रुपये हो गया। इस बीच, सिप्ला के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 13 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश और कंपनी के 90 साल पूरे होने पर तीन रुपये प्रति शेयर के विशेष लाभांश को मंजूरी दी है। इस तरह दो रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर कुल लाभांश 16 रुपये हो गया है।

### निसान वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती करेगी

**तोक्यो।** वाहन विनिर्माता कंपनी निसान अपने वैश्विक कार्यबल में लगभग 15 प्रतिशत या करीब 20,000 कर्मचारियों की कटौती करने जा रही है। जापान की कंपनी ने चीन और अन्य देशों में वाहनों की बिक्री में गिरावट के बीच हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में घाटा दर्ज किया है।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

उप-मुख्य अभियन्ता/नि.चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **निविदा दो-पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम व स्थान** | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित दिलकुशा-मल्हौर (8.20 कि. मी.) तीसरी लाइन के निर्माण के अन्तर्गत मिट्टी भराव, कटिंग, ब्लैंकेटिंग, रिटेनिंग वॉल, ट्रॉली रेफ्यूज, छोटे पुलों का विस्तार, लेवल क्रासिंग गुमटी, नालियों, रोड, का निर्माण सहित अन्य विविध सिविल कार्य। | | | | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 15 (पंद्रह) माह | **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹ 2681.68 लाख | **धरोहर राशि** | ₹ 14,90,900.00 |
| **ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** | निविदाएँ दिनाँक **11.06.2025** को **11:30** बजे तक आई. आर. ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक **11.06.2025** को समय **11:30** बजे खोली जाएगी। | | | | |
| **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक **20.05.2025** से आई.आर. ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक **28.05.2025** से **11.06.2025** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। | | | | |

**संख्या 75-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ दिनांक 13.05.2025**

1408/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## मंधाना आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची

एजेंसी



दुबई। श्रीलंका में हाल में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। पिछली बार 2019 में नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला की पांच पारियों में 264 रन बनाए और श्रृंखला की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 101 गेंद में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं। वोलवार्ट त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 86 रन बना पाईं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की। वह त्रिकोणीय श्रृंखला में 139 रन बनाने के बाद दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज नेदिन डि क्लर्क एक स्थान के फायदा से 24वें स्थान पर है। त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 14 की औसत से 15 विकेट चटकाने वाली स्नेह चार स्थान आगे बढ़कर 34वें पायदान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऐशले गार्डनर एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। भारतीय की दीप्ति शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह पांचवें स्थान पर हैं। ट्राइओन (तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर) और डि क्लर्क (चार स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।

### विश्व चैम्पियन के रूप में गुकेश की स्थिति अलग क्योंकि कार्लसन वहां है : कास्पारोव

नयी दिल्ली। रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव का मानना है कि डी गुकेश उनकी तुलना में अलग स्थिति में है क्योंकि नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन हर लिहाज से उनसे बेहतर खिलाड़ी हैं। गुकेश ने 17 वर्ष की उम्र में चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन को 14 चालों में हराकर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता था। कास्पोरोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था। कास्पारोव ने बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दौरान सेंट लुईस शतरंज क्लब के यूट्यूब चैनल से कहा कि गुकेश आधिकारिक रूप से विश्व चैम्पियन है। इसमें कोई शक नहीं लेकिन हर लिहाज से उससे बेहतर एक और खिलाड़ी भी है। गुकेश और कार्लसन के बीच यह तुलना पहली बार नहीं हुई है। कास्पारोव ने गुकेश समेत भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए उन्हें 'विशी के बच्चे' करार दिया।

## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कोहली ने वृन्दावन में संत प्रेमानंदजी के दर्शन किये

एजेंसी



मथुरा (उप्र)। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरू प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुकने बाद लगभग पौने दस बजे वापस हो गए। एक्स पर साझा किये गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते देखा जा सकता है। इस क्लिप में विराट और अनुष्का को प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि क्या वह खुश है। विराट ने एक दिन पहले ही सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अगले ही दिन वह वृंदावन पहुंचे। इससे पूर्व वह इसी वर्ष10 जनवरी को और दो साल पहले (2023 में) चार जनवरी को भी आश्रम में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने आ चुके हैं। आश्रम के सूत्रो के अनुसार वह मंगलवार तड़के ही आश्रम पहुंच गए थे और करीब साढे तीन घण्टे ठहरने के बाद लौट गए। जब वे यहां इनोवा में पहुंचे, तब दोनों मुंह पर मास्क लगाए हुए थे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने संत प्रेमानंद से भेंट करने के बाद आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित प्रकल्पों के बारें में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरू गौरांगी शरण महाराज के भी दर्शन किए।

## भारत के जवाबी शुल्क से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर पड़ सकता असर: जीटीआरआई

नयी दिल्ली। भारत का इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में कुछ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के लिए जारी बातचीत पर असर डाल सकता है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अगर अमेरिका इस मामले पर भारत के साथ विचार-विमर्श करता है या शुल्क वापस लेता है, तो समाधान हो सकता है। ऐसा नहीं होने पर भारत के जवाबी आयात शुल्क जून की शुरुआत में प्रभावी हो सकते हैं, जिससे संभावित रूप से अमेरिकी निर्यातकों पर असर पड़ सकता है और व्यापार के स्तर पर टकराव बढ़ सकता है। भारत ने इस्पात, एल्युमीनियम और उनसे तैयार उत्पादों पर अमेरिकी रक्षोपाय शुल्क के जवाब में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को अमेरिका को दी गई व्यापार रियायतों को निलंबित करने की अपनी योजना की सूचना दी है। रियायतों को निलंबित करने का प्रस्ताव चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर बढ़े हुए शुल्क के रूप में हो सकता है। हालांकि, भारत ने अभी तक उन वस्तुओं का खुलासा नहीं किया है। लेकिन 2019 में इसी तरह के एक कदम में बादाम और सेब से लेकर रसायनों तक 28 अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाया गया था। भारत ने इस बारे में 12 मई को नोटिस जारी किया। इसमें डब्ल्यूटीओ के रक्षोपाय समझौते के प्रावधान के तहत अपने अधिकारों के उपयोग की बात कही गयी है। यह कानूनी प्रावधान उस स्थिति में किसी देश को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति देता है जब कोई अन्य सदस्य बिना उचित सूचना या परामर्श के रक्षोपाय कदम उठाता है। भारत ने अप्रैल में अमेरिका से परामर्श मांगा था। लेकिन अमेरिका ने कहा कि शुल्क राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाये गये हैं और उन्हें रक्षोपाय कदम नहीं माना जाना चाहिए।

## वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में, डब्ल्यूटीओ प्रमुख ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को बताया बाधा

तोक्यो। विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगारू इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है।'' जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा, ''हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के अवसर के रूप में करना चाहिए और व्यापार में नए रुझानों का लाभ उठाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी'' के तौर पर जापान को विश्व व्यापार संगठन को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को घोषणा की थी। जापान उन देशों में से है जो अभी तक अमेरिकी प्रशासन के साथ मोटर वाहन, इस्पात तथा एल्युमीनियम सहित शुल्क में बढ़ोतरी पर कोई समझौता नहीं कर पाए हैं। जापानी अधिकारियों ने बताया कि ओकोंजो-इवेला बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने और सुदृढ़ करने के लिए जापान तथा विश्व व्यापार संगठन के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए जापान की यात्रा पर हैं। ओकोंजो-इवेला का विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री योजी मुटो से भी मिलने का कार्यक्रम है।

## भारत ने डब्ल्यूटीओ में अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका के स्टील पर शुल्क लगाने के फैसले के बाद भारत भी अब अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिका के खिलाफ जवाबी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भारत ने विश्व व्यापार संगठन को दिए नोटिस में कहा है कि भारत छूट को समाप्त कर कुछ अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ा सकता है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को स्टील और एल्युमीनियम पर वाशिंगटन के शुल्कों के जवाब में कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था के खिलाफ उसकी पहली जवाबी कार्रवाई है, जबकि दोनों देश व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि भारत का यह फैसला व्यापार हित की रक्षा और वैश्विक व्यापार नियमों के तहत अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। हालांकि, भारत का कहना है कि ये शुल्क एल्यूमिनियम और स्टील पर लगाए गए टैरिफ के जवाब में होगा। भारत ने डब्लूटीओ को बताया है कि अमेरिका भारतीय स्टील और एल्युमीनियम के निर्यात पर शुल्क वसूल रहा है। भारत का कहना है कि अमेरिका के स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने से उसके करीब 7.6 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है लेकिन अमेरिका को इस ड्यूटी से 1.91 अरब डॉलर प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। विश्व व्यापार संगठन को दिए गए प्रस्ताव में भारत ने यह दावा किया है कि अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ के सामान्य व्यापार और टैरिफ समझौते (GATT) 1994 और सुरक्षा उपाय पर समझौते का उल्लंघन किया है।

# मजीठा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हुई

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के मजीठा क्षेत्र के सात गांवों में जहरीली शराब पीने से मरने वालों संख्या बढ़ कर 21 हो गयी है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के मजीठा में नकली शराब के कारण हुई दुखद मौत के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार से जुड़े रैकेट के सरगना और कई स्थानीय वितरकों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही औद्योगिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले घातक रसायन मेथनॉल के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए रैकेट के सरगना की पहचान साहिब सिंह के रूप में हुई है, जबकि मेथनॉल के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं की पहचान लुधियाना के सुख एन्क्लेव में साहिल केमिकल्स के मालिक पंकज कुमार उर्फ ??साहिल और अरविंद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने स्थानीय वितरकों- जिनकी पहचान प्रभजीत सिंह और कुलबीर सिंह के रूप में हुई है, और स्थानीय विक्रेताओं- जिनकी पहचान निंदर कौर, साहिब सिंह, गुरजंत सिंह, अरुण उर्फ काला और सिकंदर सिंह उर्फ पप्पू के रूप में हुई है, को भी गिरफ्तार किया है। श्री यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किंगपिन साहिब सिंह द्वारा ऑनलाइन खरीदे जाने के बाद मेथनॉल रसायन का इस्तेमाल नकली शराब बनाने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पूरी कार्यप्रणाली का पता लगाने और इसमें शामिल सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए जांच जारी है। उन्होंने बताया कि डीएसपी सब डिवीजन मजीठा अमोलक सिंह और एसएचओ पुलिस स्टेशन मजीठा एसआई अवतार सिंह को अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में घोर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। श्री यादव ने पुष्टि की, हम सभी दुख में एकजुट हैं और न्याय सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के अपने संकल्प में हैं। कार्यप्रणाली का विवरण साझा करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने कहा कि जांच से पता चला है कि स्थानीय वितरक प्रभजीत सिंह ने किंगपिन साहिब सिंह से 50 लीटर के जेरी कैन में भरा मेथनॉल रसायन प्राप्त किया था। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि उसने लुधियाना स्थित केमिकल फर्म साहिल केमिकल्स से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मेथनॉल का ऑर्डर दिया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच में यह भी पता चला है कि किंगपिन साहिब सिंह द्वारा दिल्ली स्थित फर्म से मंगवाई गई मेथनॉल की एक और खेप भी आने वाली है। उन्होंने कहा कि जैसे ही खेप आएगी, उसे बरामद करने और जब्त करने के लिए आबकारी और पुलिस टीमों को भेज दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस रैकेट में शामिल सभी दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस संबंध में मजीठा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी और अमृतसर ग्रामीण के कथुनांगल पुलिस स्टेशन में एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 और 103, आबकारी अधिनियम की धारा 61ए और एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3 के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

# महिलाओं के आगे आने से सामाजिक आर्थिक विकास संभव : धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है।

श्री धनखड़ ने आज यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रुप से सशक्त होता है। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा, यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । उन्होंने कहा कि देश में विकास की प्रक्रिया पिछले एक दशक से चल रही है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने पिछले एक दशक में अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और महिला विकास, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में ऐसे मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिनसे दुनिया ईर्ष्या करती है। उन्होंने कहा,ल्ल हमारी आदिवासी संस्कृति शानदार है। यह हमारी संपदा है। मेघालय के समावेशी विकास के महत्व पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में पर्यटन, खनन, आईटी तथा सेवा क्षेत्र में अपार प्रतिभा और अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए मानव संसाधन विकसित किया जाना चाहिए। इसमें महिलाएं आगे आती हैं तो सामाजिक विकास और आर्थिक विकास संतुलित होता है। श्री धनखड़ ने कहा कि 90 के दशक में, यानी लगभग तीन दशक पहले सरकार की नीति 'लुक ईस्ट' थी। श्री मोदी ने इस नीति को 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' के रुप में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मेघालय में पर्यटन, खनन, आईटी और सेवाओं के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की।

# 'मतदाता फोटो पहचान-पत्र के एक जैसे नंबरों की दो दशक पुरानी शिकायत का समाधान'

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने अलग-अलग मतदाता फोटो पहचान पत्र ( ईपीआईसी) पर एक जैसे नंबर की लगभग 20 साल पुरानी समस्या का समाधान कर लिया है। यह जानकारी आयोग के सूत्रों ने दी।

उन्होंने बताया कि इस समस्या से संबंधित सभी मतदाताओं को नये नंबरों के साथ नये ईपीआईसी कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों ने कहा कि यह समस्या किसी अवैध व्यक्ति को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने जैसी नहीं बल्कि अलग-अलग वैध मतदाताओं के फोटो कार्ड पर एक जैसे नंबर अंकित होने की समस्या थी और ऐसे कार्ड की संख्या औसतन चार मतदान केंद्रों में किसी एक मतदाता के मामले में थी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों को साफ-सुथरा बनाने और उन्हें अद्यतन रखने के अपने प्रयास में इस शिकायत का निवारण हो गया है। उन्होंने बताया कि कुछ राज्यों में मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) ने वास्तविक मतदाताओं को गलत तरीके से जारी कर दिए गए थे, क्योंकि 2005 से कुछ ईआरओ मतदाता फोटो पहचान-पत्र के नंबर आवंटित करने के लिए एक समान श्रृंखला का उपयोग कर रहे थे। आयोग के एक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि समस्या को हल करने के लिए, सभी 36 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) और भारत भर के सभी 4123 विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ द्वारा सभी 10.50 लाख मतदान केंद्रों में 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे चुनावी डेटाबेस की खोज की गयी। औसतन प्रति मतदान केंद्र लगभग 1000 मतदाता हैं। समान ईपीआईसी नंबरों की संख्या नगण्य थी, यानी औसतन चार मतदान केंद्रों में लगभग एक थी।

# किसान आय वृद्धि में कृषि संबद्ध क्षेत्रों में प्रयास जरुरी : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए कृषि संबद्ध क्षेत्रों में प्रयास किये जाने आवश्यक हैं।

श्री चौहान ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में राज्य में कृषि व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि 'विकसित भारत के संकल्प' को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 'अमृत सरोवर' योजना को स्थानीय आजीविका से जोड़ा जाना चाहिए। इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जलसंरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के



तहत श्रमिक बजट के पुनरीक्षण का आश्वासन दिया। समीक्षा बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव (पंचायत विभाग) निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, केंद्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग के अपर सचिव आर. आनंद, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, कृषि मंत्रालय के सलाहकार नवीन कुमार विद्यार्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राज्य और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और भावी विकास रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि के लिए केवल पारंपरिक खेती नहीं, बल्कि पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन जैसे सहयोगी क्षेत्रों में भी प्रयास जरूरी हैं।

# राजनाथ ने पश्चिमी सीमा पर स्थिति की समीक्षा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोके जाने और सीमाओं तथा अग्रिम मोर्चों पर सैनिकों की संख्या में कमी करने की सहमति बनने के बाद पश्चिमी सीमा की स्थिति की समीक्षा की है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि श्री सिंह की अध्यक्षता में यहां साउथ ब्लॉक में हुई बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव राजेश कुमार और वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदश्वेर तिवारी ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के पश्चात पश्चिमी सीमा पर स्थिति की समीक्षा की गयी। शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने रक्षा मंत्री को सीमाओं पर स्थिति के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने सोमवार शाम को सैन्य कार्रवाई को स्थगित करने की दस मई की सहमति की पुष्टि की थी। इस बैठक में दोनों पक्षों ने सीमाओं तथा अग्रिम मोर्चों पर सैनिकों की संख्या में कमी करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर भी सहमति व्यक्त की। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में छह मई की रात चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर जोरदार कार्रवाई की थी। इसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गये थे। पाकिस्तानी सेना ने इसके जवाब में भारतीय असैनिक और सैन्य ठिकानों पर हमले की असफल कोशिश की थी।

# पेज एक का शेष

## दुस्साहस करने पर...

आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु यौद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायु सेना, नौसेना , सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से आपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा पूरे आपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और रिणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होती तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सके। ल्ल हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आयेगी। श्री मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढता का उल्लेख किया और कहा , ल्ल आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नयी ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्यय की गवाही देता है। उन्होंने कहा , ल्ल नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बार्डर पर मजबूती रखी और वायु सेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। ङ्क उन्होंने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। पीएम ने कहा, आप सभी ने कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया। हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा हो जाता है। आप लोगों ने इतिहास रच दिया है। सुबह-सुबह आपके बीच आपके दर्शन करने आया हूं। जब वीरों के पैर धरती पर पड़ते हैं तो धरती धन्य हो जाती है। जब वीरों के दर्शन का अवसर मिलता है तो जीवन धन्य हो जाता है। इसीलिए मैं सुबह आपके दर्शन करने यहां पहुंचा। आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। मोदी ने कहा, जब भारत के सैनिक मां भारती की जय बोलते हैं तो दुश्मनों के कलेजे कांप जाते हैं। हमारे जवान दुश्मन की दीवारों को गिरा देते हैं। जब रात के अंधेरे में भी हम सूरज उगा देते हैं, तो दुश्मन को भारत माता दी जय दिखाई देता है। जब हमारी फौजें न्यूक्लियर ब्लैकमेल धमकी की हवा निकाल देते हैं तो आकाश से पाताल तक एक ही बात गूंजती है- भारत माता की जय। मोदी ने कहा, यह जयघोष की ताकत अभी-अभी दुनिया ने देखी है। भारत माता दी जय सिर्फ उद्घोष नहीं है। यह हर उस सैनिक की शपथ है, जो मां भारती की मान मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। यह देश के हर उस नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए जीना चाहता है, कुछ कर गुजरना चाहता है। यह आवाज मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

## 'ट्रंप नहीं, भारतीय...

साथ बातचीत में, हमने यह भी चेतावनी दी कि इस तरह के संदर्भ लेने से उन्हें अपने क्षेत्र में नुकसान हो सकता है। भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 10 मई को 1535 बजे शुरू होने वाली फोन कॉल पर समझौते की विशिष्ट तिथि, समय और शब्दावली पर काम किया गया। इस कॉल के लिए अनुरोध विदेश मंत्रालय को पाकिस्तानी उच्चायोग से 1237 बजे प्राप्त हुआ। तकनीकी कारणों से पाकिस्तानी पक्ष को भारतीय पक्ष से हॉटलाइन कनेक्ट करने में शुरुआती कठिनाइयाँ हुईं। उसके बाद 1535 बजे भारतीय डीजीएमओ की उपलब्धता के आधार पर समय तय किया गया। प्रवक्ता ने कहा, आप निश्चित रूप से इस बात की सराहना करेंगे कि 10 तारीख की सुबह-सुबह हमने प्रमुख पाकिस्तानी वायु सेना ठिकानों पर एक अत्यंत प्रभावी हमला किया था। यही कारण था कि वे (पाकिस्तानी सेना) अब गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार थे। मैं स्पष्ट कर दूँ कि यह भारतीय हथियारों की ताकत थी जिसने पाकिस्तान को अपनी गोलीबारी रोकने के लिए मजबूर किया। अन्य देशों के साथ बातचीत के संबंध में, भारत का संदेश स्पष्ट और सुसंगत था। और बिल्कुल वही संदेश जो हम सार्वजनिक मंचों से दे रहे थे, वही निजी बातचीत में दिया गया। यह था कि भारत 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का जवाब आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाकर दे रहा था। लेकिन अगर पाकिस्तानी सेना गोलीबारी करती है तो भारतीय सेना भी जवाबी गोलीबारी करेगी, अगर पाकिस्तान रुकता है तो भारत भी रुक जाएगा। यही संदेश ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के समय पाकिस्तान को दिया गया था, जिस पर उस समय पाकिस्तान ने ध्यान नहीं दिया। स्वाभाविक है कि कई विदेशी नेताओं ने हमसे यह बात सुनी होगी और अपने पाकिस्तानी वार्ताकारों से साझा की होगी। एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि दुनिया में व्यापक रूप से माना जाता है कि भारतीय पर्यटक पहलगाम में आतंकवाद के शिकार हुए थे और आतंकवाद का केंद्र सीमा पार पाकिस्तान में है। कई विदेशी नेताओं ने भारतीय समकक्षों के साथ अपनी बातचीत में भारत के अपने बचाव और अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार को मान्यता दी। 25 अप्रैल के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के बयान पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा, ल्लहमने पाकिस्तानी पक्ष द्वारा दिए गए बयान को देखा है। एक राष्ट्र जिसने औद्योगिक पैमाने पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, उसे यह सोचना चाहिए कि वह इसके परिणामों से बच सकता है, यह खुद को मूर्ख बनाना है। भारत द्वारा नष्ट किए गए आतंकवादी बुनियादी ढांचे न केवल भारतीयों की बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। अब एक नया सामान्य है। जितनी जल्दी पाकिस्तान को इसकी आदत हो जाए, उतना ही बेहतर है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार द्वारा सीएनएन चैनल पर किये गए दावों के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि पिछले सप्ताह ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर अपने आतंकवादी केंद्रों को नष्ट होते देखा है। इसके बाद, हमने उसकी सैन्य क्षमताओं को काफी हद तक कम कर दिया और प्रमुख एयरबेसों को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया। यदि पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसे उपलब्धियों के रूप में पेश करना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है। श्री जायसवाल ने कहा, जहां तक भारत का सवाल है, हमारा रुख शुरू से ही स्पष्ट और सुसंगत था। हम पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाएंगे। यदि पाकिस्तानी सेना बाहर रहती, तो कोई समस्या नहीं होती। यदि वे हम पर गोलीबारी करते, तो हम उचित जवाब देते। 9 मई की रात तक पाकिस्तान भारत को बड़े हमले की धमकी दे रहा था। 10 मई की सुबह जब उनका प्रयास विफल हो गया और उन्हें भारत की ओर से विनाशकारी जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, तो उनके सुर बदल गए और उनके सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आखिरकार हमसे संपर्क किया। संक्षेप में, भारत की स्थिति वही रही, 10 मई की सुबह पाकिस्तान की स्थिति बदल गई जब उसके एयरबेसों को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। आपको बस यह देखना है कि गोलीबारी बंद करने की शर्तों पर बातचीत करने के लिए किसने किससे बात की। प्रवक्ता ने कहा, भारत एवं पाकिस्तान के सभी ठिकानों की सैटेलाइट तस्वीरें व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप उन जगहों को देखें जिन पर पाकिस्तान ने हमला करने का दावा किया है। इसकी तुलना उन जगहों से करें जिन्हें हमने सफलतापूर्वक निशाना बनाया और नष्ट किया। इससे आपको एक स्पष्ट तस्वीर मिल जाएगी।

## संभल जामा...

नवंबर 2024 की दोपहर दाखिल किया गया था और कुछ ही घंटों के भीतर अदालत ने एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। साथ ही उसे मस्जिद में प्रारंभिक सर्वेक्षण का निर्देश दिया, जो उसी दिन यानी 19 नवंबर को और फिर 24 नवंबर 2024 को किया गया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट 29 नवंबर तक दाखिल की जाए। दीवानी अदालत ने 19 नवंबर को ही हिंदू पक्ष के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि मस्जिद मुगल सम्राट बाबर द्वारा 1526 में संभल में हरिहर मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी।

## सीबीएसई की 10वीं...

बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने आज ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। बारहवीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछडते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि बारहवीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

## शोपियां में सेना ने तीन...

अभी नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि पहलगाम हत्याकांड के बाद कश्मीर में यह पहली मुठभेड़ है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के पोस्टर दक्षिण कश्मीर के कई जिलों में चिपकाए गए हैं। पोस्टरों में उन लोगों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की गई है। हमलावर अभी भी फरार हैं।

## न्यायमूर्ति खन्ना कोई ...

राज खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे, जबकि उनकी मां सरोज खन्ना लेडी श्री राम कॉलेज में प्रोफ़ेसर थीं। निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश शीर्ष अदालत के प्रसिद्ध न्यायाधीश एचआर खन्ना के भतीजे हैं, जिन्हें आपातकाल के दौरान एडीएम जबलपुर मामले में ऐतिहासिक असहमति और केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) में मूल संरचना सिद्धांत को स्पष्ट करने के लिए जाना जाता है। उनके दादा (सरव दयाल) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समिति का हिस्सा थे, जिसने वर्ष 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच की थी। न्यायमूर्ति खन्ना ने जून 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में अपना करियर शुरू किया और फरवरी 2006 में स्थायी न्यायाधीश बनाए गए। जनवरी 2019 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया और नवंबर 2024 में उन्होंने भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार संभाला था। उनका कार्यकाल भले ही मुख्य न्यायाधीश के रूप में संक्षिप्त रहा हो, लेकिन भारतीय न्यायशास्त्र में उनका योगदान महत्वपूर्ण और व्यापक रहा है। न्यायमूर्ति खन्ना अपने कार्यकाल के दौरान 480 से अधिक पीठों का हिस्सा थे। उनके निर्णयों ने भारतीय संवैधानिक, प्रशासनिक और निजी कानून को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। पीठ पर उनके कार्यकाल के प्रमुख निर्णय इस प्रकार हैं: आरटीआई और न्यायिक स्वतंत्रता (2019): सीपीआईओ बनाम सुभाष चंद्र अग्रवाल: माना गया कि आरटीआई के तहत पारदर्शिता न्यायपालिका पर लागू होती है, जो जनहित संबंधी चिंताओं के अधीन है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द किया गया (2024): एडीआर बनाम भारत संघ: इस योजना को रद्द करने पर सहमति जताई गई, जिसमें दानकर्ता की पहचान गुप्त रखने की बजाय मतदाताओं के सूचना के अधिकार पर जोर दिया गया। वीवीपीएटी सत्यापन सीमाएं (2024): लॉजिस्टिकल और परिचालन चुनौतियों का हवाला देते हुए 100 फीसदी वीवीपीएटी सत्यापन की मांग को खारिज कर दिया गया। अनुच्छेद 370 निरस्तीकरण को बरकरार रखा गया (2023): राज्यों को केंद्र शासित प्रदेशों में बदलने के निहितार्थों पर चेतावनी देते हुए, निरस्तीकरण को एक संवैधानिक कदम के रूप में समर्थन दिया गया। अनुच्छेद 142 के तहत सीधे विवाह को भंग करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को शक्ति प्रदान करने वाली बहुमत की राय। मध्यस्थ शुल्क विनियमन (2022):ओएनजीसी बनाम एफकॉन्स में असहमति, मध्यस्थों के शुल्क तय करने के सीमित अधिकारों को बरकरार रखते हुए। अरविंद केजरीवाल जमानत आदेश (2024): अंतरिम जमानत दी और पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की शर्तों के बारे में चिंता जताई। घृणास्पद भाषण और मुक्त भाषण संतुलन (2020): अमीश देवगन बनाम भारत संघ: घृणास्पद भाषण के आरोपों की जांच की आवश्यकता को बरकरार रखते हुए एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया। सेंट्रल विस्टा पर असहमति (2021):सरकार की बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए पर्यावरण और विरासत मंजूरी में प्रक्रियात्मक खामियों पर सवाल उठाया और मध्यस्थता पुरस्कारों को संशोधित करने की न्यायालय की शक्ति (2025) के तहत मध्यस्थता अधिनियम और अनुच्छेद 142 के तहत सीमित संशोधनों की अनुमति देने वाली बहुमत की राय लिखी।

## यूपी की कनेक्टिविटी...

कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए 33 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों को राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से जोड़ा जाएगा, जिससे प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य और भी अधिक सशक्त होगा।

# सीएम नीतीश ने 208 करोड़ रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन और 16 योजनाओं का किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को भागलपुर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सैंडिस कंपाउंड परिसर में 208 करोड़ 62 लाख 25 हजार रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन और 16 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने इंडोर स्टेडियम में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल हुए। इंडोर स्टेडियम पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों से परिचय लिया। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सभी राज्यों के खिलाड़ी एवं रेफरी भी मैदान में मौजूद रहे। इसके पूर्व भागलपुर के डीएम ने मुख्यमंत्री नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट का स्वागत किया। इसके बाद बालिका सिंगल का गोल्ड मेडल मुकाबला दिल्ली की ऋषिका और छत्तीसगढ़ की तनु चंद्रा के बीच शुरू कराया गया। दोनों खिलाड़ियों से सीएम और डिप्टी सीएम ने परिचय लिया। सीएम ने कुछ देर बैठकर मैच को देखा। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश ने खिरीबांध पंचायत के मुखेरिया गांव के मध्य विद्यालय परिसर में डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में लोगों का अभिवादन किया। यहां विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर स्टॉल लगाये गये थे। जिसका मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने कुल 48 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ग्रामीण कार्य विभाग के नवगछिया कार्य प्रमंडल की 12, ग्रामीण कार्य विभाग के भागलपुर कार्य प्रमंडल की छह और कहलगांव कार्य प्रमंडल की चार, ग्रामीण विकास विभाग की पांच, कृषि विभाग की तीन और पंचायती राज विभाग की दो योजनाओं का उद्घाटन किया, जो 45 करोड़ दो लाख 79 हजार की हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग व योजना-विकास विभाग की तीन, ग्रामीण विकास विभाग की नौ, लघु जल संसाधन विभाग की तीन और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की एक योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया, जो 163 करोड़ 59 लाख 46 हजार रुपए की हैं। शिलान्यास में एक योजना बौंसी रेलवे पुल पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भागलपुर शहर से जुड़ी हैं। 12585.86 करोड़ की यह योजना धरातल पर उतरने के बाद भागलपुर शहर को जाम से मुक्त कराने में बड़ी भूमिका निभायेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, कई सांसद विधायक एवं अन्य नेता भी मौजूद रहे।



# बदरीनाथ धाम में 15 मई से शुरू होगा पुष्कर कुंभ मेला, दक्षिण भारत से पहुंचेंगे आचार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। सरस्वती नदी के उद्गम स्थल भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम में 12 साल बाद 15 मई से पुष्कर कुंभ मेला आयोजित होने जा रहा है। इसके लिए दक्षिण भारत से आचार्यों का बड़ा दल बदरीनाथ धाम पहुंचेगा और यहां अनुष्ठान कर मां सरस्वती से ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रार्थना करेगा। बदरीनाथ धाम से कुछ ही दूरी पर माणा गांव के पास सरस्वती नदी का प्रवाह क्षेत्र है जो करीब एक किलोमीटर है। दक्षिण भारतीय आचार्यों की परंपरा में यहां 12 वर्ष में एक बार पुष्कर कुंभ मेला का आयोजन होता है। बृहस्पति ग्रह 14 मई 2025 की रात 11 बजकर 20 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, इसके अगले दिन से यानी 15 मई से पुष्कर कुंभ मेला शुरू हो जाएगा। यह मेला 25 मई तक चलेगा। दक्षिण भारत के आचार्यों की मान्यता के अनुसार इस दिन पुष्कर कुंभ मेला का आयोजन कर मां सरस्वती से ज्ञान की प्रार्थना की जाती है। इन आचार्यों की मान्यता है कि दक्षिण के शंकराचार्य रामानुजाचार्य, माधवाचार्य और निंबा को इसी पवन स्थान पर ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह परंपरा दक्षिण भारत आज भी निभा रहा है।

**क्या है मान्यता:** मान्यता है कि सरस्वती नदी के इस तट पर वेद व्यास ने महाभारत की रचना की। इसको लिखते समय सरस्वती नदी की भारी गर्जना उनका ध्यान भंग करती थी। कहते हैं कि वेद व्यास की प्रार्थना पर सरस्वती यहां स्थापित हुईं और केशव प्रयाग में विलुप्त हो गईं। इस स्थान पर श्वेत और गर्जन तर्जन से बहती नदी दिखती है लेकिन वह कहां समा जाती हैं, यह आश्चर्य में डाल देता है। यह भी मान्यता है कि आदि जगतगुरू शंकराचार्य को भी वेद व्यास ने यहां ज्ञान दिया था। उन्हीं परम्पराओं के लिए दक्षिण भारत के अभी आचार्य पंडित यहां हर 12 वर्ष में पुष्कर कुंभ में पहुंचते हैं और सरस्वती नदी के उद्गम में पुष्कर कुंभ मनाते हैं। इसके लिए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं।



# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब के होशियारपुर और जालंधर में दिखे ड्रोन दोनों को पुलिस-सेना ने मार गिराया

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सोमवार रात दहशत और तनावपूर्ण रही। होशियारपुर और जालंधर में बीती रात ड्रोन दिखे। पुलिस और सेना ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों ड्रोन को मार गिराया। इसके अलावा होशियारपुर में मिसाइल के टुकड़े भी मिले हैं। आज राज्य के चार जिलों के सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने की घोषणा की गई। इसके अलावा अमृतसर, पठानकोट और फाजिल्का क्षेत्र में भी सोमवार रात ड्रोन गतिविधियां देखी गईं। इस वजह से दिल्ली से अमृतसर आ रही एक फ्लाइट को वापस मोड़ दिया गया। मौजूदा हालात को देखते हुए अमृतसर, तरनतारण, पठानकोट और फाजिल्का में मंगलवार को भी प्रशासन ने स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का फैसला किया है। जालंधर प्रशासन के अनुसार,बीती रात गांव मंड के पास एक ड्रोन मार गिराया गया। यहां खेतों में कुछ मिसाइल के टुकड़े भी मिले हैं। इसके बाद जालंधर जिले के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। होशियारपुर में भी बीती रात ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन जालंधर की तरफ बढ़ रहा था। उसे उच्ची बस्सी गांव में फायरिंग के बाद गिरा दिया गया। ड्रोन को मार गिराने की घटनाओं के सिलसिले में सेना ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। पंजाब पुलिस ने बताया कि ड्रोन के टुकड़ों को सेना के हवाले कर दिया गया है। बीती रात इसके अलावा कहीं और से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। सुरक्षा के मद्देनजर इंडिगो ने अमृतसर और चंडीगढ़ की उड़ानों को आज के लिए रद्द कर दिया है। इंडिगो ने भी यात्रा एडवाइजरी जारी की है।

## पंजाब में ड्रोन हमले में घायल महिला की मौत

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान पिछले दिनों पंजाब के फिरोजपुर में ड्रोन हमले से घायल महिला की सोमवार देररात लुधियाना के अस्पताल में मौत हो गई। जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने महिला के परिजनों को सूचित कर दिया है। फिरोजपुर जिला प्रशासन को भी इसकी जानकारी दी गई है। फिरोजपुर के गांव खाई में नौ मई को ड्रोन गिरने से सुखविंदर कौर घायल हो गई थी। हालत गंभीर होने के चलते उन्हें लुधियाना स्थित दयानंद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान सोमवार देररात उनकी मौत हो गई। दयानंद मेडिकल कॉलेज में अभी फिरोजपुर निवासी लखविंदर सिंह और सोनू का इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार दोनों की हालत स्थिर है।

## जालंधर में पिस्तौल, गोलाबारूद के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण जिले के करतारपुर थाने की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक अवैध पिस्तौल, दो मैगजीन, 10 कारतूस और एक देशी चाकू बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। करतारपुर के पुलिस उपाधीक्षक विजय कंवर पाल ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को किशनगढ़ में एक निर्जन ईंट भट्टा के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक गश्त कर रही एक पुलिस पार्टी को देखकर वे अचानक घबरा गये और भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें पकड़ कर जांच की तो उनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए। अपराधियों की पहचान जसकरन उर्फ करण निवासी गांव भीखा नंगल, थाना करतारपुर और हरमनप्रीत निवासी गांव दयालपुर, थाना करतारपुर, जिला जालंधर के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि जसकरण गैंगस्टर विजय कुमार का भतीजा है। जसकरण हत्या, डकैती और अवैध हथियार रखने के अपराध में भी संलिप्त है। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश करके घटना के संबंध में आगे की पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड लिया जायेगा।

## बमबाजी से दहला पटना बीएन कॉलेज का छात्रावास, छात्रों ने किया सड़क जाम

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी के बीएन कॉलेज के छात्रावास में बमबाजी हुई है। बमबाजी से बीएन कॉलेज का छात्रावास दहल उठा है। मंगलवार को दोपहर में इस छात्रावास में हुई बमबाजी से आपस पास का पूरा इलाका सहम गया है। बताया जा रहा है कि यहां आपसी विवाद हुआ था, जिसके बाद छात्रावास में सैकड़ों छात्र घुस गए। इसके बाद लगातार यहां बमबाजी हुई है। जानकारी के अनुसार, यहां छात्रावास में रहनेवाले छात्रों की स्थानीय लोगों से मारपीट हुई थी। इसके बाद अब छात्रावास के अंदर बमबाजी की बात सामने आ रही है। मारपीट का आरोप छात्रावास के छात्रों पर लगा है। बमबाजी के बाद छात्रों ने कॉलेज के प्रचार्या का घेराव किया है। बमबाजी में एक छात्र के घायल होने की सूचना है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस कॉलेज की सीसीटीव कैमरा चेक कर छानबीन में जुट गयी है। कॉलेज कैंपस में बमबाजी के बाद बीएन कॉलेज के छात्रों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया, जिससे वहां से आने-जानेवाले लोगों को परेशानी हुई। बाद में पुलिस ने उग्र लोगों को समझा बुझा कर मुख्य सड़क को जाम मुक्त किया। जानकारी के अनुसार, बमबाजी की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी वहां पहुंच चुकी है। छात्रावास के अंदर की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें खून के छींटे नजर आ रहे हैं। फिलहाल इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

## बिहार : गंगा में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, तीन की मौत, दो को बचाया गया

**पटना।** मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कल्याणचक में मंगलवार को गंगा नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहांगंगा में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थानिय नाविकों ने दो लोगों बचा लिया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दिल्ली में काम करने वाले संजय यादव अपनी पत्नी रेणु देवी, दो बेटी और दो बेटे 20 वर्षीय सालू कुमारी, 18 वर्षीय मांडवी कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 12 वर्षीय अमन कुमार के साथ मुंगेर अपने घर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कल्याणचक 5 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शादी के संपन्न होने के बाद आज वे अपने घर में भाई फोटो यादव के परिवार के साथ मिल गोसाईं पूजन की तैयारी कर रहे थे। उसी क्रम में दोनों भाई के परिवार वाले बरदह गंगा घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। गंगा में स्नान के दौरान रेणु देवी अपने चारों बेटे-बेटियों के साथ स्नान करते-करते आगे निकल गए और सभी अचानक डूबने लगे। गंगा के तट पर खड़े नाविकों ने देखा कि कुछ लोग डूब रहे हैं तो नाव पर सवार होकर तुरंत उनके करीब आए और रेणु देवी और उनकी बेटी मांडवी कुमारी को बाहर निकाल कर जान बचाई।

# गौमुख ग्लेशियर बना पर्यटकों का पसंदीदा स्थल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तरकाशी जिले में स्थित गौमुख ट्रैक खुलने के बाद लगातार यहां पर्यटक पहुंच रहे हैं। अब तक एक हजार से अधिक ट्रैकर्स, पर्वतारोही ओर पर्यटक गंगोत्री ग्लेशियर का दर्शन कर चुके हैं।

पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्क प्रशासन उत्साहित नजर आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि भोजबासा में भी ट्रॉली का संचालन शुरू कर दिया है। गोमुख और तपोवन समुद्रतल से करीब चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट एक अप्रैल को खुल गए थे लेकिन उसके बाद गोमुख ट्रैक पर करीब आठ विशालकाय ग्लेशियर आने के बाद वहां पर आवाजाही शुरू नहीं हो पाई थी। इस पर ट्रैकिंग और पर्वतारोहण से जुड़े लोगों ने नाराजगी व्यक्त की थी। पार्क प्रशासन की ओर से मजदूरों के माध्यम से करीब 25 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक को आवाजाही के लिए सुचारू करवाया। वन विभाग की टीम ने इसका निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी थी। उसके बाद गंगोत्री नेशनल पार्क की ओर से 28 अप्रैल से गोमुख तपोवन ट्रैक पर आवाजाही शुरू कर दी थी। तब से लेकर 12 मई तक 15 दिनों के भीतर 1097 पर्यटक, पर्वतारोही और ट्रैकर्स गोमुख और तपोवन का दीदार कर चुके हैं। पर्यटक हिमखंडों के साथ दुलर्भ वन्य जीवों का अवलोकन भी कर रहे हैं। कनखू बैरियर चौकी इंचार्ज वन दरोगा राजवीर रावत ने बताया कि अब तक दो पर्वतारोहियों का दल गंगोत्री ग्लेशियर की केदारडोम और सतोपंथ चोटी के आरोहण के लिए गया है। ट्रैकर्स के जाने से पहले पॉलिथीन, सेटेलाइट फोन आदि की सघन जांच की जा रह है। उसके बाद ही पार्क के नियमानुसार उन्हें भेजा जा रहा है।

## पुलिस ने 28 किलो गांजे के साथ दो तस्कर किये गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला की नारकोटिक्स स्क्वाड यूनिट ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब 28 किलो गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शिवनाथ साहनी (25) और पंकज कुमार (48) के रूप में हुई है। दोनों जहांगीरपुरी के रहने वाले है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने मंगलवार को बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में नशे के कारोबार की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए जिले की नारकोटिक्स स्क्वाड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। खुफिया जानकारी के आधार पर एक टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने कई दिनों की निगरानी और तकनीकी जानकारी के आधार पर 11 मई को एक गुप्त सूचना के आधार पर जहांगीरपुरी से दो तस्करों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि वह हाल ही में नशे के धंधे में शामिल हुए थे और दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गांजा सप्लाई कर रहे थे।

# आप विधायक व नेता सीधे तौर पर अवैध शराब के व्यापार में शामिल: बादल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने मंगलवार को अमृतसर के मजीठा के पांच गांवों में अवैध जहरीली शराब के सेवन से हुई 14 लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर अवैध शराब के कारोबार में शामिल होने का आरोप लगाया है। श्री बादल ने कहा, अमृतसर के मजीठा के पांच गांवों में हुई दुखद अवैध शराब घटना में बहुमूल्य जीवन की हानि (अब तक 14 की रिपोर्ट) से गहरा दुख हुआ है। यह मानव निर्मित त्रासदी और राज्य प्रायोजित आपदा है। आम आदमी पार्टी की सरकार के हाथ खून से रंगे हैं, क्योंकि सत्ताधारी पार्टी के विधायक और नेता सीधे तौर पर इस अवैध व्यापार में शामिल हैं। श्री बादल ने कहा कि यह तीन वर्षों में पंजाब की चौथी अवैध शराब त्रासदी है, पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी ही त्रासदी हुई थीं। उन्होने भगवंत मान से सवाल किया कि अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्रियां फल-फूल रही हैं और निर्दोष लोगों की जान जा रही है। आपकी टास्क फोर्स कहां है। उन्होने कहा कि इससे आपके नारे 'युद्ध नाशियां विरुद्ध' का खोखलापन उजागर होता है। आपकी निष्क्रियता आपराधिक है। अगर आप इस खतरे को नहीं रोक सकते तो आपको पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। श्री बादल ने कहा, पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मैं अविलंब प्रत्येक परिवार के लिए पर्याप्त मुआवजे की मांग करता हूं। मैं अस्पताल में भर्ती सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करता हूँ। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें सर्वोत्तम उपचार मिले और उसका खर्च वहन करे।

# सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल में फ़िल्म चम्पारण सत्याग्रह का जलवा बरकरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**डायरेक्टर ऑफ द ईयर समेत छः कैटिगरी में मिला अवार्ड**


पूर्वी चंपारण। युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, डा. राजेश अस्थाना की बहुचर्चित फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार (वर्मा) के बाद विदेश की धरती पर सिंगापुर लायंस इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल 2025 में देश विदेश की 8,575 फिल्मों के बीच बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर (रियलिस्टिक फिल्म) समेत छः अवॉर्ड बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर (रियलिस्टिक फिल्म), बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एडिटर एवं बेस्ट सिनेमेटोग्राफर फिल्म चम्पारण सत्याग्रह ने अपने नाम किया है। इस संदर्भ में सर्टिफिकेट जारी होने पर आयोजन समिति के कोऑर्डिनेटर फ़िल्म फ़ेस्टिवल जंक्शन, इंडिया ने ईमेल पर सूचना देते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है,कि फ़िल्म फ़ेस्टिवल बिहार महोत्सव दिल्ली, गोवा इंटरनेशनल फ़िल्म कंप्टीशन गोवा, नेपाल विंग्स इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फ़ेस्टिवल का छठा आयोजन, स्वर्ण भारत इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल मुम्बई, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल मुम्बई, कन्याकुमारी इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड का छठा आयोजन, छठे क्राउन इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल बंगलादेश एवं म्यांमार (वर्मा) इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल में बिहार की फ़िल्म चम्पारण सत्याग्रह ने दर्जनों अवॉर्ड अपने नाम कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बिहार की फ़िल्म चम्पारण सत्याग्रह के इतने सारे अवार्ड जीतने के पश्चात फ़िल्म के अभिनेता व निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने बताया कि यह अवार्ड चम्पारण सत्याग्रह से जुड़े सभी स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवार के साथ साथ मेरी सम्पूर्ण टीम को समर्पित है। चम्पारण सत्याग्रह बिहार की पहली फिल्म बन गई है जिसे हर एक कैटिगरी में इतने सारे अवार्ड मिले हैं।

# बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई से ही बनेगा स्वस्थ भारत: अंजली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नवादा। बाल विकास परियोजना के सौजन्य से मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित सर्वोदय आश्रम शेखोदेवरा के सभागार में शिक्षा भी, पढ़ाई भी अभियान का प्रशिक्षण आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई। यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगी। प्रशिक्षण का उद्घाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ,निवेदिता कुमारी, शालिनी कुमारी ,आरती कुमारी ने दीप जलाकर किया। मौके पर विनय कुमार ,संजय कुमार, शशि रंजन आदि उपस्थित थे। जिन्होंने व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान किया । सेविकाओं को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों को खेल-खेल के साथ कुपोषण की खात्मे के साथ पढ़ाई करनी है ।जब पोषण भी तथा पढ़ाई भी साथ-साथ चलेगी। तभी स्वस्थ भारत की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि आज समाज में बच्चों में कुपोषण बढ़ गया है ।जो निश्चित तौर पर समाज का कोढ़ है। इसके खात्मे के लिए बाल विकास परियोजना की स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ बाल विकास परियोजना में कार्यरत कर्मियों तथा सेविकाओं द्वारा अपने निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम किया जाएगा। तभी स्वस्थ भारत की स्थापना संभव है ।महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ने सेविकाओं को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर तरीके से पोषण के साथ पढ़ाई भी करानी है ।ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा की जिम्मेदारी पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी सेवाओं को पोषण के साथ पढ़ाई की अवधारणा के संबंध में विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें ज्ञान से समृद्ध बनाया जाएगा।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063